

श्री महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन


केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com


# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

रिश्तों को तौलने का नहीं, सम्मान देने का प्रयास करें और मित्रों को परखने का नहीं, समझने का प्रयास करें दोनों हीं मजबूत रहेंगे।


वर्ष 13 अंक 281 | उज्जैन, रविवार 26 मार्च 2023 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए


## न्यूज ब्रीफ

### संपत्ति के लालच में बेटे ने कुदाल से काटकर कर दी पिता की निर्मम हत्या, ऐसे हुआ खुलासा

**अमेठी/जीएनएस।** उत्तर प्रदेश में अमेठी के गौरीगंज क्षेत्र में एक व्यक्ति ने संपत्ति के लालच में अपने पिता की धारदार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पिछली 22 मार्च को कटरा लालगंज में एक वृद्ध मथुरा प्रसाद (70) की हत्या कर दी गई थी। मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया था। इस मामले में शक के आधार पर पुलिस ने मृतक के पुत्र शिवप्रसाद को हिरासत में लेकर पूछताछ की। सख्ती करने पर शिवप्रसाद ने बताया कि वे दो भाई और तीन बहन हैं। एक बहन के पति की मृत्यु हो गई है जो पिता के साथ रहती थी। पिता मथुरा प्रसाद जो भी जमीन बेचते थे, उसका पैसा भाई जियालाल और बहन को दे देते थे। लगभग एक माह पहले घर को बेचने का सौदा भी पिता ने कर लिया था। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने रात में सोते समय पिता के सिर और चेहरे से कुदाल मार कर हत्या कर दी।

### न्यायिक हिरासत में बंद मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर पांच अप्रैल को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली/जीएनएस।** दिल्ली शराब नीति मामले में ईडी की न्यायिक हिरासत में दिल्ली के पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर होने वाली सुनवाई शनिवार को टाल दी गई है। उनकी जमानत याचिका पर अब अगली सुनवाई पांच अप्रैल को होगी। सिसोदिया के वकील ने कहा की उनको ईडी के जवाब की कॉपी अभी नहीं मिली है और उनको जवाब दाखिल करने के लिए अभी और समय चाहिए। वकील की इस दलील के बाद सुनवाई टाल दी।

### तेजस्वी यादव सीबीआई मीसा ईडी के सामने पेश, जमीन के बदले नौकरी मामले में पूछताछ

**पटना/जीएनएस।** आरजेडी नेता और बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव शनिवार को दिल्ली स्थित सीबीआई हैडक्वार्टर पहुंचे। काफी ना-नुकुर के बाद उनकी केंद्रीय जांच एजेंसी के सामने पेशी हुई। जमीन के बदले नौकरी मामले में आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती की पिछले दिनों दिल्ली की एक अदालत में पेशी हुई थी, जिसमें उन्हें जमानत मिल गई थी।

## केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह और मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आँचल कुंड धाम में पूजन किया

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज छिन्दवाड़ा प्रवास के दौरान तहसील हर्रई में श्री दादा धूनी वाले दरबार आँचल कुंड धाम में पूजा-अर्चना की। उन्होंने भुमकाओं और शिष्यों का सम्मान भी किया।**



मुख्यमंत्री चौहान ने भी आँचलकुण्ड धाम में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिये मंगल कामना की। माँ नर्मदा के अनन्य पुजारी परिक्रमावासी एवं नागा साधुओं के गुरू श्री गौरी शंकर महाराज के शिष्य श्री केशवानन्द महाराज, हरिहर भोले भगवान साईंखेड़ा धाम के शिष्य श्री कंगालदास महाराज एवं शिष्य श्री रतनदास जी महाराज के समाधि-स्थल पर चादर चढ़ाई। उन्होंने इस पावन स्थल पर ÷भज लो दादा जी का नाम, भज लो हरिहर जी का नाम÷ का भी कीर्तन किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंदिर परिसर में विगत तीन पीढ़ियों से प्रज्ज्वलित धूनी में हवन किया। उन्होंने श्री रतनदास महाराज के ज्येष्ठ सुपुत्र श्री सुखरामदास महाराज से भेंट की और आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री का श्री सुखरामदास महाराज ने पारंपरिक रूप से तैयार छींद का मुकुट पहना कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने श्री दादा धाम परिसर में उनके शिष्यों का शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और ग्रामवासियों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने कहा कि मंदिर के विकास कार्यों के लिए आवश्यकतानुसार सभी इंतज़ाम किए जाएंगे। ग्राम आँचल कुण्ड में सिंचाई व्यवस्था के लिये टीम गठित कर सर्वे कराया जाएगा। रिपोर्ट के अनुरूप बाँध बनाने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। उन्होंने कहा कि बिजली की समस्या के निराकरण के लिए भी कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान का ग्रामवासियों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में मृदंग, बाजा, ढोल और शहनाई बजा कर स्वागत किया गया। गृह मंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा, किसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल, सांसद श्री वी.डी. शर्मा सहित जन-प्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## इसरो का एलवीएम-3 रॉकेट ब्रिटिश कंपनी वनवेब के 36 उपग्रहों को करेगा लांच, उलटी गिनती शुरू

**चेन्नई/जीएनएस।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के एलवीएम-3 प्रक्षेपण यान से ब्रिटेन की कंपनी वनवेब के 36 उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित करने के लिए होने वाले प्रक्षेपण से पहले शनिवार को उल्टी गिनती शुरू हो गई। इसरो के सबसे भारी प्रक्षेपण यान एलवीएम-एम3 को श्रीहरिकोटा स्थित शार प्रक्षेपण केंद्र से प्रक्षेपित किया जाएगा। इसरो से जुड़े सूत्रों ने बताया कि ब्रिटिश कंपनी वन वेब के उपग्रहों को प्रक्षेपित किये जाने से साढ़े 24 घंटे पहले उल्टी गिनती शुरू कर दी गई है। कल सुबह शार प्रक्षेपण केंद्र के दूसरे नंबर के लांच पैड से इसे एलवीएम-एम3 को प्रक्षेपित किया जाएगा।



इसरो ने ट्वीट कर कहा एलवीएम -एम3 या वन वेब इंडिया-2 मिशन की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है।÷ कुल 643 टन वजनी और 43.5 मीटर लंबा यह प्रक्षेपण यान इसरो का सबसे भारी प्रक्षेपण यान है जो अब तक पांच सफल उड़ानें पूरी कर चुका है जिसमें चंद्रयान -2 मिशन भी शामिल है और अब वह कल सुबह नौ बजे दूसरे लांच पैड से ब्रिटिश कंपनी वन वेब के 36 उपग्रहों को लेकर एक बार फिर अंतरिक्ष की उड़ान की तैयारी में है। ये 36 उपग्रह 5805 टन वजनी हैं।

उल्टी गिनती के दौरान तीन स्तर वाले प्रक्षेपण यान, जिसके तीसरे स्तर पर क्रायोजेनिक सी -25 इंजन को लगाया गया है, में प्रणोदक भरने का काम किया जायेगा।

## कटरा-श्रीनगर मार्ग पर बना देश का पहला केबल रेल पुल, 100किमी की रफ्तार से दौड़ेगी ट्रेन

**अंजी ब्रिज-रियासी/जीएनएस।** भारतीय रेलवे जम्मू-कश्मीर के रियासी क्षेत्र में कटरा बारामूला को जोड़ने वाले रेल मार्ग पर देश के पहले केबल ब्रिज का निर्माण कर रहा है, जिस पर ट्रेन 100 किलोमीटर की रफ्तार से दौड़ सकेगी। उधमपुर-कटरा से बारामूला के रास्ते श्रीनगर को जोड़ने वाले रेल मार्ग पर केबल पर आधारित अंजी पुल की ऊंचाई 391 मीटर है। पुल के मध्य में एक टावर का निर्माण किया गया है जिसके मध्य के दोनों तरफ से 24-24 केबल लगे हुए हैं और दोनों तरफ लगे कुल 48 केबल के जरिए यह पुल आधे स्तम्भ से बंधा है। अंजी केबल रेल पुल निर्माण क्षेत्र के मुख्य इंजीनियर संदीप गुप्ता के अनुसार केबल आधारित यह पुल 473 मीटर लंबा है। इसके बीच में बना 193 मीटर ऊंचा टावर इस पर



लगी केबल का आधार है। यह स्तंभ नदी तल से 331 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। सिंगल लाइन की रेल पटरी के बगल में 3.75 मीटर चौड़ी सर्विस रोड बनाई गई है। गुप्ता का कहना था कि केबल से बंधे इस पुल के निर्माण का डिज़ाइन इस तरह से तैयार किया गया है कि यह ट्रेन के चलने से झूलेगा नहीं और पुल के ऊपर रेल तेज गति से दौड़ सकेगी।

## प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु में किया मेट्रो लाइन का उद्घाटन काउंटर से टिकट खरीदा, स्टाफ संग की सवारी

**बेंगलुरु/जीएनएस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बेंगलुरु मेट्रो की व्हाइटफील्ड-कृष्णराजपुरा लाइन का उद्घाटन किया और इसकी सवारी के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से बातचीत की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया, ÷प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेंगलुरु मेट्रो में हैं और विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से बातचीत कर रहे हैं।÷ व्हाइटफील्ड मेट्रो स्टेशन पहुंचने पर, नरेंद्र मोदी ने टिकट काउंटर से एक टिकट खरीदा और फिर इस अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी का जायजा लिया। प्रधानमंत्री ने तब व्हाइट फील्ड मेट्रो लाइन के उद्घाटन को चिह्नित



करने के लिए पट्टिका का अनावरण किया और मेट्रो में सवार होने के लिए मंच की ओर बढ़े।

अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने बेंगलुरु मेट्रो के कर्मचारियों से भी बातचीत की। इस दौरान पीएम मोदी के साथ कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत और कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई भी थे। प्रधानमंत्री का देश भर में विश्व स्तरीय शहरी गतिशीलता बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान रहा है। इसके अनुरूप, बैंगलोर मेट्रो फेज 2 के तहत व्हाइटफील्ड मेट्रो से कृष्णाराजपुरम मेट्रो लाइन ऑफ रीच-1 विस्तार परियोजना के 13.71 किलोमीटर लंबे हिस्से का उद्घाटन श्री मोदी ने व्हाइटफील्ड मेट्रो स्टेशन पर किया। लगभग 4,250 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित, इस मेट्रो लाइन के उद्घाटन से बेंगलुरु में यात्रियों को एक स्वच्छ, सुरक्षित, तेज और आरामदायक यात्रा सुविधा मिलेगी।

## पंचपुष्प शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन दुगुने हुए श्रोता

### उद्योग मंत्री दत्तिगांव भी पहुंचे कथा श्रवण करने





**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रसिद्ध कोटेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित श्री पंचपुष्प शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन शनिवार श्रोताओं की संख्या लगभग दोगुनी हो गई। इनमें 80 प्रतिशत से अधिक तादाद महिलाओं की थी। जिन्होंने भाव विभोर होकर रसमयी कथा का आनंद लिया।

पंडित मिश्रा ने वर्तमान हालातों में घर घर की कहानी की चर्चा की तो असंख्य महिलाएं सुबकने लगी और उनकी आंखों से अश्रु धारा बह निकली। आपने पंचपुष्प के अंतर्गत आज केतकी फूल की चर्चा की और बताया कि यह फूल महादेव को क्यों नहीं चढ़ाया जाता है, और चढ़ाने पर कितना बड़ा दोष लगता है। आपने कथा के दौरान कहा कि हम पर भक्ति का रंग तभी चढ़ता है जब मुक्ति की चाहत रहती है। यदि भक्ति पर विश्वास बढ़ता है तो यह माना जाना चाहिए कि हम पर परमात्मा की कृपा अवश्य है। आपने कहा कि श्रोता तपती धूप में यहां सुबह से आकर बैठते हैं तो कथा को अपने दिल में

बिठाना चाहिए तभी इसका पुण्य मिलेगा। कई बार अच्छा कार्य करते हुए भी हमारे मन में अहम का भाव पैदा हो जाता है। इसे दूर रखने के लिए सत्कर्म करना जरूरी है और जो करते हैं उसका अभिमान नहीं करना चाहिए। पंडित मिश्रा ने आगे कहा कि

फूलों के बारे में हमें जो अच्छा लगता है उसे तोड़ कर अपने पास रखते हैं और मृत्यु लोक में भगवान शिव को जो पुष्प अच्छा लगता है अपने पास रख लेते हैं। हम महादेव को एक लोटा जल चढ़ाने मंदिर जाते हैं पर यह समझना चाहिए कि महादेव बुलाते हैं तभी हम वहां जा पाते हैं। उनकी कृपा होना जरूरी है। आपने कहा कि अर्जुन से यह बात सीखना चाहिए कि हमें जीवन में कोई भी प्रबल निर्णय लेकर बाकी निर्णय भोलेनाथ पर छोड़ देना चाहिए। अर्जुन ने बड़ा निर्णय लेते हुए कहा था कि मुझे कृष्ण चाहिए। जब कृष्ण अर्जुन के हो गए तो फिर बाकी तमाम निर्णय कृष्ण ने लिए। आपने भगवान को अपना बना लिया तो फिर बाकी निर्णय उस पर छोड़ देना चाहिए। कभी माता-पिता, गुरु, संत सन्यासी का शीश नहीं उनके चरणों को देखा जाता है। जिसने इनके चरणों को पकड़ लिया समझो वह भवसागर पार हो गया। जो बड़ों की बात मान लेता है वह एक दिन बड़ा बन जाता है। इसी तारतम्य में आपने कहा कि आज घर में बहू को सास ससुर की बात बुरी लगती है और पड़ोसन की कही बात अच्छी लगती है। घर के बड़ों की बात मानने लग जाओगे तो छोटे नहीं रहोगे। दूसरों की बात मान लेते हैं पर अपनों की बात नहीं मानते। यह बड़ी विडंबना है। हम घर के बुजुर्गों से बात नहीं करते। पास बैठकर खाना नहीं खिलाते हैं। जबकि वृद्धाश्रम में जाकर बुजुर्गों से बात करते हैं। उन्हें खाना खिलाकर फोटो खिंचवाते हैं। जरूरी है कि वहां जाने से पहले घर के बुजुर्गों के पास बैठ जाना सीख जाओ। वे तुम्हारा इंतजार करते हैं कि मेरा बेटा 5 मिनट मेरे पास बैठकर दिल की बात करेगा। आज प्रत्येक घर के युवक, बहू बेटा घर के बुजुर्गों का आदर करना सीख जाए तो वृद्धाश्रम की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। साधु सन्यासी का चोला पहनकर ढोंग की जिंदगी जीने से अच्छा है कि ढंग की जिंदगी जीना सीख जाए तो किसी को भी शर्मिंदा नहीं होना पड़ेगा।

करीब 2 घंटे की कथा में आपने अपार हर्ष ध्वनि के बीच कहा कि तुमने जो प्रॉपर्टी बनाई है वह यहीं छूट जाएगी। साथ में केवल यही जाएगा कि किसे एक गिलास पानी पिलाया। किस जरूरतमंद की मदद की। सत्संग में शामिल हुए। आपने समझाइश दी कि अपने परिवार के साथ रहो और घर का भोजन व घर का दरवाजा कभी मत छोड़ना। परिवार में किससे कितना भी झगड़ा हो जाए, आधे घंटे बाद फिर अम्मा के पास पहुंच जाओ और चाय बनाकर पियो। हम घर क्यों छोड़े यह निर्णय लेना है।

आपने वाणी बोलते समय संयम बरतने की भी सलाह दी। कहा कि वाणी का घाव इतना विचित्र होता है कि वह जिंदगी भर नहीं भरता। मन दुखे ऐसी वाणी कभी नहीं बोलना चाहिए। जमीन पर दरार पड़ती है तो बारिश का पानी भर देता है और फटा हुआ कपड़ा भी सुई धागे से जुड़ जाता है किंतु वाणी का घाव कभी नहीं भरता।

आपने केतकी का फूल भूलकर भी महादेव पर नहीं चढ़ाने के पीछे छुपी कहानी का जिक्र किया तथा इसे विस्तार से समझाया। महादेव को केवड़ा व चंपा भी नहीं चढ़ाए जाने के बारे में बताया। इन्हें शिवजी ने श्राप दिया था। कहा कि संसार में झूठ बोलोगे तो चल जाएगा किंतु शिव मंदिर में जाकर कभी झूठ नहीं बोलना चाहिए। जिससे कि बुढ़ापा बिगड़ जाए। बोले कि दुनिया में छल कपट, अंधविश्वास और चमत्कार के चक्कर में कभी मत पड़ना किंतु महादेव के चक्कर में पड़ गए तो जीवन की नैया पार हो जाएगी।

कथा के बीच में कई मधुर लोकप्रिय भजन भी सुनाए गए। जिसे सुनकर श्रद्धालु थिरकने लगे। आयोजक परिजन भी जमकर थिरके।कथा के दूसरे दिन केबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, बड़नगर विधायक मुरली मोरवाल,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज सिंह गौतम, मनोज सोमानी, कमल सिंह पटेल, टिंकू बना, ईश्वर कटारा सहित अनेक पुजारी, प्रशासनिक अधिकारी, सेवादार उपस्थित थे।समापन पर आरती का लाभ उद्योग मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने भी लिया।




# कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रकट

**राजवाड़ा चौक से गांधी प्रतिमा स्थल तक निकाला पैदल मार्च फव्वारा चौक पर तानाशाह सरकार का किया पुतला दहन**





**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** केंद्र की मोदी सरकार द्वारा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा से सदस्यता समाप्त किए जाने पर जिले के सैकड़ों कांग्रेस जनों ने काली पट्टी बांधकर स्थानीय राजवाड़ा चौक पर नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन कर केंद्र की तानाशाह सरकार के खिलाफ विरोध प्रकट किया

तत्पश्चात समस्त कांग्रेस जनों ने राजवाड़ा चौक से पैदल मार्च नगर के प्रमुख मार्गो से लोकतंत्र पर तानाशाही नहीं चलेगी नहीं चलेगी संविधान के साथ खिलवाड़ बंद करो बंद करो के नारे लगाते हुए गांधी प्रतिमा स्थल तक पहुंचकर गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया फव्वारा चौक पर युवक कांग्रेस द्वारा केंद्र की तानाशाही सरकार का पुतला दहन किया गया

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया ने कहा कि राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द किया जाना लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ कर मोदी सरकार ने दुर्भावनापूर्ण रवैया अपनाया है जो लोक तंत्र व संविधान पर कुठाराघात है उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के सवालों से डरी हुई भाजपा राहुल गांधी को जो केंद्र सरकार को घेरने में लगे हुए थे उन्हें लोकसभा से दूर करने में लगी हुई है जब-जब कांग्रेस पार्टी को दबाने की कोशिश हुई है तब तक कांग्रेस पहले से ज्यादा ताकतवर बन कर वापस लौटी है कांग्रेस भाजपा की हर साजिश का जोरदार तरीके से मुकाबला करेगी और लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ होने वाले षड्यंत्र को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा

जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश राका ने कहा की राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से देश की जनता के मिले अपार समर्थन से भाजपा सरकार बौखला गई है भाजपा राहुल गांधी के सच बोलने से डरती है और जिन लोगों ने देश को लूटा है उनका बचाव कर रही है भाजपा को जिस से भी डर लगता है वह उसे रास्ते से हटाने की कोशिश पर लग जाती है राहुल गांधी के सवालों से डरी हुई भाजपा आज उन्हें लोकसभा से दूर करने में लगी हुई है कांग्रेस भारत जोड़ने में लगी है और भाजपा भारत तोड़ने में लगी है देश की जनता अब सब कुछ समझ चुकी है 2024 में इनका सुपड़ा साफ होना तय है

धरना प्रदर्शन आंदोलन में थांदला विधायक वीर सिंह भूरिया पेटलावद विधायक वाल सिंह मेडा पूर्व विधायक जेवियर मेडा संगठन मंत्री जसवंत भाबर कांग्रेस प्रवक्ता साबिर फिटवेल युवा कांग्रेस अध्यक्ष विजय भाबर रूप सिंह डामोर एनएसयूआई अध्यक्ष विनय भाभर ब्लॉक अध्यक्ष यामीन शेख गेंदाल डामोर कान गुन डिया कालू सिंह नलवाया पार सिंह डिंडोर आईदान पटेल ठाकुर रविंद्र सिंह जीवन सिंह ठाकुर मथियास भूरिया राजा पवार कमलेश भटेवरा विक्रम मेडा हेमेंद्र बबलू कटारा शंकर हटीला जितेंद्र शाह गोपाल शर्मा जितेंद्र सिंह राठौर दिलीप भूरिया किलु भूरिया दरियाव सिंगार कमल पटेल दीपू डोडियार राजेश डामोर कमल बामनिया आनंद वास्केल दिनेश मेडा वसीम सैयद करीम शेख गोलू कुरैशी गोपाल पडियार रतन परमार सोहन सिंह वेस्ता प्रकाश परमार विनोद बारिया रोशन बारिया राजा अंतोंन माना बारिया आदि सैकड़ों कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन में उपस्थित थे।

## ई-केवाईसी के लिए पैसा माँगने वालों के विरूद्ध होगी एफआईआर

**सलसलाई/दैनिक मालवा हेराल्ड/** शाजापुर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना-योजना-2023 का पात्र महिलाओं को लाभ प्रदान करने के लिए उनके समग्र डाटा की ई-केवायसी किये जाने का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। शासन द्वारा समग्र केवायसी कार्य एमपी ऑनलाइन कियोस्क, सीएससी केन्द्रों के माध्यम से निःशुल्क किये जाने के निर्देश है।

इस संबंध में कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि अपने क्षेत्रान्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों के समस्त कियोस्क संचालको, सीएससी केन्द्रों को इस संबंध में निर्देश जारी करें। साथ ही एमपी ऑनलाइन कियोस्क तथा सीएससी केन्द्रों द्वारा यदि लाड़ली बहना योजना अंतर्गत समग्र डाटा ई-केवायसी के कार्य के लिए राशि ली जाती है तो संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही एवं एफआईआर दर्ज करवाए।

## सार समाचार

### पांचवी और आठवीं बोर्ड परीक्षा हुई प्रारंभ शनिवार को पांचवी का हिंदी और आठवीं विज्ञान का पेपर हुआ संपन्न



**अकोदिया/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश भर में एक बार फिर पांचवी और आठवीं की बोर्ड परीक्षा प्रारंभ हुई जो 13 वर्ष बाद बोर्ड परीक्षा प्रारंभ हुई जहां शनिवार को कक्षा 5वी व 8वी वार्षिक परीक्षा प्रारंभ हो चुकी है उसी के अंतर्गत माध्यमिक विद्यालय पलसावद परीक्षा केंद्र का आकस्मिक अवलोकन जनशिक्षक विक्रम सिंह परमार द्वारा किया गया। परीक्षा केंद्र प्रभारी श्री मति स्नेहलता शैर्या व सहायक केंद्र अध्यक्ष दिनेश सिंह राजपूत जी द्वारा व्यवस्था ठीक से की गई। सभी छात्र व छात्राओ उपस्थित हुए।

अभिभाषक संघ अध्यक्ष पद के लिए 9 अभिभाषको ने प्रस्तुत किए अपने नामांकन

### नाम वापसी के बाद स्थिति होगी स्पष्ट



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अभिभाषक संघ अध्यक्ष पद निर्वाचन वर्ष 23-24 के लिए कुल 9 अभिभाषकों ने अपने नामांकन निर्वाचन अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए। निर्वाचन अधिकारिगण रणजीत राठौड़, शाहिद बेग व राधेश्याम यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि जिन अभिभाषकों ने अपने नामांकन प्रस्तुत किए हैं, उनमें वर्तमान अध्यक्ष कैलाश चंद्र वाघेला सहित, जयेश आचार्य, अंकित दवे, नासिर खान, नितेश मेलवाणी, अजय झाला, रफीक एहमद मंसूरी, उमेश उपाध्याय, शरीफुद्दीन कुरैशी है। नामांकन पत्रों की जांच 27 तारीख को सुबह 11 बजे होगी। जिसके बाद 28 तारीख दोपहर तीन बजे अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकेंगे। पश्चात प्रत्याशियो के नाम की अन्तिम सूचि जारी होगी। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार एक अप्रैल को मतदान व मतगणना होगी एवं उसी दिन शाम साढ़े पांच बजे निर्वाचन परीणाम की घोषणा होगी।

### मुख्यमंत्रीजी की लाडली बहना योजना महिलाओं के जीवन के लिए वरदान साबित होगी श्रीमती बंबोरिया

**लाडली बहना योजना के आवेदन लेने की प्रि या का शुभारंभ शनिवार को भाजपा पार्षद श्रीमती गोदावरी बंबोरिया द्वारा एसडीएम पुरुषोत्तम कुमारजी की उपस्थिति में धाकड़ धर्मशाला स्थित शिविर किया गया**

**खाचरोद/दैनिक मालवा हैराल्ड/मुरलीदास बैरागी।** उज्जैन के खाचरौद नगरीय क्षेत्र में लाडली बहना योजना के आवेदन लेने की प्रक्रिया का शुभारंभ शनिवार को भाजपा पार्षद श्रीमती गोदावरी बंबोरिया द्वारा एसडीएम पुरुषोत्तम कुमारजी की उपस्थिति में धाकड़ धर्मशाला स्थित शिविर में कीया इस अवसर पर पार्षद श्रीमती बंबोरिया ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा की मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंहजी द्वारा महिलाओ को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिये अब तक की सबसे बड़ी लाडली बहना योजना बनाई और आज से पुरे प्रदेश भर में लागू की जा रही है यह योजना महिलाओं के आत्मनिर्भर और स्वालंबन जीवन के लिए के लिए के लिए एक तरह से वरदान साबित होगी इस शिविर में सर्वप्रथम आने वाली लाडली बहनों का एसडीएम और भाजपा पार्षद द्वारा पुष्पहारो से स्वागत कीया इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यसमिति के सदस्य राधेश्याम बंबोरिया नपा सीएमओ घनश्याम मचार,जिला महिला मोर्चा की महामंत्री श्रीमती मनीषा शर्मा किसान मोर्चा के नगर अध्यक्ष राहुल बंबोरिया भाजपा के युवा नेता सुनील वाक्तरिया सिद्धू पहलवान,गणपत ठन्ना,विपुल अटोलिया सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती किरण भाटी,वर्षा यादव,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पूनम करोतिया,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अर्चना निगम,नपा कर्मचारी हेमंत सोलंकी,मुकेश सोलंकी,संदीप सेन, जयराज खरे,राहुल चौहान,मोहनलाल सरा नितिन राठौड़ विकास जोशी आदि उपस्थित रहे।

### ग्राम मंडावल में आयोजित मेले में बरसेगा काव्यरस

**अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन में देश के ख्यातिप्राप्त कवि करेंगे काव्यपाठ**






**खाचरोद/दैनिक मालवा हैराल्ड/मुरलीदास बैरागी।** ग्राम पंचायत मंडावल के सरपंच प्रतिनिधि कुंवर जितेंद्रसिंह डोडिया ने बताया कि ग्राम मंडावल में चल रहे 10 दिवसीय मेले में विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन किए जा रहे हैं । जिसमें से एक मुख्य रूप से 27 मार्च सोमवार को कवि सम्मेलन आयोजित किया गया है जिसमें देश के सुविख्यात कवि डॉ.जानी बैरागी धार,मुन्ना बैटरी मंदसौर,देवेंद्र वैष्णव राजस्थान, कमलेश दवे सहज इंदौर निशा पंडित उज्जैन काव्यपाठ करेंगें कार्यक्रम के सूत्रधार शहर नागदा के कवि देव सिंह गुर्जर होंगे मेला कमेटी ने लोगो को अधिक से अधिक संख्या में आकर कवि सम्मेलन का आनंद लेने का अनुरोध किया है आयोजन को सफल बनाने की अपील जनपद सदस्य बालूसिंह डोडिया सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्रसिंह डोडिया मेला कमेटी के अध्यक्ष डॉ अरुण पंड्या,पंचायत सचिव विक्रमसिंह,उपसरपंच रजाक मंसूरी, कवि सम्मेलन समिति अध्यक्ष मदनलाल डागी, मेला कमेटी उपाध्यक्ष धारासिंह डोडिया कमेटी कोषाध्यक्ष नरेंद्रसिंह डोडिया सहित मेला समिति के पदाधिकारी एवं ग्राम मंडावल के ग्रामवासियों ने की है।

## भाजपा नेताओं को सद्बुद्धि हेतु कांग्रेस का अनुरोध



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।**ब्लॉक सेवादल संगठन द्वारा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता आदरणीय राहुल गांधी जी की सदस्यता समाप्त करने के विरोध में विधायक मुरली मोरवाल के आव्हान पर स्थानीय गांधी चौक पर महात्मा गांधी की तस्वीर को ज्ञापन सौंप कर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को सद्बुद्धि देने का अनुरोध किया इस अवसर पर ब्लॉक सेवादल अध्यक्ष अनिल शर्मा द्वारा कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को समाप्त करने वाले भाजपा नेताओं पर जम बरसे। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रविण बिलाला, सेवादल के जिला महामंत्री भरत चौधरी, विधानसभा सेवादल प्रभारी गोपाल चौधरी, अल्पसंख्यक के अध्यक्ष युनुस पटेल, अखलाक शेख, मनीष कटारिया, आलाबाबु कछावा, कार्यक्रम का संचालन प्रमोद गादीया द्वारा किया गया उक्त जानकारी ऋषि मोरवाल द्वारा दी गई।

## खाद्यान्न वितरण कर शुभारंभ किया गया





**झाबुआ (थांदला) माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 25/03/2023 को शासकीय उचित मूल्य की दुकान खजूरी मे पूर्व 'विधायक रतन सिह भाबर' द्वारा बनाए गए ,शासकीय सचिवालय भवन खजूरी में खाद्यान्न वितरण कर शुभारंभ किया गया ग्रामीण जनों की मूलभूत सुविधाओं हेतु सतत् जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोनल जसवंत सिंह भाबर, जिला संगठन मंत्री 'जसवंत सिंह भाबर' 'जनपद सदस्य मुकेश भाबर' सरपंच रुसमाल मईडा को ग्रामीण जनों द्वारा बताया गया था कि हमें खाद्यान्न लेने हेतु कई वर्षो से बीड महुड़ीपाडा और खजुरी से पैदल थांदला आना जाना और थांदला से अनाज उठाकर के लाना ऐसी कई समस्याओं से गुजरना पड़ता था सभी के अथक प्रयासों से आज ग्राम पंचायत खजूरी में शासकीय उचित मूल्य की दुकान का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर उपस्थित उपसरपंच अनु भूरिया, ग्राम पंचायत अध्यक्ष राहुल चारेल, तड़वी सावन सिंह भाबर, करण भाबर, पंच कमलेश भाबर, दिनेश बारिया ,कालिया मेडा ,अजय भाबर, राकेश चारेल दीपक खराड़ी ,विकास खराड़ी, दीतमल बारिया,सचिन खराड़ी और ग्रामीणोंजनों का कहना है कि जिस ्कार्य हेतु हमने अपना वोट दिया था एक-एक करके वह कार्य पंचायत में पूर्ण होते जा रहे हैं और इस कार्य हेतु पूरे ग्रामीण जनों में खुशी की लहर छा गई है।

### बाल श्रम उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 24 से 26 मार्च तक श्रम विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे बाल श्रम उन्मूलन अभियान कार्यक्रम में जन साहस टीम द्वारा भागीदारी की गई। कार्यक्रम जनपद पंचायत नगर पालिका कार्यालय बस स्टेंड पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर श्रम विभाग से आदित्य जी , सुमित जी । जन साहस से विनीता वर्मा , गोकुल चंगेसिया आदि उपस्थित थे।

## साहित्यकार डॉक्टर अर्चना राठौर का अनोखा सम्मान



**झाबुआ/माणक लाल जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** साहित्य सागर संस्था द्वारा देहदान सागर कृति के विमोचन अवसर पर विशेष अतिथि और समीक्षक डॉ अर्चना राठौर को साहित्य सागर संस्था इंदौर द्वारा सम्मानित किया गया। इस सम्मान की विशेषता यह थी कि संस्था के अध्यक्ष रमेश प्रसाद शर्मा द्वारा साहित्यकार को सरस्वती स्वरूप मानकर सर्वप्रथम जल से पैरों को धोकर पुष्प अर्पित किए तत्पश्चात संस्था के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा पगड़ी पहनाकर शॉल, मणिमाला, दुपट्टा, प्रमाण पत्र और भेंट स्वरूप दो पुस्तकें देकर सम्मानित किया गया। साहित्यकार डॉ अर्चना राठौर ने पुस्तक की समीक्षा करते हुए अपने विचार रखे।उन्होंने बताया कि देहदान सागर कृति विश्व की उन कृतियों में से एक है जिसमें रचनाएं गद्य और पद्य दोनों विधाओं में समाहित हैं और जो एक प्रथक विषय देहदान से संबंधित है।जिसमें 61 अनोखी रचनाओं का अत्यंत ही सुंदर संपादन डॉ रमेश प्रसाद शर्मा द्वारा किया गया है। इस अवसर पर सम्पूर्ण मप्र के विद्वान और वरिष्ठ साहित्यकार उपस्थित थे।

**13 साल बाद फिर हुई पांचवी आठवीं बोर्ड परीक्षा**

## पांचवी क्लास का पहला पेपर हिंदी का आठवीं क्लास का पेपर विज्ञान का छात्र-छात्राओं ने किया हल





**सलसलाई / किशोर नाथ राजगुरु /दैनिक मालवा हेराल्ड।** पूरे प्रदेश में 13 साल बाद एक बार फिर पांचवी क्लास और आठवीं क्लास की परीक्षा बोर्ड परीक्षा के रूप में प्रारंभ हुई कक्षा 5 वि हिंदी विशिष्ट और कक्षा 8 वि विज्ञान की बोर्ड पैटर्न परीक्षा समय प्रातः 9:00 पर परीक्षा केंद्र शहीद मनोज सोनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलसलाई में आयोजित की गई। कक्षा 5 वि में 210 परिक्षर्थियों में से 200 तथा कक्षा 8 वि में 201 में से 182 परीक्षार्थी सम्मलित हुये।

परीक्षा केंद्र अध्यक्ष श्री कैलाश चंद्र कटारा तथा सहायक केंद्र अध्यक्ष श्री भागवत सिंह मेवाड़ा जनशिक्षक अनिल कुमार परमार व श्री राजेंद्र गोयल तथा अर्जुन सिंह पंवार लेखपाल व 22 पर्यवेक्षक की उपस्थिति में परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लखन सिंह मंडलोई के द्वारा क्षेत्र के स्कूलों का निरीक्षण किया गया वह इस दौरान उन्होंने बताया कि पांचवी और आठवीं मैं इस बार छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा दे रहे हैं जो 13 वर्ष बाद बोर्ड पैटर्न पर प्रारंभ हुई है वहीं उन्होंने निरीक्षण के दौरान जिन परीक्षा केंद्र पर अव्यवस्था देखी उन परीक्षा केंद्र अध्यक्ष को व्यवस्था सुधारने के हिदायत दी गई।

## यमुना सौभाग्य उत्सव संपन्न



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पुष्टिय मार्गीय वल्लभ संप्रदाय के पुज्यश्री हरिरायजी महोदय श्री कामवन बड़ोदरा की आज्ञा से पूज्य श्री सुरुचि बहुजी के सानिध्य में नगर पे पहली बार यमुना सौभाग्य महोत्सव का आयोजन का प्रारंभ दोपहर 4बजे कृष्णदास गुप्ता के निज निवास धानमंडी से शोभायात्रा निकली आगे बैंड भक्ति भाव पूर्ण भजनों के साथ प्रस्तुति पर वल्लभिय वैष्णवी केसरिया परिधान में भक्ति नृत्य करती रही बग्गी में श्रीकृष्ण की पटरानी यमुनाजी का श्री विग्रह भक्तो को दर्शन दे रहा था ।यात्रा मार्ग पर पुष्प ,शीतल पदार्थों से वैशणवो का स्वागत वैष्ण द्वारा हुआ डाबरी चौक , सुभाष पथ,साराफोचोक होते हुए मदन मोहन जी की हवेली पर शोभा यात्रा पूर्ण हुई । सुरुचि बहुजी के श्रीहस्त से यमुनाजी के सानिध्य में सौभाग्यवती महिलाओं को पुष्ट हुई प्रसादी कुम कुम ,चूड़ी दान किया ।सभी महिलाओं ने यमुनाजी से भक्ति की कामना करी नीलम नीमा । इस उत्सव की शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से श्री वैष्णव मोहन गुप्ता राहुल गुप्ता रामनिवास नवहाल निलेशनीमा , विजय नीमा ,प्रतीक नीमा ,उपस्थिति थे। उत्सव के मुख्य मनोरथी का लाभ वैष्णवी पुखराज गुप्ता ,शालिनी गुप्ता ने लिया।

## खाचरोद स्थित मां चामुंडा माता मंदिर पर चैत्र नवरात्र के चलते कई मन्नत धारी अपनी मन्नत उतार रहे

**चैत्र नवरात्र पर न. पा. द्वारा आयोजित मेले मै हो रहे अनेक आयोजन अध्यक्ष भरावा**





**खाचरोद/दैनिक मालवा हैराल्ड/ मुरलीदास बैरागी।**खाचरोद नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा ने बताया की आदिशक्ति के पर्व चैत्र नवरात्र के अवसर पर खाचरोद स्थित मां चामुंडा माता मंदिर पर चैत्र नवरात्र के चलते कई मन्नत धारी अपनी मन्नत उतार रहे वही कई श्रद्धालू माता के आगे झोली फैलाकर मन्नत मांग रहे है सुबह से ही श्रद्धालु की भीड़ उमड़ रही है वही आयोजित मेले में प्रतिदिन अनेक आयोजन हो रहै है 24 मार्च को खाटू श्याम का दरबार सजाया वही राजस्थान की सुप्रसिद्ध गायिका अलका शर्मा द्वारा बाबा श्याम की भजन संध्या ने भक्तो का मन मोह लिया श्याम प्रेमियों से पांडाल भक्तिमय रंग मै हो गया कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष संतोष बरखेड़ावला,अनिल भरावा पार्षद प्रतिनिधि जितेन्द्र पांचाल,संजय नंदेड़ा व आई टी सेल अध्यक्ष नमित वनवट एव बि. एल.पाटीदार द्वारा मातारानी के चित्र माल्यार्पण कर बाबा खाटू श्याम की जोत प्रारम्भ की !वही 25 मार्च को बॉलीवुड बॉलीवुड नाईट इंडियन ग्रुप मुंबई के कलाकार मोंटी मीरचंदानी व प्रिया शर्मा द्वारा भव्य डांस की प्रस्तुति दी जाएगी एवं 26 मार्च को रंगीलो राजस्थान शीतल प्रीति ग्रुप जयपुर के अंतराष्ट्रीय ग्रुप कलाकार द्वारा भवई घूमर,कालबेलिया नृत्य की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी वही अध्यक्ष भरावा द्वारा बताया गया की नगर की जनता मातारानी के दर्शन के साथ साथ मेले मै झूले चकरी मोत का कुँवा एवं होने वाले आयोजन का लुफ्त उठाये इस अवसर पर उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना,बाबू नागर, राजेन्द्र धाकड़, राहुल मेहता मनीष गुप्ता सहित कार्यकर्त्ता उपस्थित।

# निरीक्षक अमित सोनी से चमक रही कोतवाली, 200 व 300 ग्राम म्याऊ-म्याऊ के बाद गुजरात में खपने वाली 430 पेटी शराब पकड़ी

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कोतवाली में पदस्थ हुए निरीक्षक अमित सोनी की पारी दो वर्ष की होने जा रही है। इस दौरान अमित सोनी ने न केवल कोतवाली को चमका दी है वरन् यह भी कहा जाने लगा है कि अब तो कोतवाली भी उनसे चमकने लगी है। शुक्रवार-शनिवार को जिस तरह से कोतवाली निरीक्षक अमित सोनी व उनकी टीम ने 200 ग्राम एमडीएमए जिसे म्याऊ-म्याऊ भी कहा जाता है, बरामद की। ठीक इसके बाद 300 ग्राम एमडीएमए पकड़ी। ये दो बड़ी कार्रवाई हो ही रही थी कि गुजरात में खपने वाली अवैध अंग्रेजी शराब से भरा ट्रक पकड़ लिया। इसमें 430 पेटी शराब थी, जिसकी कीमत 37 लाख आंकी गई है। इस तरह अन्य निरीक्षकों को भी कोतवाली निरीक्षक अमित सोनी से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है।





### पंजाब से शराब लाकर गुजरात में डिलेवर करने जा रहा था चालक

शहर कोतवाली टीआई अमित सोनी ने बताया कि पुलिस को अवैध शराब तस्करी की सूचना मिली थी कि एक ट्रक से बड़ी मात्रा में अवैध शराब को पंजाब से लाकर गुजरात ले जाया जा रहा है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के महू-नीमच फोरलेन हाईवे पर 10 नंबर नाका पर नाकाबंदी करते हुए मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए वाले ट्रक क्रमांक आरजे 53 जीए 09928 को रोककर चालक मोहनलाल पिता सुखराम बिश्नोई निवासी जालौर राजस्थान को हिरासत में लिया। पुलिस द्वारा ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें रखी 430 पेटियों में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार बरामद की गई शराब की कीमत 37 लाख 42 हजार रुपए है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अवैध शराब को पंजाब से लेकर आया था और गुजरात में इसकी डिलीवरी करनी थी इससे पहले ही वह कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस शराब देने वाले और लेने वाले शख्स की तलाश कर रही है।

### कोतवाली पुलिस ने 300 ग्राम मादक पदार्थ किया जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

मंदसौर की शहर कोतवाली पुलिस ने 300 ग्राम मादक पदार्थ के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 25 मार्च को मुखबीर से मिली सूचना पर गोपाल कृष्ण गौशाला के पास नाकाबंदी की गई। यहां मुखबीर के बताए हुलिए के दो व्यक्ति बाईक से आते हुए मिले। मोटर सायकल को घेराबंदी कर रोका। बाद में एनडीपीएस एक्ट के समस्त प्रावधानों का पालन करते हुए दोनों संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की। जिसमें उन्होंने अपना नाम गौरव पिता मोहनलाल पिपलोदिया उम्र 23 साल निवासी धोबी चौक प्रतापगढ़ व दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम शरीफ पिता शेरीन खान उम्र 20 साल निवासी वाटर वर्क्स रोड मेघदूत नगर प्रतापगढ़ राजस्थान बताया। तलाशी में 300 ग्राम अवैध मादक पाउडर मिला।

### तीन युवकों से मिली 200 ग्राम एमडीएमए ड्रग, 3 दिन के रिमांड पर आरोपी

शहर कोतवाली पुलिस ने दो बाइक पर सवार तीन युवकों से 20 ग्राम सिंथेटिक ड्रग एमडीएमए बरामद किया है। टीआई अमित सोनी ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि तीन व्यक्ति 2 अलग-अलग बाइक पर अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए पाउडर लेकर किसी बाहरी तस्कर को देने जा रहे है। इस पर फोरलेन हाईवे 10 नम्बर नाका पर नाकाबन्दी करते हुए बाइक क्रमांक एमपी 14 एनएफ9255 और एक स्कूटी को रोककर तीन युवकों को हिरासत में लिया। तीनों युवकों की तलाशी लेने के दौरान सोहराब खां पिता अजीम खां (20) निवासी धुंधड़का के कब्जे से 80 ग्राम, परवेज पिता अजीम खां (18) निवासी धुंधड़का के कंजे से 80 ग्राम और शमशेर पिता अनवर खां (19) धुंधड़का के कब्जे से 40 ग्राम एमडीएमए सिंथेटिक ड्रग बरामद किया है। तीनों आरोपियों से कुल 200 ग्राम एमडीएम ड्रग बरामद की है जिसकी कीमत 20 लाख रुपए बताई गई है।

### पुलिस रिमांड पर आरोपी, दाऊदखेड़ी के सफ्दर से लाए थे ड्रग

तीनों आरोपी को 28 मार्च तक पुलिस रिमांड पर सौंपा है। पुलिस पूछताछ में आरोपीयो ने बताया कि वे उक्त मादक पदार्थ दाऊदखेड़ी निवासी सफ्दर खां से 200 ग्राम एमडीएमए ड्रग 1700 रूपए प्रतिग्राम की दर से लेकर आए थे। जिसे मल्हारगढ़ के पास ढाबे पर 2 हजार रूपए प्रति 10 ग्राम की दर से बैचकर मुनाफा कमाना चाहते थे। अब पुलिस को सफ्दर की तलाश है।

## थाना प्रभारी समरथ सीनम को हटाने दिया ज्ञापन, अफ्जलपुर गांव बंद का था आह्वान



### शराब माफियाओं को संरक्षण देने व संत रविदास मोहल्ले में अवैध शराब की बिक्री रोकने की मांग

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** थाना प्रभारी के खिलाफभ्रष्टाचार की जांच करने आदि को लेकर थाना क्षेत्र के लोगों द्वारा रविदास चबूतरे पर धरना देकर शांतिपूर्वक थाने परिसर में कलेक्टर महोदय के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार राहुल डाबर जी को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन का वाचन लोकेश जी सुनार्थी गुर्जर बढ़िया ने किया तथा ज्ञापन में पूर्व जनपद अध्यक्ष शांतिलाल जी मालवीय पूर्व मंडी उपाध्यक्ष उमराव सिंह जी गुर्जर पूर्व जनपद सदस्य गोपाल गोस्वामी जी पूर्व जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ मंदसौर संयोजक के डॉ.लाल बहादुर गुड्डू भैया पूर्व जनपद सदस्य मुकेश जी पाटीदार पूर्व नगर अध्यक्ष श्याम डांगी अफ्जलपुर पूर्व पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष प्रेमचंद धनगर अफ्जलपुर राजा बाबू अफ्जलपुर रितिक सोलंकी रठाना अमर दास जी बैरागी लसुड़ी लोकेश जी सुनार थी गुर्जरबढ़िया राधेश्याम जी चंद्रवंशी लोध रायसेन जी चंद्रवंशी लोध कन्हैयालाल जी चंद्रवंशी लोध महेश जी परिहार अफ्जलपुर हेमंत जी बैरागी पूर्व धुंधडका मंडल आईटी सेल अध्यक्ष संजय जी पालीवाल अफ्जलपुर पूर्व नगर अध्यक्ष अमित सेन अफ्जलपुर पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन सिंह गुर्जर अफ्जलपुर तथा बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं सामान्य लोग मौजूद रहे।

# दो ट्रकों में ठूंसे 60 गौवंश छुड़ाए, चार आरोपी गिरफ्तार, 60-60 लीटर शराब भी मिली

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मंदसौर पुलिस थाना दलौदा द्वारा अंतर्राज्यीय अवैध गौवंश तस्करी के मामले में संगठित गिरोह का किया पर्दाफाश करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि इनके तीन साथी फरार हैं जिनकी तलाश की जा रही है। आरोपियों के कब्जे वाले दो ट्रक से 30 गोवंश और 120 लीटर अवैध शराब बरामद की है। आरोपी पुलिस से बचने के लिए अंग्रेजी में पॉवर ऑफअटॉर्नी बनाकर गोवंश की तस्करी कर रहे थे।



एसडीओपी नरेंद्रसिंह सोलंकी ने बताया कि दलौदा पुलिस को मुखबिर से गोवंश तस्करी की सूचना मिली थी। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने महू नीमच हाईवे पर नाकाबंदी करते हुए ट्रक क्रमांक आरजे 51 जीए 1503 को रोककर तलाशी लेने के दौरान ट्रक में ठूंस-ठूंस कर भरे 10 गाय 3 बछिया और 1 मृत गोवंश बरामद किया। इसके साथ ही 60 लीटर अवैध शराब बरामद की है। मौके से ट्रक में सवार दो व्यक्ति दिनेश पिता शिवराज वैष्णव (23) निवासी हिथालिया तहसील पिनाई जिला अजमेर राजस्थान और घनश्याम पिता सांवरमल (23) निवासी दातडा थाना शंभुकट तहसील उल्डा जिला भीलवाडा राजस्थान का होना बताया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे गोवंश को सलीम पिता अल्ताफ पिता फकीर मोहम्मद निवासी जालिया पोस्ट मसुदा विजय नगर जिला अजमेर व इमरान उर्फ लोंदा पिता अब्दुल सलाम खान निवासी सजनाबाद गुलाबपुरा भीलवाड़ा से गोवंश को भरकर लाए थे और अर्जुन पिता काका साहीब सिरसत निवासी पिपरी राजा औरंगाबाद महाराष्ट्र को डिलेवरी देना थी। अवैध शराब को थाना क्षेत्र के मोरखेड़ा से खरीदी थी।

इसी प्रकार दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने ट्रक क्रमांक आरजे 06 जीबी 8813से 11 गोवंश 5 कड़े और 1 मृत पशु और 60 लीटर अवैध शराब और बरामद की है। मामले में पुलिस ने सूरज करण गुर्जर पिता सोनाथ गुर्जर (21) निवासी कानिया तहसील उल्डा थाना गुलाबपुरा जिला भीलवाडा राजस्थान और सुभान पिता ईस्माईल शाह फकीर (29) निवासी दातडा तहसील उल्डा जिला भीलवाडा राजस्थान का होना बताया। दोनों ने सलीम पिता अल्ताफ पिता फकीर मोहम्मद निवासी जालिया पोस्ट मसुदा विजय नगर जिला अजमेर व इमरान उर्फ लोंदा पिता अब्दुल सलाम खान निवासी सजनाबाद गुलाबपुरा भीलवाडा द्वारा पशुओ को भरकर देना व उक्त गोवंश को अर्जुन पिता काका साहीब सिरसत निवासी पिपरी राजा औरंगा बाद महाराष्ट्र को देने जाना बताया। मामले में पुलिस ने चारों आरोपीयो के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम और अवैध शराब तस्करी के आरोप में प्रकरण दर्ज किया है। वही फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# युवा कांग्रेस ने फूंका पुतला, कांग्रेसजनों ने प्रदर्शन कर जताया रोष





**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कांग्रेस पार्टी के लिडर राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता को समाप्त करने के फैसले के खिलाफ शनिवार को युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन करते हुये गांधी चौराहे पर नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन कर रोष प्रकट किया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन जैन ने कहा कि आज देश को अघोषित आपातकाल के साये में धकेल दिया गया है। विपक्ष की प्रमुख आवाज राहुल की सदस्यता को समाप्त करने हेतु भाजपा एवं प्रधानमंत्री मोदी ने षडयंत्र रचा है। प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष सोमिल नाहटा ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार राहुल के आरोपो का जवाब नही दे पा रही है। कांग्रेस नेतृत्व ने राजनीति के मूल्य नहीं गिरने दिये और कभी भी बदले की कार्यवाही नहीं की। भाजपा ने राहुल की सदस्यता को षडयंत्र कर समाप्त करवाया है। इस अवसर पर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश पटेल, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजेश रघुवंशी, पूर्व प्रदेश कांग्रेस महामंत्री महेन्द्रसिंह गुर्जर, वरिष्ठ नेता कांतिलाल राठौर, जिला पंचायत सदस्य दीपकसिंह चौहान उपस्थित थे। इसके अलावा ग्राम बड़वन, मल्हारगढ़, सीतामऊ, सुवासरा आदि जगहों पर कांग्रेसजनों ने प्रदर्शन किया।बता दें कि पुतला दहन को रोकने के लिए गांधी चौराहा पर शहर कोतवाली टीआई अमित सोनी और यशोधर्मन नगर टीआई जितेंद्र पाठक पुलिस टीम के साथ मौके पर तैनात रहे। नगर पालिका ने भी मौके पर दो फायर फाइटर तैनात की थी। इसी दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता काफी देर नारेबाजी करते रहे। इसके बाद कार्यकर्ता एक पुतला लेकर दहन करने पहुंचे। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के झूमाझटकी होती रही। उधर, कांग्रेस कार्यालय के नीचे कार्यकर्ताओं ने दूसरा पुतला फूंक दिया। हालांकि पानी की तेज बौछारों के बीच पुतला पूरा दहन नहीं हो पाया।

## मंदसौर जिला माहेश्वरी समाज के कार्यकारिणी की घोषणा



**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मन्दसौर जिला माहेश्वरी समाज के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष पंकज डागा एवं सचिव मनीष सोमानी ने जिला माहेश्वरी समाज की कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिस अनुसार संरक्षक सत्यनारायण रामकुंवर सोमानी, प्रहलाद काबरा, राधेश्याम केला (चंदवासा), उपाध्यक्ष रमेशचन्द्र डागरा (गर्रावद), महेन्द्र दुरग, गोविन्द राठी (दलौदा), कोषाध्यक्ष महेश जगदीशचन्द्र सोमानी (बोतलगंज), सहसचिव महेश केसरीमल सोमानी, गिरीश राठी पिपलिया, महेश भंडारी (कोटड़ा बुजुर्ग), संगठन मंत्री सुनील छापरवाल, प्रचार मंत्री विजय गगरानी (दलौदा), जिला कार्यसमिति सदस्य महेश बंकट सोमानी, के.के. बाहेती, मांगीलाल कालानी (गुर्जरबर्डिया), मुरली चिचानी (बड़वन) मनोनीत किया गया है। साथ ही अ.भा. महासभा प्रतिनिधि ओमप्रकाश पलोड़ (दलौदा), प्रदेश प्रतिनिधि बाबूलाल डागा, हरिवल्लभ मालू, रमेश सोडानी, गोपाल पसारी, राजेश सोमानी (दलौदा), राकेश कुमार बाहेती (पिपलिया) पूर्व में चुने गये है।

## नाम परिवर्तन

मैं श्रीचंद्र तिवारी निवासी 52/1, बृजधाम कॉलोनी शिवाजी पार्क उज्जैन सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पुत्र का पूर्व में नाम आरुश था, जो कि वर्तमान में परिवर्तित होकर आरुश तिवारी हो गया है। अतः आज से उसे सभी स्थानों पर आरुश तिवारी के नाम से लिखा-पढ़ा जाना जावे।

# अब तक जो किया सो किया, अब नई शुरुआत करेंगे अल्पविराम कार्यशाला आयोजित

**आगर मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अब तक जो किया सो किया, अब नई शुरुआत करेंगे, ये अनुभव उन प्रतिभागी आनंदकों का था जो राज्य आनन्द संस्थान, आनंद विभाग की विकास खण्ड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला में जिला पंचायत में उपस्थित हुए। साथ ही सार्थक जीवन वही जो मानवीय मूल्यों के साथ व्यतीत करने किया जाए, जो बोल नहीं सकते ऐसे प्राणियों की सेवा उपचार, प्रकृति का सानिध्य ही आनंद। इस प्रकार के अनुभव आनंदकों ने कार्यशाला में सुनाए जब उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स मनीष परमार, कैलाश भावसार और ईश्वर शर्मा के द्वारा आनंद की ओर , जीवन का लेखा जोखा, रिश्ते आदि बिंदुओं पर प्रश्नों के शांत समय में स्वयं से मुलाकात के दौरान उत्तर स्वयं ही तलाशे। फ्रीडम ग्लास में स्वयं के अंदर की बुराइयों को देखने और मन के दर्पण को निर्मल, स्वच्छ करने की सुदिशा मिली।

कार्यशाला का शुभारंभ आनंद विभाग जिला सचिव ओपी विजयवर्गीय और आदिम जाति कल्याण के कृष्णपाल सिंह राठौर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर श्री विजयवर्गीय ने अपने उद्बोधन में कहा कि अल्पविराम के माध्यम से तनाव प्रबंधन करके अपने निजी और व्यावसायिक जीवन में आनंद के साथ कार्य कर स्वयं और अपने संपर्क में आये लोगों को आनंदित कर सकते हैं , ये आज की कार्यशाला में सभी प्रतिभागी लेकर जायेंगे।संस्थान द्वारा विशेष अभियान अंतर्गत आयोजित 5 कार्यशालाओं का आज समापन था। जिसमें बीएमओ डॉ. राजीव बरसेना ने आनंदकों का उत्साहवर्धन किया और आनंद विभाग द्वारा आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रमकी सराहना की।

जिला कलेक्टर कैलाश वानखेड़े के निर्देशन, एडीएम और जिला आनंद विभाग नोडल रवि कुमार सिंह के मार्गदर्शन और जिला सचिव ओपी विजयवर्गीय के समन्वय में जिले मे 5 कार्यशालाएँ आयोजित की गई । जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री डी एस रणदा, जिला शिक्षा अधिकारी अभिलाष चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी समंदर सिंह मालवीय, जन अभियान परिषद के प्रेम सिंह चौहान, महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से विभागों के कर्मचारी सम्मिलित हुए। स्टेनो सूरज यादव, ओपरेटर रामपाल सिंह और सेवक कमल जुगल किशोर का विशेष सहयोग रहा। सभी के प्रति जिला आनंदम् द्वारा कृतज्ञता ज्ञापित की गई।

## सोयत कला में निःशुल्क सर्वरोग चिकित्सा शिविर

**सोयत कला / विष्णु जाटव/दैनिक मालवा हेराल्ड।** लक्ष्य सेवा न्यास मध्य प्रदेश द्वारा पूर्व विधायक संतोष जोशी के संयोजन में सोयत कला में दिनांक 26 मार्च 2023 रविवार कि सुबह 11:00 से 4:00 तक कालिदास विद्या निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल अंधेरिया बाग में निशुल्क सर्व रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन रखा गया है । सोयत क्षेत्र के आसपास के सभी गांव के लिए आयोजित इस निशुल्क चिकित्सा शिविर में फ्री इलाज तथा फ्री दवाइयां , चयनित रोगियों की चिकित्सा तथा उनकी आंखों के ऑपरेशन आदि करवाए जाएंगे । महिला रोग , पेट रोग , हड्डी रोग , मस्तिष्क रोग , नाक कान गला रोग , बच्चेदानी गठान एवं नसों के ऑपरेशन के अलावा समस्त रोगों का इलाज शिविर में योग्य अनुभवी चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा । शिविर में निशुल्क जांच के साथ चयनित रोगियों को आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज उज्जैन ले जाया जाएगा जहां पर संबंधित ओं की निशुल्क चिकित्सा की जाएगी रोगियों को लाने ले जाने की व्यवस्था निशुल्क रहेगी साथ ही उनके साथ जा रहे एक सहयोगी के भोजन की व्यवस्था भी निशुल्क रहेगी । शिविर में आयुष्मान कार्ड या आधार कार्ड समग्र आईडी के साथ उपस्थित रहे ।

## आलोट नगर से यात्रियों का जत्था रामेश्वर के लिए रवाना किया गया



**आलोट/राकेश चोहान/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत आज आलोट नगर से यात्रियों का जत्था रामेश्वर के लिए रवाना किया गया जिसमें नगर परिषद आलोट द्वारा पार्षद ज्योति कुंवर अजातशत्रु सिंह परिहार वार्ड नंबर 5 ने सभी को माला पहनाकर सम्मानित किया और रामेश्वर यात्रा के लिए मंगल कामना की इस अवसर पर वार्ड पार्षद अमित चौधरी अशोक खींची सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। यात्रा में जाने वाले अन्नपूर्णा जी काला गोपाल जी काला रामपाल यादव आलोक जी आचार्य भगवान जी राठौड़ बगदीराम जी राठौड़ सहित सभी लोगों मे यात्रा नाम आने से सभी को खुशी जाहिर करते हुए रामेश्वरम के चरणों में आलोट नगर की मंगल कामनाओं की आस को लेकर यात्रा में रवाना हुए।

## एनएसएस शिविरार्थियों ने सड़क के दुर्घटना संभावित पॉइंट पर संकेतक बनाये



**आगर मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय नेहरु स्नातकोत्तर महाविद्यालय आगर मालवा की एनएसएस इकाई का विशेष शिविर गोदग्राम परसुखेड़ी में आयोजित है, शिविर के दूसरे दिन शिविरार्थियों ने आगर-सारंगपुर मुख्य सड़क से गांव को जोड़ने वाली सड़क पर दुर्घटना संभावित पॉइंट पर गति अवरोधक व संकेतक बना कर सड़क पर सुरक्षित चलने का संदेश दिया। शिविर के दूसरे दिन शिविरार्थियों ने प्रातःकाल गांव में %उठ जाग मुसाफिर% भजन के साथ प्रभात फेरी निकाली। योगासन ध्यान सत्र के पश्चात श्रमदान सत्र में शिविर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय के गणित विभाग के विद्वान मुस्ताक खान ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। संस्था प्राचार्य डॉ रेखा गुप्ता भी उपस्थित हुई व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मानव जीवन के लक्ष्यों के बारे में बताया। इस बीच ग्राम पंचायत के निरीक्षण के दौरान तहसीलदार श्री अनिल कुशवाहा जी भी शिविर में शामिल होकर विद्यार्थियों के साथ अपने विद्यार्थी जीवन के एनएसएस के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ संतोष एस्के के नेतृत्व में आयोजित शिविर में शिविरार्थियों को समय सारणी अनुसार अनुशासित दिनचर्या के साथ विभिन्न गतिविधियां सम्पन्न की जा रही है जो शिविरार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होगी।

## सांसद सुधीर गुप्ता संसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित, गुप्ता ने कहा-जनता को समर्पित अवार्ड



**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सांसद सुधीर गुप्ता को संसद रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पांचवां मौका है जब सांसद सुधीर गुप्ता को अपनी कार्यशैली, सक्रियता व क्षेत्र के विकास के लिए संसद रत्न अवार्ड से दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। प्राइम पाइंट फाउंडेशन ने 13 सांसदों को संसद रत्न पुरस्कार 2023 के लिए चुना। इसमें सांसद सुधीर गुप्ता भी शामिल है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा राज्यपाल माननीय बंडारू दत्तात्रेय, संसदीय कार्य और सांस्कृतिक राज्य मंत्री भारत सरकार अर्जुन राम मेघवाल एवं माननीय अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग हंसराज जी अहीर की अध्यक्षता में पुरस्कार समारोह संपन्न हुआ। सांसद सुधीर गुप्ता को 17 वीं लोकसभा की शुरुआत से शीतकालीन सत्र 2022 के अंत तक प्रश्नों, निजी सदस्यों के बिलों और सदस्यों की बहस में संचयी प्रदर्शन के आधार पर इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संसद रत्न मिलने पर सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि यह सम्मान पूरी संसदीय क्षेत्र की जनता का सम्मान है जिन्होंने उन्हे संसद में भेजा और जनता के हित के लिए संसद में मुद्दों को उठाया। मैं क्षेत्र की जनता और क्षेत्र के विकास के लिए सदैव कार्य करता रहूंगा।

## नगर परिषद् की बैठक सम्पन्न, विरोध के चलते नहीं बढ़ाया गया कोई भी कर

**मंदसौर/पिपलियामंडी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर परिषद् की बैठक शुक्रवार को नप अध्यक्ष इंदिरा सुनील देवरिया की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में जल, सम्पत्ति, समेकित व स्वच्छता कर को लेकर प्रस्ताव एजेंडे में शामिल किया था, लेकिन कांग्रेस पार्षदों सहित भाजपा पार्षद भी इसके पक्ष में नही थे, इसलिए करों की वृद्धि नही की गई। नगर परिषद् से जारी सूचना के अनुसार बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 आय-व्यय का बजट पर सर्वानुमति से स्वीकृति प्रदान की। साथ नप में कार्यरत प्रभा श्रीवास्तव के प्रकरण में न्यायालयीन कार्रवाई तक प्रकरण स्थगित किया।

# सम्पादकीय

## नेता संभलकर बोलना सीखें

नेता संभलकर बोलना सीखें तो भारतीय राजनीति का ही होगा हित,कांग्रेस कुछ भी मान कर चल रही हो उसके लिए यह माहौल बनाना आसान नहीं होगा कि राहुल गांधी भ्रष्टाचार के खिलाफ बोल रहे थे इसलिए सरकार ने छल-बल से उनकी लोकसभा सदस्यता खत्म करा दी क्योंकि सच तो यही है कि उन्हें अदालत ने मानहानि का दोषी पाया है।

आखिरकार मानहानि के मामले में दंडित राहुल गांधी की सदस्यता चली गई, क्योंकि कानून यही कहता है कि दो वर्ष या उससे अधिक की सजा पाते ही किसी विधायक-सांसद की सदस्यता स्वतः समाप्त हो जाएगी। इसी के साथ कांग्रेस यह संदेश देने में जुट गई है कि राहुल गांधी को भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलने की कीमत चुकानी पड़ी। यह संदेश कितनी दूर तक जाएगा और जनता इसे किस रूप में लेगी, इसी पर निर्भर करेगा कि राहुल गांधी को जनता की सहानुभूति मिल पाती है या नहीं?

कांग्रेस कुछ भी मान कर चल रही हो, उसके लिए यह माहौल बनाना आसान नहीं होगा कि राहुल गांधी भ्रष्टाचार के खिलाफ बोल रहे थे, इसलिए सरकार ने छल-बल से उनकी लोकसभा सदस्यता खत्म करा दी, क्योंकि सच तो यही है कि उन्हें अदालत ने मानहानि का दोषी पाया है और उनकी सदस्यता उसी तरह गई, जैसे दर्जनों अन्य विधायकों और सांसदों की गई हैं। इनमें लालू यादव से लेकर आजम खान तक हैं।

चूंकि विभिन्न मामलों में दोषी पाए जिन विधायकों और सांसदों की सदस्यता गई है, उनमें सभी दलों और यहां तक कि भाजपा के नेता भी शामिल हैं, इसलिए कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की ओर से यह प्रचारित करना आसान नहीं होगा कि केवल विपक्ष के जनप्रतिनिधियों को ही निशाना बनाया जा रहा है। यह थोथा प्रचार इसलिए और भी मुश्किल होगा, क्योंकि जनता इससे भली तरह अवगत है कि राहुल गांधी की सदस्यता इसलिए गई, क्योंकि वह मानहानि के मामले में दोषी पाए गए हैं।

राहुल गांधी मानहानि के दोषी इसीलिए पाए गए, क्योंकि उन्होंने अपने इस कथन के लिए क्षमा मांगने से मना कर दिया कि सारे मोदी चोर क्यों होते हैं? यह ईर्ष्या और द्वेष से भरी एक अपमानजनक टिप्पणी थी। इसके लिए खेद प्रकट करने के स्थान पर राहुल कभी यह कहते हैं कि सत्य मेरा भगवान है और कभी यह कि मैं भारत की आवाज के लिए लड़ रहा हूं। इस बयानबाजी का उस विषय से कोई लेना-देना नहीं, जिसके लिए उन्हें दंडित किया गया और जिसके कारण उनकी सदस्यता गई।

उन्हें जिस मामले में कानूनी लड़ाई लड़नी चाहिए, उस पर राजनीतिक लड़ाई लड़ने की अपनी सीमाएं हैं, क्योंकि एक तो जनता सब जानती है और दूसरे भाजपा यह बताने में कोई कसर नहीं छोड़ने वाली कि राहुल ने एक जाति विशेष के लोगों पर अभद्र टिप्पणी करके उनका अपमान किया था और उन्हें सजा अदालत ने सुनाई है। राहुल का अतीत भी इसकी गवाही देता है कि वह किसी के खिलाफ कुछ भी बोल देते हैं। कहना कठिन है कि उन्हें उच्चतर न्यायपालिका से राहत मिलेगी या नहीं और कांग्रेस उनकी सदस्यता खोने को राजनीतिक रूप से भुना पाएगी या नहीं, लेकिन यदि नेतागण संभलकर बोलना सीख लें, तो इससे उनका और भारतीय राजनीति का हित ही होगा।

## विशुद्धि चक्र की जागृति का अवसर प्रदान करती है पंचम नवरात्रि

### ( मां स्कंदमाता के रूप में होती है देवी की आराधना )



मां दुर्गा का पंचम रूप स्कंदमाता के रूप में जाना जाता है। भगवान स्कंद कुमार [कार्तिकेय] की माता होने के कारण दुर्गा जी के इस पांचवें स्वरूप को स्कंद माता नाम प्राप्त हुआ है। भगवान स्कंद जी बालरूप में माता की गोद में बैठे होते हैं। मां का वर्ण पूर्णतः शुभ्र है और कमल के पुष्प पर विराजित रहती हैं। इसी से इन्हें पद्मासना की देवी और विद्यावाहिनी दुर्गा देवी भी कहा जाता है। इस दिन साधक का मन विशुद्धि चक्र में अवस्थित होता है।

पाँचवाँ चक्र विशुद्धि चक्र के नाम से जाना जाता है। मनुष्य की गर्दन में इसकी रचना है, इसमें सोलह पंखुड़ियाँ होती है जो कान, नाक, गला जिव्हा तथा दाँतो आदि की देखभाल करती है। दूसरों से सम्पर्क स्थापित करने का दायित्व भी इसी चक्र का है क्योंकि अपनी आँखें, नाक, कान, वाणी तथा हाथों के द्वारा हम दूसरों से सम्पर्क करते हैं। शारीरिक स्तर पर यह चक्र ग्रीवा केन्द्र के लिये कार्य करता है। ( सहजयोग-पुस्तक )

इस चक्र पर श्री कृष्ण की शक्ति स्थित होती है। श्रीकृष्ण की शक्ति के दो अंग हैं, एक विशुद्धि के दायें और बायें और एक बीचों बीच में इसमें जो शक्ति बीच में है वह विराट की ओर ले जाती है।

विशुद्धि चक्र के बायें में श्री विष्णुमाया की शक्ति स्थित है। ये शक्ति बहन की है, श्रीकृष्ण की जो बहन मरते समय आकाश में उड़ गयी और जिसने आकाशवाणी की वही ये विष्णुमाया शक्ति हैं। मनुष्य में पाप पुण्य का विचार इसी विशुद्धि चक्र से आता है।

दायीं ओर की विशुद्धि श्रीकृष्ण और श्री राधा की शक्ति से बनी है। इस शक्ति के विरोध में जब मनुष्य जाता है तब कहता है मैं ही सब कुछ हूं । अब जिनकी आदत बहुत ज्यादा चिल्लाने की चीखने की और अपने शब्दों से दूसरों को दुःख देने की आदत होती है, उसकी दायीं विशुद्धि खराब हो जाती है और उससे अनेक रोग उसे हो जाते हैं। स्पान्डिलायटिस हो सकता है. दुनिया भर की दूसरी बीमारी हो सकती है जैसे लकवा और दिल का दौरा, हाथ उसका जकड़ जाता है। इससे जुकाम- सर्दी होती है, इतना ही नहीं जिसे हम कहते हैं अस्थमा, उसका प्रादुर्भाव हो सकता है।मध्य विशुद्धि चक्र के बीचों बीच जो शक्ति है वह विराट की शक्ति है। इस शक्ति से मनुष्य परमेश्वर की खोज में रहता है। जो बीच में विराट स्वरूप श्रीकृष्ण हैं उनके लिये सारी सृष्टि एक लीला है, और जो सहजयोग में पार हो जाते हैं, आत्मसाक्षात्कारी हो जाते हैं तब उनके लिये भी सारी सृष्टि जो दिखायी देती है, उसकी ओर वे साक्षी के स्वरूप से देखते हैं। पहले जो उनको हरेक चीज़ से लगाव था, वो छूट करके वो देखता है, अरे! यह सब तो एक नाटक था।

**सिगरेट या बीड़ी पीना, सुरति (तम्बाकू) खाना श्रीकृष्ण शक्ति के विरोध में है।**

अतः इस नवरात्रि विशुद्धि चक्र के संतुलन को स्थापित करने के लिए कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने हेतु www.sahajayoga.org.in और टोल फ्री नम्बर 18002700800 पर सम्पर्क करें।

# कल है षष्ठी नवरात्रि, जानिए कैसा है कात्यायनी माता का स्वरूप और पूजन विधि

कल है नवरात्रि का छठवां दिन। देवी कात्यायनी की पूजा इस दिन की जाएगी। देवी कात्यायनी को प्रसन्न करने के लिए साधक को शहद का भोग लगाना चाहिए। देवी की आराधना कुंडलिनी जाग्रत करने के लिए जरूरी साधना है।

**कल है छठी नवरात्रि, जानिए कैसा है कात्यायनी माता का स्वरूप और पूजन विधि**

आदिशक्ति मां भवानी का छठवां रूप कात्यायनी का है। महर्षि कात्यायन की तपस्या से प्रसन्न होकर आदिशक्ति ने उनके यहां पुत्री के रूप में जन्म लिया था। इसलिए वे कात्यायनी कहलाती हैं। श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केंद्र के आचार्य पंडित सतीश नागर के अनुसार नवरात्रि के षष्ठम दिन मां कात?यायनी की पूजा और आराधना होती है। इनकी आराधना से भक्त का हर काम सरल एवं सुगम होता है। चन्द्रहास नामक तलवार के प्रभाव से जिनका हाथ चमक रहा है, श्रेष्ठ सिंह जिनका वाहन है, ऐसी असुर संहारकारिणी देवी कात्यायनी सभी का कल्याण करती हैं।

**साधक का मन रहता है आज्ञा चक्र में स्थित**

कात्यायनी माता महर्षि कात्यायन की कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर उनकी इच्छानुसार उनके यहां पुत्री के रूप में पैदा हुई थीं। महर्षि कात्यायन ने इनका पालन-पोषण किया तथा महर्षि कात्यायन की पुत्री और उन्हीं के द्वारा सर्वप्रथम पूजे जाने के कारण देवी दुर्गा को कात्यायनी कहा गया। देवी कात्यायनी अमोद्य फलदायिनी हैं इनकी पूजा अर्चना द्वारा सभी संकटों का नाश होता है, मां कात्यायनी दानवों तथा पापियों का नाश करने वाली हैं। देवी कात्यायनी जी के पूजन से भक्त के भीतर अद्भुत शक्ति का संचार होता है। इस दिन साधक का मन 'आज्ञा चक्र' में स्थित रहता है। योग साधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। साधक का मन आज्ञा चक्र में स्थित होने पर उसे सहजभाव से मां कात्यायनी के दर्शन प्राप्त होते हैं। साधक इस लोक में रहते हुए अलौकिक तेज से युक्त रहता है।

### लगाएं शहद का भोग

छठी तिथि के दिन देवी के पूजन में मधु का महत्व बताया गया है। इस दिन प्रसाद में मधु यानि शहद का प्रयोग करना चाहिए। इसके प्रभाव से साधक सुंदर रूप प्राप्त करता है।

### माता का स्वरूप

मां कात्यायनी का स्वरूप अत्यन्त दिव्य और स्वर्ण के समान चमकीला है। यह अपनी प्रिय सवारी सिंह पर विराजमान रहती हैं। इनकी चार भुजायें भक्तों को वरदान देती हैं, इनका एक हाथ अभय मुद्रा में है, तो दूसरा हाथ वरदमुद्रा में है। अन्य हाथों में तलवार तथा कमल का फूल है। दिव्य रुपा कात्यायनी देवी का शरीर सोने के समाना चमकीला है।

### पूजा विधि

जो साधक कुण्डलिनी जाग्रत करने की इच्छा से देवी अराधना में समर्पित हैं उन्हें दुर्गा पूजा के छठे दिन मां कात्यायनी की सभी प्रकार से विधिवत पूजा अर्चना करनी चाहिए। मन को आज्ञा चक्र में स्थापित करने हेतु मां का आशीर्वाद लेना चाहिए और साधना में बैठना चाहिए। मां कात्यायनी की भक्ति से मनुष्य को अर्थ, कर्म, काम, मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। दुर्गा पूजा के छठे दिन भी सर्वप्रथम कलश और उसमें उपस्थित देवी देवता की पूजा करें फिर माता के परिवार में शामिल देवी देवता की पूजा करें जो देवी की प्रतिमा के दोनों तरफ विरजामन हैं। इनकी पूजा के पश्चात देवी कात्यायनी की पूजा कि जाती है। पूजा की विधि शुरू करने पर हाथों में फूल लेकर देवी को प्रणाम कर देवी के मंत्र का ध्यान किया जाता है।

### देवी कात्यायनी के मंत्र

**चन्द्रहासोज्जवलकरा शाईलवरवाहना।**
**कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी।।**

**या देवी सर्वभूतेषु माँ कात्यायनी रूपेण संस्थिता।**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।**

### माता कात्यायनी का ध्यान

**वन्दे वांछित मनोरथार्थ चन्द्रार्धकृत शेखराम्।**

**सिंहरूढ़ा चतुर्भुजा कात्यायनी यशस्वनीम्॥**
**स्वर्णाआज्ञा चक्र स्थितां षष्टम दुर्गा त्रिनेत्राम्।**
**वराभीत करां षगपदधरां कात्यायनसुतां भजामि॥**
**पटाम्बर परिधानां स्मेरमुखी नानालंकार भूषिताम्।**
**मंजीर, हार, केयूर, किंकिणि रत्नकुण्डल मण्डिताम्॥**
**प्रसन्नवदना पञ्वाधरां कांतकपोला तुंग कुचाम्।**
**कमनीयां लावण्यां त्रिवलीविभूषित निम्न नाभिम॥**

### माता कात्यायनी स्तोत्र पाठ

**कंचनाभा वराभयं पद्मधरा मुकटोज्जवलां।**
**स्मेरमुखीं शिवपत्नी कात्यायनेसुते नमोअस्तुते॥**
**पटाम्बर परिधानां नानालंकार भूषितां।**
**सिंहस्थितां पदमहस्तां कात्यायनसुते नमोअस्तुते॥**
**परमांवदमयी देवि परब्रह्म परमात्मा।**
**परमशक्ति, परमभक्ति,कात्यायनसुते नमोअस्तुते॥**

### देवी कात्यायनी कवच

**कात्यायनी मुखं पातु कां स्वाहास्वरूपिणी।**
**ललाटे विजया पातु मालिनी नित्य सुन्दरी॥**
**कल्याणी हृदयं पातु जया भगमालिनी॥**

**चैत्र नवरात्रि के छठे दिन करें मां कात्यायनी की पूजा, विधि, मंत्र, स्तोत्र, आरती एवं भोग**

**मां कात्यायनी देवी मां दुर्गा की छठी विभूति हैं।**

शास्त्रों के अनुसार जो भक्त दुर्गा मां की छठी विभूति कात्यायनी की आराधना करते हैं मां की कृपा उन पर सदैव बनी रहती है। कात्यायनी माता का व्रत और उनकी पूजा करने से कुंवारी कन्याओं के विवाह में आने वाली बाधा दूर होती है, साथ ही वैवाहिक जीवन में भी खुशियां प्राप्त होती हैं।

मां कात्यायनी की साधना का समय गोधूली काल है। इस समय में धूप, दीप, गुग्गुल से मां की पूजा करने से सभी प्रकार की बाधाएं दूर होती हैं। जो भक्त माता को 5 तरह की मिठाइयों का भोग लगाकर कुंवारी कन्याओं में प्रसाद बांटते हैं माता उनकी आय में आने वाली बाधा को दूर करती हैं और व्यक्ति अपनी मेहनत और योग्यता के अनुसार धन अर्जित करने में सफल होता है।

माता कात्यायनी का चित्र या यंत्र सामने रखकर रक्तपुष्प से पूजन करें। यदि चित्र में यंत्र उपलब्ध न हो तो देवी माता दुर्गाजी का चित्र रखकर निम्न मंत्र की 51 माला नित्य जपें, मनोवांछित प्राप्ति होगी। साथ ही ऐश्वर्य प्राप्ति होगी।

### कैसे करें पूजन

- गोधूली वेला के समय पीले अथवा लाल वस्त्र धारण करके इनकी पूजा करनी चाहिए।
- इनको पीले फूल और पीला नैवेद्य अर्पित करें।
- मां के समक्ष दीपक जलाएं।
- इसके बाद 3 गांठ हल्दी की भी चढ़ाएं।
- हल्दी की गांठों को अपने पास सुरक्षित रख लें।
- मां कात्यायनी को शहद अर्पित करें।
- अगर ये शहद चांदी के या मिट्टी के पात्र में अर्पित किया जाए तो ज्यादा उत्तम होगा। इससे प्रभाव बढ़ेगा तथा आकर्षण क्षमता में वृद्धि होगी।
- मां को सुगंधित पुष्प अर्पित करने से शीघ्र विवाह के योग बनेंगे साथ ही प्रेम संबंधी बाधाएं भी दूर होंगी।
- इसके बाद मां के समक्ष उनके मंत्रों का जाप करें।

### मां कात्यायनी का मंत्र

**- ॐह्रीं नमः ॐ**
**चन्द्रहासोज्जवलकराशाईलवरवाहना।**
**कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी।।**
**मंत्र- ॐ देवी कात्यायन्यै नमः॥**

### मंत्र इस प्रकार है –

**ॐ कात्यायनी महामाये, महायोगिन्यधीश्वरी।**
**नन्दगोपसुतं देवी, पति मे कुरु ते नमः।**

### आरती –

**जय जय अंबे जय कात्यायनी**
**जय जय अंबे जय कात्यायनी।**
**जय जगमाता जग की महारानी ।।**
**बैजनाथ स्थान तुम्हारा।**
**वहां वरदाती नाम पुकारा ।।**
**कई नाम हैं कई धाम हैं।**
**यह स्थान भी तो सुखधाम है।।**
**हर मंदिर में जोत तुम्हारी।**
**कहीं योगेश्वरी महिमा न्यारी।।**
**हर जगह उत्सव होते रहते।**
**हर मंदिर में भक्त हैं कहते।।**
**कात्यायनी रक्षक काया की।**
**ग्रंथि काटे मोह माया की ।।**
**झूठे मोह से छुड़ानेवाली।**
**अपना नाम जपानेवाली।।**
**बृहस्पतिवार को पूजा करियो।**
**ध्यान कात्यायनी का धरियो।।**
**हर संकट को दूर करेगी।**
**भंडारे भरपूर करेगी ।।**
**जो भी मां को भक्त पुकारे।**
**कात्यायनी सब कष्ट निवारे।।**

धर्म



पं. सतीश नागर
श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र
मो. 9753585323

### देवी का भोग-

कात्यायनी की साधना एवं भक्ति करने वालों को मां की प्रसन्नता के लिए शहद युक्त पान अर्पित करना चाहिए। या फिर शहद का अलग से भोग भी लगा सकते हैं।

**रविवार, 26 मार्च 2023 : नौकरी, स्थायी संपत्ति के लिए लाभदायी रहेगा दिन, पढ़ें अपना दैनिक राशिफल**

**रविवार, 26 मार्च 2023, क्या कहती है आपकी राशि। रविवार का दैनिक राशिफल। जानिए आज किन राशियों के लिए अच्छा रहने वाला है दिन। आज किसके घर आएगी खुशखबरी, किन राशियों को मिलेगा प्रेमी का साथ। जानिए आज के भविष्यफल में 12 राशियों के बारे में विशेष जानकारी-**

### मेष राशि

आज का भविष्य – व्यवसाय-व्यापार मनोनुकूल चलेगा। आय बनी रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा, सावधानी रखें। बुरी खबर मिल सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। मेहनत अधिक होगी। लाभ में कमी रह सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**उपाय–आज गरीबों को भोजन कराएं।**
**शुभ अंक–4**
**शुभ रंग–पीला**

### वृषभ राशि

आज का भविष्य – सामाजिक कार्य करने का मन लगेगा। मान-सम्मान मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। शत्रु तथा ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधानी आवश्यक है। समय की अनुकूलता है।

**उपाय–आज पीपल वृक्ष के नीचे सरसो के तेल का दीया जलाएँ**
**शुभ अंक–3**
**शुभ रंग–सफेद**

### मिथुन राशि

आज का भविष्य – पुरानी संगी-साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। आत्मसम्मान बना रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। जल्दबाजी न करें।

**उपाय–जातक मां दुर्गा की आराधना तन मन धन से करें।**
**शुभ अंक–2**
**शुभ रंग–पीला**

### कर्क राशि

आज का भविष्य – बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। उत्साह रहेगा।

**उपाय–जातक आज हनुमान जी की आराधना व चालीसा करें और उन्हें सिंदूर चढ़ाएँ।**
**शुभ अंक–8**
**शुभ रंग–हरा**

### सिंह राशि

आज का भविष्य – दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। फालतू खर्च पर नियंत्रण नहीं रहेगा। हल्की मजाक करने से बचें। अपेक्षित काम में विलंब होगा। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम से काम रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। विवेक का प्रयोग करें। आय में वृद्धि होगी।

**उपाय–आज जातक धतूरे की जड़ धारण करें। इससे समृद्धि बढ़ेगी।**
**शुभ अंक–3**
**शुभ रंग–लाल**

### कन्या राशि

आज का भविष्य – यात्रा लाभदायक रहेगी। संतान पक्ष से बुरी खबर मिल सकती है। डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रशंसा मिलेगी। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। नए उपक्रम प्रारंभ करने संबंधी योजना बनेगी।

**उपाय–जातक घर में कीर्तन या जगराता हो सकते हैं।**
**शुभ अंक–3**
**शुभ रंग–नीला**

### तुला राशि

आज का भविष्य – सामाजिक कार्य करने में मन लगेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**उपाय–जातक आज काली उड़द दान में दें।**
**शुभ अंक–3**
**शुभ रंग–हरा**

### वृश्चिक राशि

आज का भविष्य – चोट व रोग से कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। परिवार तथा मित्रों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**उपाय–जातक आज दाल को दान में दें।**
**शुभ अंक–3**
**शुभ रंग–बैंगनी**

### धनु राशि

आज का भविष्य – चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। दौड़धूप रहेगी। नकारात्मकता हावी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**उपाय–जातक आज बगीचे अथवा मंदिर परिसर में अनार का पेड़ लगाएं।**
**शुभ अंक–7**
**शुभ रंग–पीला**

### मकर राशि

आज का भविष्य- यात्रा लाभदायक रहेगी। राजकीय सहयोग मिलेगा। सरकारी कामों में सहूलियत होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर में सुख-शांति रहेंगे। कारोबारी अनुबंध हो सकते हैं। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों से सहयोग मिलेगा। झंझटों में न पड़ें।

**उपाय–जातक प्रकृति की पूजा करें। कन्या को वस्त्र दान करें।**
**शुभ अंक–4**
**शुभ रंग–लाल**

### कुंभ राशि

आज का भविष्य – ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। विवेक से कार्य करें।

**उपाय–आज जातक माँ दुर्गा का आशीर्वाद लें, धन में वृद्धि होगी.**
**शुभ अंक–3**
**शुभ रंग–नीला**

### मीन राशि

आज का भविष्य – पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। आनंद के साथ समय व्यतीत होगा। मनपसंद व्यंजनों का लाभ मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। किसी व्यक्ति से बहस हो सकती है। आशंका-कुशंका से बाधा होगी।

**उपाय–आज केसर का तिलक लगाएँ।**
**शुभ अंक–2**
**शुभ रंग–केसरिया**

**सदैव प्रसन्न रहिये।**
**जो प्राप्त है, पर्याप्त है।।**

# नन्हे बच्चों को कुपोषण तथा भुखमरी से बचाने कि हमारी कवायत कितनी सार्थक

**(चौंकाने वाली सर्वे रिपोर्ट)**

बच्चे देश के भविष्य होते है। यदि देश का भविष्य ही कुपोषित रहेगा, कमजोर रहेगा तो सशक्त राष्ट की कल्पना करना बेमानी होगाद्य भारत में बच्चों के भुखमरी तथा कुपोषण एक बड़े अभिशाप की तरह सामने आ रहे हैं यह देश की एक प्रमुख समस्या भी हैद्य देश में कुपोषण से बच्चे यानी आने वाले कल के जिम्मेदार नागरिकों की हालत बहुत ज्यादा चिंताजनक हैद्य सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश के 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में 33 लाख बच्चे कुपोषण के शिकार है और इनमें 50त्न बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित होकर बीमारी को झेल रहे हैंद्य देश में भले ही जोर शोर से बाल दिवस हर साल मनाया जाता है और उसी पर करोड़ों खर्च कर दिया जाता हैद्य देश में एक महिला तथा बाल विकास मंत्रालय अलग खोल के रखा गया है, पर बच्चों के कुपोषण पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका हैद्य ऐसी क्या वजह है की नौनिहालों के पोषण के लिए केंद्र या राज्य सरकार के पास इतने संसाधन होने के बावजूद धन मुहैया नहीं हो पाता हैद्य मलेरिया, टीबी और ना जाने अन्य कितनी बीमारियों पर भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अरबों रुपए खर्च कर दिए हैं, पर जो भारत की मुख्य रीढ़ की हड्डी है यानी कि आने वाले कल के नागरिक वर्तमान के बच्चे यदि कुपोषित हैं तो यह अत्यंत चिंतनीय सोचनीय तथा विचारणीय पहलू हैद्य सरकारी एजेंसियों द्वारा एक आर,टी,आई के जवाब में बताया गया कि 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों संकलित आंकड़ों के मुताबिक 34 लाख बच्चे कुपोषित पाए गए हैंद्य इनमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र बिहार गुजरात और मध्यप्रदेश है। विगत दिनों करोना संक्रमण के कारण भी बच्चे कुपोषित हुए हैं और आने वाले कल के दिन में भी और बच्चों के कुपोषण कथा मृत्यु की आशंका बढ़ गई हैद्य सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 18 लाख बच्चे बहुत ज्यादा कुपोषित है एवं शेष 16लाख बच्चे अल्प कुपोषित हैं। जब अरबों रुपए अन्य बीमारियों के संक्रमण में लगाए जा सकते हैं तो एक अभियान के तहत बच्चों के कुपोषण को दूर करने के लिए भी मैराथन प्रयास किए जाने चाहिए ।जिससे बच्चे तो कम से कम कुपोषित ना हो वैसे भारत कुपोषण के मामले में वैश्विक स्तर पर बांग्लादेश तथा पाकिस्तान से भी पीछे है उसका नंबर 101वां है, ऐसे हालात में महिला तथा बाल विकास को महिलाओं तथा बच्चों के लिए ही एक विशेष अभियान चलाकर उन्हें कुपोषित होने से बचाना होगाद्य पोषण ट्रैकर के हवाले से बताया गया कि सिर्फ महाराष्ट्र में ही कुपोषित बच्चों की संख्या छः लाख दर्ज की गई है जिनमें 1,57 लाख बच्चे अल्प कुपोषित तथा 4,58 लाख बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। दूसरे नंबर पर बिहार प्रदेश आता है जहां 5लाख कुपोषित बच्चे और तीसरे नंबर पर गुजरात प्रदेश होता है जहां 3–30 लाख बच्चे कुपोषित हैंद्य महाराष्ट्र बिहार गुजरात और मध्य प्रदेश बहुत सक्षम और देश के बड़े राज्य हैं, यहां पर स्वास्थ्य विभाग पर अरबों रुपए खर्च किए जाते हैं, फिर ऐसी क्या वजह है कि बच्चों के कुपोषण की दर इतनी ज्यादा तथा चिंताजनक हो गई हैद्य कुपोषित बच्चे भी बड़े होते हैं तो वह कई बीमारियों को लेकर धीरे-धीरे बढ़ते हैं और इससे उनकी लंबाई तथा स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा असर पड़ता है देश के 34% कुपोषित बच्चों का कद औसत कद से बहुत कम हो जाता है। 21% बच्चे जो कुपोषण के कारण यदि वह बच भी जाते हैं तो उनका वजन अत्यंत कम हो जाता है। ऐसे कम लंबाई तथा कम वजन के बेचारे बच्चे देश का क्या भविष्य बना पाएंगे या देश में अपना योगदान क्या दे पाएंगे। इसीलिए भारत सरकार राज्य सरकारों को कम से कम बच्चों की तरफ तो ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता होगीद्य वैश्विक भूख सूचकांक( ग्लोबल हंगर इंडेक्स) के आंकड़ों के हिसाब से 2021 में भारत 116 देशों में 101 वें स्थान पर पहुंच गया है इस मामले में वह अपने पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान और नेपाल से काफी पीछे हैद्य इस मामले में भारत 2020 में ग्लोबल हंगर इंडेक्स के अनुसार 94 वें स्थान में था, और आज की स्थिति में 101 वे स्थान में पहुंच गया है। इसका सीधा सीधा मतलब है कि हर वर्ष कुपोषण से शिकार बच्चों की संख्या बेतहाशा बढ़ रही है। कुपोषण के मामले में भारत की राजधानी दिल्ली भी पीछे नहीं है दिल्ली प्रदेश की स्थिति भी चिंताजनक है अधिकारी और मंत्री भले बड़े-बड़े दावे करने में पीछे नहीं हटते हैं पर बच्चों की स्थिति चिंताजनक है,दिल्ली में ही 2लाख बच्चे कुपोषित हैं, आंध्र प्रदेश में 2,70लाख बच्चे कुपोषित हैं, कर्नाटक में 2,5 लाख बच्चे उत्तर प्रदेश में 19लाख बच्चे,तमिलनाडु में 1,80लाख ,असम में 1,80लाख और तेलंगाना में 1,60 लाख बच्चे कुपोषण की स्थिति में जी रहे हैं। इस देश में जहां अरबों रुपए सरकार के 40 से ज्यादा विभागों में सालाना खर्च किए जा रहे हैं, तो यह स्वास्थ्य विभाग में विशेष तौर पर बच्चों के लिए खर्च करने रिसर्च करने और उन पर विशेष ध्यान देने में कोताही क्यों बरती जा रही है। यह तथ्य न सिर्फ चिंतनीय है बल्कि स्वास्थ विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी महिला तथा बालकों के विकास के लिए विशेष अभियान चलाकर उनके स्वास्थ्य की रक्षा हेतु निर्देशित किया है। वैश्विक आंकड़े भी यही बताते हैं कि बच्चों को जो कि किसी भी देश का भविष्य होते हैं कुपोषण से हर तरह से सुरक्षित किया जाना सुनिश्चित करना होगा,अन्यथा ये कुपोषित बच्चे ही आगे चलकर देश के नागरिक नागरिक बनेंगे। ऐसे में आप स्थिति की कल्पना कर सकते हैं देश की विशाल जनसंख्या को देखते हुए बच्चों के कुपोषण की दर जरूर कम है, लेकिन हर साल इनके कुपोषण की दर की वृद्धि चिंताजनक परिणाम देने वाली ना हो इस पर हम सबको ध्यान देना होगा।



संजीव ठाकुर

तीन सालों में शिवराज सरकार ने किया विकास

# भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक नायक ने प्रेसवार्ता में बताई प्रदेश सरकार की उपलब्धियां को बताया




**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 2003 के पहले का मध्यप्रदेश कैसा था, यह सभी को पता है। इसके बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार आई और उस सरकार ने एक बीमारू राज्य को विकसित बनाया। लेकिन बीच में फिर 15 महीने के लिए प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी। उस सरकार ने गरीबों के हक और अधिकार छीन लिए। प्रदेश को वापस दुरावस्था की ओर ले गई। तभी एक घटना घटी और प्रदेश में फिर से मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी। भाजपा की सरकार ने गरीबों के अधिकार लौटाए और प्रदेश को खुशहाली तथा विकास के रास्ते पर लाई। 23 मार्च को भाजपा की प्रदेश सरकार अपने चौथे कार्यकाल के तीन साल पूरे किए है और हमारे लिये गर्व की बात है कि उस सरकार ने बीते तीन सालों में बेमिसाल काम किया है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश सरकार की इस वर्षगांठ को पूरे प्रदेश में मनाएगी।

यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक नायक ने शनिवार को पत्रकारवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश की शिवराज सरकार ने बीते तीन सालों में किसान, युवा, महिला, बेटियां और बुजुर्गों समेत समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा है। प्रदेश की 44.50 लाख बेटियां लाडली लक्ष्मी बन चुकी हैं और अब वही बेटियां वरदान साबित हो रही हैं, जिन्हें कभी अभिशाप समझा जाता था। सरकार की इस पहल का ही परिणाम है कि प्रदेश में पहले जहां 1000 बेटों पर 912 बेटियां जन्म लेती थीं। वहीं अब 1000 बेटों पर 978 बेटियां जन्म ले रही हैं। शिवराज सरकार ने कक्षा 12 वीं में मैरिट में आने वाली छात्राओं को स्कूटी देने की भी घोषणा की है। 25 मार्च से लाडली बहना योजना के फॉर्म भराना शुरू हो जाएंगे, जिसमें प्रत्येक पात्र बहन को 1000 रुपये प्रतिमाह दिये जाने का प्रावधान है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश सबसे कम बेरोजगारी दर वाले राज्यों में एक बन गया है। प्रदेश सरकार हर माह तीन लाख रोजगार के अवसरों का सृजन कर रही है और 1.26 लाख सरकारी पदों पर भर्तियां की जा रही हैं। सरकार ने पेसा एक्ट लागू करके जनजातीय समुदाय को अधिकार संपन्न बनाया है, तो अनुसूचित जातियों के 1.42 करोड़ हितग्राहियों को हितलाभ दिये हैं। संत रविदास जी का भव्य स्मारक बनाने के लिए 100 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। इस अवसर पर जिला महामंत्री दिनेश शर्मा, विजय सिंह बैंस, संतोष बराड़ा, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप चंद्रवंशी, रामप्रसाद चौधरी, नगर मंडल अध्यक्ष नवीन राठौर, जिला मीडिया प्रभारी विजय जोशी, जिला कार्यालय मंत्री विपुल कसेरा, जिला मंत्री राकेश सोनी, आशुतोष श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष किरण ठाकुर, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक विवेक शर्मा सहित जिला सह कार्यालय मंत्री दीपक वर्मा, रमेश चमन उपस्थित थे।

## हर मुसीबत में किसानों के साथ है शिवराज सरकार

जिलाध्यक्ष श्री नायक ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ी है। सरकार ने घोषणा की है कि हाल ही की आंधी-बारिश में जिन किसानों की फसलों का 50 प्रतिशत से अधिक नुकसान हुआ है, उन्हें फसल बीमा के अलावा प्रति हेक्टेयर 32 हजार रुपये दिये जाएंगे। साथ ही पशुहानि और मकानों को हुए नुकसान की भी क्षतिपूर्ति की जाएगी। प्रभावित किसानों की बेटियों की शादी मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत कराई जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने कर्जमाफी के नाम पर जो धोखाधड़ी की थी, उसके कारण कई किसान डिफाल्टर हो गए हैं। शिवराज सरकार ने इन डिफाल्टर किसानों को नॉन डिफाल्टर बनाने के लिए 2500 करोड़ का प्रावधान इस बजट में किया है। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी पूरे प्रदेश के साथ जिले में शिवराज सरकार के तीन साल पूरे होने का उत्सव मनाएगी।

शाजापुर जिला जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित

# घरेलू को छोड़कर अन्य प्रयोजन हेतु जल उपयोग पर प्रतिबंध

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दिनेश जैन ने ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शाजापुर जिले को पेयजल परिक्षण अधिनियम 1986 तथा संशोधन अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। कलेक्टर श्री जैन द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के समस्त जल स्त्रोतों जैसे बांध, नदी, नहर, जलधारा, झरना, झील, स्त्रोत, जलाशय, नाला, बंधान, नलकूपों, या कुओं से किसी भी साधन से घरेलू प्रयोजन (पेयजल को छोड़कर) के लिये (पूर्व अनुमति को छोड़कर) जल उपयोग करने के लिए प्रतिबंधित किया गया है। शाजापुर जिले में निरतंर भू-जल की गिरावट को दृष्टिगत रखते हुए संपूर्ण जिले में अशासकीय व निजि नलकूप खनन करने पर प्रतिबंध भी लगाया गया है। शाजापुर जिले की सीमा क्षेत्र में नलकूप एवं बोरिंग मशीन संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी की अनुमति के बिना न तो प्रवेश करेगी (सार्वजनिक सड़को से गुजरने वाली मशीनों को छोडकर) और न ही बिना अनुमति के कोई खनन करेगी। प्रत्येक राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को ऐसी बोरिंग मशीनों जो अवैध रूप से जिले में प्रतिबंधित स्थानों पर प्रवेश करेंगी अथवा नलकूप खनन एवं बोरिंग का प्रयास कर रही (विभागीय पेयजल हेतु को छोड़कर) मशीनों को जप्त कर पुलिस में एफ.आई.आर. दर्ज कराने का अधिकार एवं जप्त की गई मशीने तहसीलदार के अधिपत्य में रहेगी। कार्यपालन यंत्री एवं सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग शाजापुर को अधिनियम के अंतर्गत पारित आदेशो का पालन उनके संबंधित क्षेत्रों में सुनिश्चित करने के लिये अधिकृत किया गया हैं। आदेश का उल्लंघन करने पर म.प्र. पेयजल परिक्षण अधिनियम 1986 के तहत प्रथम अपराध के लिए पांच हजार रूपये के जुर्माने से और पश्चात्वर्ती प्रत्येक अपराध के लिए दस हजार रूपये के जुर्माने से या कारावास से, जो दो वर्ष तक का हो सकेगा, दण्डनीय होगा। उक्त आदेश आज दिनांक से लागू होकर 31 जुलाई 2023 तक प्रभावशील रहेगा।

## ई-केवाईसी के लिए पैसा माँगने वालों के विरूद्ध होगी एफआईआर

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** लाड़ली बहना योजना-2023 का पात्र महिलाओं को लाभ प्रदान करने के लिए उनके समग्र डाटा की ई-केवायसी किये जाने का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। शासन द्वारा समग्र केवायसी कार्य एमपी ऑनलाइन कियोस्क, सीएससी केन्द्रों के माध्यम से निःशुल्क किये जाने के निर्देश है।

कलेक्टर दिनेश जैन ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि अपने क्षेत्रान्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों के समस्त कियोस्क संचालको, सीएससी केन्द्रों को इस संबंध में निर्देश जारी करें। साथ ही एमपी ऑनलाइन कियोस्क तथा सीएससी केन्द्रों द्वारा यदि लाड़ली बहना योजना अंतर्गत समग्र डाटा ई-केवायसी के कार्य के लिए राशि ली जाती है तो संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही एवं एफआईआर दर्ज

## स्वर्णकार समाज ने चल समारोह निकाल मनाई गणगौर तीज



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वर्णकार समाज द्वारा गणगौर तीज पर्व चल समारोह निकालकर मनाया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। चल समारोह की शुरूआत वजीरपुरा स्थित समाज के लक्ष्मीनारायण मंदिर से हुई जो सोमवारिया बाजार, आजाद चौक, छोटा चौक, किला रोड होते हुए ओंकारेश्वर मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ। चल समारोह के दौरान महिलाओं ने बैंडबाजों पर बज रही धार्मिक धुनों पर नृत्य कर अपने उत्साहित होकर पर्व मनाया और ईश्वर से सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं चल समारोह का विभिन्न स्थानों पर विभिन्न संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। चल समारोह में समाज महिला अध्यक्ष किरण सोनी, उपाध्यक्ष रंजीता सोनी, सचिव ऋतु राकेश सोनी, सह सचिव उषा सोनी, कोषाध्यक्ष नीता सोनी के साथ ही बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

## खाद्य पदार्थों के नमूने लिए



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मिलावट से मुक्ति अभियान के अन्तर्गत जिले में दूध एवं दूध से बने खाद्य पदार्थों के नमूना एवं निरीक्षण की कार्यवाही का अभियान सतत जारी है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपा टटवाड़े ने बताया कि अभियान अन्तर्गत मो. बड़ोदिया तहसील के ग्राम दुपाड़ा से पालीवाल मावा भण्डार से मावा का रेग्युलेटरी नमूना एवं प्रजापत ट्रेडर्स दुपाड़ा से हरयाणा घी का सर्विलेंस नमूना मेनुअल लिया गया। इस प्रकार रेग्युलेटरी (मावा) का नमूना 01, सर्विलेंस नमूना 01 तथा मेबाईल फूड लेब से मिल्क का 01, दूग्ध से बनी सामग्री 10 एवं 11 अन्य नमूने लिए गए।

## रोशनी से जगमगाने लगा मेला परिसर लोग भी पहुंचे



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर की परंपरा के प्रतीक चैत्र नवरात्रि के मेले के शुरुआती दो दिन दुकान आवंटन को लेकर पार्षदों की खींचतान के कारण खराब हो गए। लेकिन तीसरे दिन से मेले में पहले की तरह रौनक नजर आने लगी। शुक्रवार को नगर पालिका उपाध्यक्ष संतोष जोशी मेला परिसर पहुंचे और झूले वालों और दुकान वालों के यहां बिजली कनेक्शन करवाया। जोशी ने बताया कि झूले वालों ने फिटनेस और बीमा सर्टिफिकेट नहीं सौंपा था। इसके लिए उन्हें चार दिन का समय दिया गया है। साथ ही बिजली कंपनी दुकान आवंटन की रसीद लेकर ही कनेक्शन दे रही है, इसमें भी छूट दिलवाई गई है। इसके बाद शाम को मेला परिसर रोशनी से जगमगा उठा। जोशी ने बताया कि मेला परिसर की सड़क को रोलर से सपाट करवाया जाएगा और यहां नियमित पानी का छिड़काव भी किया जाएगा, ताकी धूल ना उड़े। इधर शाम होते ही मेले का रंग भी जमने लगा है। यहां सुरक्षा की दृष्टि से कैमरे, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस, पुलिस कंट्रोल रूम, मेला ऑफिस, मंच आदि तो व्यवस्थित बना दिया गया।

# समग्र आईडी को आधार से लिंक करने के लिए राशि लेने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए कलेक्टर ने निर्देश





**शाजापुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्रीलाड़लीबहनाङ्योजना-2023 से महिलाओं को लाभांवित करने के उद्देश्य से जिले भर में आज से 30 अप्रैल तक ग्रामवार तथा शहरी क्षेत्र में वार्डवार शिविर लगाए जा रहे है। कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने आज नगर परिषद मक्सी तथा ग्राम पंचायत झोकर में लगाए गए शिविरों का निरीक्षण किया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी श्री नरेन्द्र नाथ पाण्डेय, नायब तहसीलदार श्री बृजेश मालवीय, झोकर में महिला एवं बाल विकास प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी सुश्री नीलम चौहान भी उपस्थित थी। दोनों स्थानों पर शिविर का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर श्री जैन ने कहा कि आवेदन फार्म भरवाने के लिए केवल 15 से 20 महिलाए ही बुलाए। सर्वर डाउन होने या एप्प सही नही चलने पर आफलाईन फार्म प्राप्त करले तथा सर्वर चालू होने पर ही महिलाओं को बुलाए।

**समग्र आईडी को आधार से लिंक करने के लिए राशि लेने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करें-** ग्राम झोकर में महिलाओं ने कलेक्टर श्री जैन को अवगत कराया कि स्थानीय कामन सर्विस सेन्टर वाले ने उनसे समग्र डाटा आधार से लिंक करवाने के लिए उनसे राशि ली है तथा लाड़ली बहना योजना के आवेदन फार्म भी राशि लेकर दिए है। कलेक्टर ने नायब तहसीलदार श्री मालवीय को तत्काल कामन सर्विस सेन्टर वाले के विरूद्ध कार्यवाही कर एफआईआर दर्ज करवाए। कलेक्टर ने इस मौके पर उपस्थित महिलाओं से कहा कि आवेदन फार्म भरवाने के लिए एक साथ आने की आवश्यकता नहीं है, फार्म भरवाने का काम 30 अप्रैल तक चलेगा। कलेक्टर श्री जैन ने कहा कि आवेदन फार्म भरवाने तथा समग्र आईडी को आधार से लिंक करने की प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है, अर्थात किसी को भी प्रक्रिया पूरी करने के लिए राशि देने की आवश्यकता नहीं है। कामन सर्विस सेन्टर वालों को समग्र ईकेवायसी करने के लिए 15 रूपए प्रति महिला की दर से दिया जा रहा है। कलेक्टर ने सभी महिलाओं से कहा कि वे आवेदन फार्म भरवाने के लिए शिविर में केवल समग्र आईडी, आधार कार्ड एवं मोबाईल लेकर आए। आवेदन फार्म शिविर स्थल पर निःशुल्क मिलेगा।

# वापसी में लौट रहे जबलपुर के परिवार को चलती ट्रेन में लूटा

### चाकू की नोक पर जेब में रखे रूपए निकाले, युवक के साथ की मारपीट ››पटवारी की परीक्षा देकर लौट रहे परिवार के साथ सुबह 4 बजे हुई वारदात





**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आए दिन जिले में ट्रक कटिंग की वारदातें सामने आ रही हैं। लेकिन शुक्रवार-शनिवार की रात को चलती ट्रेन में हुई लूट की वारदात ने पुलिस के सामने सवाल खड़े किए हैं। जिसमें चाकू की नोक पर चलती ट्रेन में चार बदमाशों ने सवार होकर जबलपुर के युवक के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया और उसकी जेब में रखे सारे पैसे छीन लिए।

जानकारी के अनुसार जबलपुर के रांझी में रहने वाले गोपाल पिता केशवप्रसाद चौधरी गुरूवार को अपनी पत्नी प्रीति चौधरी को उज्जैन में पटवारी की परीक्षा दिलाने परिवार के साथ लाए थे। बच्चे छोटे थे, इसलिए परिवार की दो अन्य महिलाओं को भी साथ लेकर उज्जैन पहुंचे। वापसी में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात 2.30 बजे ये लोग उज्जैन रेलवे स्टेशन से जबलपुर सोमनाथ यात्री ट्रेन में सबसे पीछे गार्ड के पास वाले जनरल कोच में सवार हुए। जगह नहीं मिलने पर 3 महिला, 1 पुरुष और 2 बच्चों का यह परिवार बर्थ के बीच खाली जगह में लेट गया। कालीसिंध रेलवे स्टेशन के आसपास रात करीब 4 बजे जनरल रेलवे कोच में चार युवक सवार हुए और अकोदिया आने से पहले इनमें से एक युवक ने चाकू की नोक पर 2 बर्थ के बीच खाली जगह में सो रहे गोपाल की जेब में हाथ डालकर रखें सभी रुपए निकाल लिए। युवक ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। करीब 10 मिनट तक कोच में हंगामा मचा रहा। चाकू से गोपाल के मुंह और नाक पर वार कर आरोपी युवक ने उसे लहूलुहान कर दिया। खून बहता देख अन्य यात्रियों ने मदद के लिए बीच बचाव करना चाहा, लेकिन चाकू लहरा कर उन्हें भी चुप करा दिया। परिवार की दो महिलाओं ने मारपीट कर रहे युवक को उसके साथियों के पैर पकड़ कर मिन्नत भी की लेकिन वे नहीं माने और पैसे लेकर भाग गए। अब परिवार के पास घर जाने के लिए भी पैसे नहीं बचे। जब ये लोग शुजालपुर पहुंचे तो घायल युवक को वहीं से प्राथमिक उपचार देकर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है। कुछ देर बाद रेलवे पुलिस के अधिकारियों ने भी परिवार से जानकारी ली और संदिग्धों के फोटो दिखाकर पहचान का प्रयास किया। पीड़ित परिवार ने पुलिस की ओर से दिखाए फोटो में से दो युवकों की शक्ल वारदात करने वाले युवकों से मिलना बताया है। उज्जैन रेलवे पुलिस के थाना प्रभारी ने बताया कि देहाती नालसी पर प्राथमिकी दर्ज की है तथा उज्जैन जाने के बाद प्रकरण कायम कर विस्तृत जानकारी दे सकेंगे।

## कड़छा स्टेशन का नाम गुरू टेकचंद रखने की मांग को लेकर सकलेचा व समाजजनो ने सांसद फिरोजिया से की चर्चा



**नागदा(यश सकलेचा )/दैनिक मालवा हेराल्ड** उज्जैन इन्दौर रेलमार्ग पर स्थित कड़छा स्टेशन का नाम गुरू टेकचंद रखने हेतु समाजसेवी एवं रेल्वे विशेष रूचि सदस्य राजेश सकलेचा भाईजी के नेतृत्व में दर्जी समाजजनो का एक प्रतिनिधिमंडल क्षेत्रीय सांसद श्री अनिलजी फिरोजिया से शनिवार दोपहर 2 बजे उज्जैन स्थित उनके कार्यालय में भेंट कर अनुरोध किया गया एव पत्र दिया। ग्राम कड़छा में 210 वर्ष पूर्व दर्जी समाज के आराध्य गुरू टेकचंद द्वारा जीवित अवस्था में समाधि प्राप्त की थी। इस कारण ग्राम कड़छा धार्मीक रूप मे श्रद्धालुओ का एक धार्मिक स्थल हो गया जहा देश प्रदेश से लोग यहा समाधि के दर्शन करने आते है वर्ष मे एक बार यहा विशाल भव्य गुरू पूर्णिमा के दिन मेले का आयोजन होता है जिसमें दर्जी समाजजनो के अलावा देश-विदेश से हजारो की संख्या में लोग समाधि स्थल पर आकर दर्शन लाभ प्राप्त करते है। दर्जी समाजजन इस स्थान को अपने आराध्य देव के पवित्र स्थान के रूप मानते है यदि कड़छा रेल्वे स्टेशन का नाम यदि गुरू टेकचन्द के नाम पर रखा जाता है तो देश-विदेश में दर्जी समाज के लिये गौरव का विषय होगा तथा गुरू टेकचन्द की ख्याति सभी ओर फैलेगी। प्रतिनिधिमंडल द्वारा चर्चा के पश्चात श्री सांसद जी द्वारा मांग को रेल अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत की जावेगी।

**यह रहै उपस्थित**

राकेश दायमा,सुमित मोहता,दर्जी समाज के राष्टीय अध्यक्ष मोहनलाल चोहान, राधेश्याम परमार,सुरेश परमार, हीरालाल परमार,रूपकिशोर सोलकी, महेश चोहान, राकेश सोलकी एव उज्जैन के समाजजन काफी तादाद मे उपस्थित थे।

# कलेक्टर श्री गुप्ता ने गेहूं उपार्जन कार्य का अवलोकन किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिए

### देवास जिले में 2 लाख 50 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूं खरीदी का लक्ष्य, जिले के 136 उपार्जन केंद्र पर गेहूं की खरीदी हुई शुरु



**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में आज 25 मार्च से गेहूं चना एवं सरसों का उपार्जन कार्य प्रारंभ हुआ। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने ग्राम सिया के अडानी लॉजिस्टिक सायलो केंद्र, आदिनाथ वेयरहाउस टोंकखुर्द तथा जयदेव वेयरहाउस कलमा उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सायलो केंद्र पर आए किसानों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया मिठाई खिलाई एवं उपार्जन कार्य को मुहूर्त में प्रारंभ किया। इस दौरान खाद्य अधिकारी श्रीमती शालू वर्मा सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने उपार्जन केंद्र के अवलोकन के दौरान संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि उपार्जन केंद्रों पर आने वाले दर्शकों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना आए इसका विशेष ध्यान रखें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री गुप्ता ने गेहूं उपार्जन केंद्र पर किसानों को परेशानी न आए, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने पर्याप्त मात्रा में बारदान का स्टॉक रखने, साइन बोर्ड, बोरे सिलाई के लिए अतिरिक्त मशीन, वजन मशीन अन्य तैयारियों के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्रों पर आने वाले प्रत्येक ट्रॉली पर रेडियम वाले नंबर (स्टीकर) लगाये जाएं।

## उपार्जन केंद्रों पर पानी, छाया की उचित व्यवस्था करें

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री गुप्ता ने गेहूं उपार्जन केंद्र पर किसानों के लिए पेयजल, छाया, शौचालय की व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर जरूरत अनुसार हम्माल रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जैसे ही गेहूं की तुलाई हो इसके भंडारण की भी प्रक्रिया प्रारंभ कर दें, जिससे अन्य परेशानियां न आने पाए। इस दौरान कलेक्टर श्री गुप्ता ने किसानों से चर्चा भी की।

उल्लेखनीय है कि आज 25 मार्च से जिले में गेहूं, चना एवं सरसों का उपार्जन कार्य प्रारंभ हुआ है। इसके लिए जिले में 136 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं तथा जिले में 2 लाख 50 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। देवास के निकट ग्राम सिया में अडानी लॉजेस्टिक सायलो केंद्र है, जिसकी क्षमता 50 हजार मीट्रिक टन हैं। साथ ही यह भी बताया गया कि जिले के उपार्जन केंद्रों पर 500 से 1000 किसान आएंगे। जिनसे गेहूं खरीदा जाएगा। सायलो केंद्र पर दो स्व सहायता समूह की महिलाएं भी कार्य कर रही है। जिले में 11 स्व सहायता समूह की टीमें उपार्जन केंद्रों पर कार्य कर रही है।

# भैरवगढ़ जेल गबन कांड में पूर्व जेल अधीक्षक उषा राज,प्रहरी रिपूदमनसिंह गिरफ्तार

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भैरवगढ़ जेल में हुए पीएफ गबन कांड की जांच कर रही एसआईटी ने शनिवार को जेल की पूर्व अधीक्षक उषा राज को इंदौर के एक निजी अस्पताल से हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र कुमार शुकल बताते हैं कि फरार प्रहरी एवं अकाउंट शाखा का प्रभारी रिपुदमन सिंह को पुलिस ने उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को दोपहर उपरांत न्यायालय में पेश किए जाने पर 2 दिन का पुलिस रिमांड पर सौंपा गया है।

उज्जैन की केंद्रीय जेल में हुए करीब 14 करोड का गबन कांड किया गया है। इस गबन कांड में मुख्य आरोपी के रूप में जेल प्रहरी रिपूदमन पर प्राथमिक प्रकरण जिला कोषालय के सहायक कोषालय अधिकारी सुरेन्द्र भाभर ने दर्ज करवाया था। रिपूदमनसिंह तभी से परिवार सहित फरार हो गया था। पुलिस की एसआईटी ने उसे शुक्रवार को पीछा करते हुए उत्तरप्रदेश के बनारस एवं मिर्जापुर के बीच पहरी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस पर पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया था । रिपुदमनसिंह से पूछताछ के बाद पुलिस ने जेल की पूर्व अधीक्षक उषा राज को शनिवार सुबह इंदौर के निजी अस्पताल के बेड़ नं.17 से डिस्चार्ज होते ही टीम ने हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया गया। केंद्रीय जेल भैरवगढ़ में हुए करीब 14 करोड़ के गबन कांड में भैरवगढ़ थाना में दर्ज प्रकरण में अब तक कुल 07 आरोपी दर्ज हो चुके हैं। इनमें प्रहरी रिपूदनमसिंह, शैलेन्द्र सिकरवार,धर्मेन्द्र लोधी, बाहरी व्यक्तियों में रोहित पिता अनिल देवास , रिंकु पिता गजराज एवं हरिश पिता राधेश्याम उज्जैन के साथ पूर्व अधीक्षक उषा राज पर भी मामला दर्ज कर किया गया है। इनमें से तीनों बाहरी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी रिपूदमनसिंह एवं पूर्व अधीक्षक उषा राज को शनिवार को गिरफ्तार किया गया है। अन्य दोनों प्रहरी अभी फरार हैं। इन पर भी इनाम घोषित है।



एसपी श्री शुक्ला बताते हैं कि प्राथमिकी में सेंट्रल जेल भैरवगढ़ के कुल 67 कर्मचारी अधिकारी बताए गए थे । इनमें से 3 की मृत्यू हो चुकी है। जांच में सामने आया कि यह गबन तीन वित्तीय वर्ष में अंजाम दिया गया है।वर्ष 2020 से 2023 के बीच हुआ है।इस प्रकार भैरवगढ़ जेल के ही 103 कर्मचारी का डीपीएफ (डिपार्टमेंटल प्राविडेंट फंड) 13 करोड़ 43 लाख रूपए ,10 कर्मचारी का वेतन 4 लाख 41 हजार, 6 कर्मचारियों का जीपीएफ 4 लाख 48 हजार , 03 कर्मचारी के एमपीटीसी के 3 लाख 73 हजार रूपए की राशि का गबन किया गया है। इस प्रकार 122 खातों में गबन किया गया है। इनमें से कई कर्मचारियों ने आवेदन दिया ही नहीं और जिन्होंने दिया उनके तय रकम से अधिक की निकाल ली गई।अधिकांश मामलों में सामने आया है कि डीडीओ उषा राज के साईन से एप्रुवल एवं विड्रावल किया गया है, अधिकांश पर उषा राज ने एप्रुवल दिए हैं। मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी में 16 अधिकारी कर्मचारियों की टीम लगाई गई है।पुलिस ने प्रहरी रिपूदमन,शैलेन्द्र एवं धर्मेन्द्र के भैरवगढ़ स्थित बैंक खातों से 25 लाख से अधिक का आहरण करने वालों को जांच में रखा है। इनमें से तीन को आरोपी बनाया गया है। 05 अन्य की तलाश कर उनकी भूमिका को तलाशा जा रहा है।आरोपी रिपूदमन के घर की तलाशी में 17-18 लाख के ज्वेलरी खरीदी के बिल मिले हैं। हमने आरोपियों के खाते से जिन खातों में बडी राशि गई है उन खातों को सीज करने के लिए बैंक को पत्र लिखा है। जेल में हुए गबन एवं भ्रष्टाचार मामले में करीब 46 प्रहरियों के हस्ताक्षर युक्त एक शिकायती आवेदन मिला है जिस पर जांच करवाई जा रही है। जेल कर्मचारियों के गबन के मामले में जेल से लेकर कोषालय तक जांच के दायरे में जिसकी भी भूमिका गलत पाई जाएगी उस पर पुलिस कार्रवाई होगी।



रिपुदमन 12-13 मार्च की दरम्यानी रात को ही परिवार सहित रफूचक्कर हो गया था और तभी से एसआईटी और पुलिस को उसकी तलाश थी। फरार प्रहरियों सहित उस पर 5 हजार का ईनाम घोषित किया गया था । पूर्व जेल अधीक्षक उषा राज को पुलिस ने बयान के लिए नोटिस दिए थे,उनके नहीं पहुंचने पर पिछले शनिवार को पुलिस ने उन्हे हिरासत में ले जाकर भैरवगढ़ थाना में रात 10 बजे तक प्रारंभिक पूछताछ की थी।दुसरे दिन उन्हे फिर बयान के लिए तलब किया गया था वे नहीं पहुंची तो सीएसपी अनिल मौर्य ने उनके मोबाईल नंबर पर संपर्क किया था जिस पर उषा राज की बेटी ने मोबाईल उठाकर उन्हे बताया था कि उनकी मां को अटैक आने पर इंदौर के मेडिकेयर अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया है। एसआईटी प्रमुख और एएसपी डॉ इंद्रजीत बाकलवार का कहना है कि अन्य दो फ़रार ईनामी जेल प्रहरी शैलेन्द्र सिकरवार और धर्मेंद्र लोधी को पकडने के लिए टीमें ग्वालियर,भिंड,मुरैना और जहां उनके छुपे होने की संभावना है वहां भेजी गई हैं। जल्द ही वो भी पुलिस गिरफ्त में होंगे।

सीएसपी अनिल मौर्य के अनुसार एसआईटी और पुलिस की टीम ने गुरूवार को प्रहरी रिपूदमन के घर का ताला तोड़कर वहां से कई दस्तावेज बरामद किए हैं जो प्रकरण में काफी सहायक हो सकते हैं। इसी तरह शुक्रवार को भैरवगढ़ जेल के सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर जप्त की थी। जिसमें छुपे राज डीवीआर से उगलवाने के लिए टेक्निकल एक्सपर्ट की भी मदद ली जा रही है। जेल प्रहरी संजय व्यास से भी पुलिस ने सहायक बतौर दो से तीन बार की पूछताछ की है। जेल अधीक्षक एवं प्रहरी रिपूदमन को शनिवार को मेडिकल के उपरांतजेएमएफसी विनायक गुप्ता साहब के न्यायालय में पेश कर पुलिस ने 7 दिन का रिमांड मांगा था।न्यायालय ने 2 दिन के पुलिस रिमांड पर आरोपियों को सौंपा है।

## औघोगिक विकास निगम का टाईम कीपर 25 हजार रूपए की रिश्वत लेते पकडाया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** लोकायुक्त संगठन उज्जैन ने शनिवार को मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम के मक्सी कार्यालय में पदस्थ टाइम कीपर आर एस राठौर को 25 हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है।आरोपी ने आवेदक सुशील सेठी निवासी इंदौर से प्लाट विक्रय में कोई बाधा नहीं आए और नोटिस फाईल करने के एवज में रिश्वत की मांग की थी।

लोकायुक्त डीएसपी सुनील तलान के अनुसार आवेदक ने शुक्रवार को प्रातः पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त संगठन उज्जैन संभाग अनिल विश्वकर्मा को आवेदन प्रस्तुत कर शिकायत की थी। इसमें बताया था कि मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम के मक्सी कार्यालय में पदस्थ टाइम कीपर आर एस राठौड़ उन्हें उद्योग हेतु आवंटित प्लॉट बेचने मैं अड़चन पहुंचा रहा है। आवेदक ने स्पष्ट किया था कि मेरे द्वारा अपनी पत्नी के नाम वर्ष 2020 में 11000 वर्ग फिट का प्लाट क्रमांक 80 उद्योग लगाने हेतु आवंटित कराया था । कोविड-19 के कारण उद्योग नहीं लगा पाया तो उसे बेचने का प्लान किया। प्लॉट का अतिक्रमण हटाने एवं आवंटन निरस्त करने संबंधी नोटिस को फाइल कराने एवं प्लाट बिक्री में कोई बाधा नहीं पहुंचाने के लिए 50 हजार रूपए की मांग टाइम कीपर राठौर द्वारा की जा रही है । इस पर से गोपनीय रूप से सत्यापन कराया गया। आवेदक को बातचीत करने मक्सी भेजा गया तो बातचीत में राठौर 25 हजार अभी एवं बाकी राशि बाद में लेने को सहमत हो गया। टाइम कीपर राठौर ने शाम को इंदौर रोड स्थित व्यंकटेश धर्म कांटे पर रिश्वत की राशि लेकर आवेदक को बुलाया तो वहां पर तैनात लोकायुक्त उज्जैन की टीम ने टाइमकीपर राठौर को रिश्वत की राशि लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया।

## ओटीपी बताते ही खाते से निकाल गये डेढ़ लाख

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बैंक अधिकारी बनकर शातिर बदमाश ने युवक से ओटीपी पूछ लिया और खाते से डेढ़ लाख रुपये निकाल लिये। युवक का अपने साथ धोखधड़ी का पता मोबाइल पर आए मैसेज से चला। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

इंदिरानगर में रहने वाले कृष्ण पिता विनोदसिंह चौहान के पास 17 मार्च को बैंक अधिकारी बनकर शातिर बदमाश ने कॉल किया और बैंक खाता बंद होने की बात कहीं। कृष्ण ने खाता चालू रखने के लिये कहा, तो उससे कहा गया कि उसे खाते से संबंधित जानकारी दे ताकि खाते को चालू रखा जाए। बदमाश ने उसे बातों में उलझाया और जानकारी लेने के बाद कहा कि खाता चालू रखने के लिये मोबाइल पर ओटीपी भेजा गया है, जिसे बताएं। कृष्ण ने ओटीपी बता दिया। कुछ देर बाद मोबाइल पर तीन मैसेज आए, जिसमें खाते से डेढ़ लाख के लगभग की राशि निकाली जाना सामने आया। उसने बैंक पहुंचकर जानकारी मांगी। खाते से ट्रांजेक्शन होने की बात सामने आई। कृष्ण चौहान ने मामले की शिकायत चिमनगंज थाने पहुंचकर की। पुलिस ने शिकायती आवेदन लिया और मामले की जांच शुरु की। शनिवार को कृष्ण के साथ धोखाधड़ी होना सामने आने पर अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ धारा 420 का प्रकरण दर्ज किया गया है।

## 9 से 75 साल तक के 70 कलाकारों की कलाओं से सजी प्रदर्शनी कला के रंग

### बदनावर की चहेती ने भी कला के रंगों के जरिए व्यक्त किए मन के भाव

**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर की बेटी चहेती पाटोदी ने अपनी कला का प्रदर्शन इंदौर में दो दिवसीय राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी कला के रंग में प्रदर्शित किया। इस प्रदर्शनी में चहेती ने अपने चारकोल, पेंसिल एवं ऑयल पेंट से बनाए गए स्केच (चित्र) प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में 9 से 75 साल तक के 70 कलाकारों की 160 कलाकृतियां प्रदर्शित की गई है जिसमे ऑयल पेंटिंग , एक्रेलिक , वाटर कलर , डॉट पेंटिग , मंडला आर्ट , डिजिटल पेंटिंग , पेंसिल स्केच , कलर पेंसिल वर्क , बॉटल आर्ट , पत्ते में बना आर्ट, क्ले वर्क , म्यूरल , बेस्ट फ्रॉम वेस्ट , स्कल्पचर , चारकोल आदि आर्ट फॉर्म प्रदर्शित है ।

## पति ने पत्नी के साथ मारपीट की और फांसी लगा ली

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पति ने पत्नी के साथ मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया और फांसी लगा ली। पिता ने दरवाजा तोड़कर शव फंदे से उतारा। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

सनावद का रहने वाला राहुल पिता सुरेश गिरी (24) कुछ सालों से परिवार के साथ भैरवगढ़ में किराए का मकान लेकर सेल्समेन का काम कर रहा था। बीती रात शराब के नशे में घर पहुंचा। पत्नी संध्या ने उसे नशे की हालत में देख शराब पीने के लिये मना किया तो मारपीट शुरु कर दी। राहुल ने पत्नी और एक बेटी को घर से बाहर निकाल दिया और दरवाजा बंद कर लिया। कुछ देर बाद पिता सुरेश गिरी घर पहुंचे तो दरवाजा खुलावाने का प्रयास किया, काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो तोड़ा गया। राहुल साड़ी के फंदे से पंखे पर लटका हुआ था। मामले की सूचना मिलने पर भैरवगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव जिला अस्पताल लाया गया। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद मामले की जांच शुरु की गई है। प्रथमदृष्टता नशे में फांसी लगाना सामने आया है।

## एक्टिवा पर सवार दो बहनें की ट्रेक्टर-ट्राली से भिड़ंत

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** दो बहनें शनिवार सुबह तराना से एक्टिवा पर सवार होकर उज्जैन आ रही थी। रास्ते में ट्रेक्टर-ट्राली से भिड़ंत होने पर दोनों घायल हो गई। जिन्हे उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।तराना की रहने वाली हीना पिता संतोष शर्मा (24) की शनिवार को कम्प्यूटर एग्जाम थी। वह बड़ी बहन नेहा पति मंदीप शर्मा (31) के साथ एक्टिवा से उज्जैन आ रही थी। रास्ते में रुदाहेड़ा के समीप ट्रेक्टर-ट्राली ने उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों बहनें घायल हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस की डायल-100 दोनों बहनों को उपचार के लिये जिला अस्पताल लेकर पहुंची। दुर्घटना का पता चलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गये थे। नेहा को गंभीर चोंट लगना सामने आया है। परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर चले गये थे।

## प्रिंसिपल का पर्स बदमाशों ने चोरी किया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** निर्मला कांवेंट की प्रिंसिपल का पर्स कार का कांच फोडक़र बदमाश ने चोरी कर लिया था। वारदात के कुछ घंटे बाद ही पर्स बाइक सवार युवक को मिल गया। वह घर लेकर चला गया था, लेकिन सुबह उसने समाचार पत्रों में पर्स चोरी होने की खबर देखी तो प्रिंसिपल को बेग लौटाने के लिये संपर्क किया। पुलिस ने जानकारी मिलने पर बाइक सवार युवक से पूछताछ की है।टॉवर चौक ग्राउंड होटल के सामने हैदरी शॉप के समीप निर्मला कांवेंट की प्रिंसिपल डॉ. किर्ती वर्क डिजाइनिंग के काम से आई थी और अपनी कार खड़ी करने के बाद दुकान पर गई थी। उसी दौरान अज्ञात बदमाश ने कार का कांच फोडक़र पर्स चोरी कर लिया था। माधवनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरु की थी। शुक्रवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि पर्स भैरवगढ़ में रहने वाले युवक को मिला है, जो तीन बत्ती चौराहा पर एमआरएफ टायर की दुकान पर काम करता है। पुलिस ने धर्मेन्द्र से संपर्क किया और पर्स बरामद किया। जिसमें मोबाइल और दस्तावेज मिल गये। 15 हजार रुपये गायब थे। युवक ने पूछताछ में बताया कि वह रात को दुकान से घर लौट रहा था। मोहननगर के आगे पेट्रोल पम्प पर पहुंचा था। गाड़ी में पेट्रोल भराकर लौट रहा था, उसी दौरान पर्स मिला था। सुबह समाचार पत्रों में पर्स चोरी की खबर देखी तो प्रिंसिपल से संपर्क किया। पुलिस को पहले उसी पर संदेह हुआ, जब उसके घर जाने और वारदात के समय की तस्दीक की गई तो सामने आया कि वह दुकान से 8.27 पर निकला था, जिसके फुटेज दुकान में लगे कैमरे में कैद है। जबकि वारदात 8.10 मिनट पर हुई थी। पुलिस ने उसे तस्दीक के बाद छोड़ दिया है। अब बदमाश का सुराग तलाशा जा रहा है। पर्स में मोबाइल और दस्तावेज मिलना सामने आया है।

## लुटेरी दुल्हन दो माह बाद फरार

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** परिचित के माध्यम से कृषक ने खरगोन की युवती से शादी की थी, 2 माह तक साथ रही दुल्हन फरवरी में मौका पाकर भाग निकली। एक माह तक तलाश करने पर भी दुल्हन का पता नहीं चला तो मामले की शिकायत थाने पहुंचकर की गई। पुलिस ने जांच के बाद धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। महिद्पुररोड थाना एसआई एमएस नागर ने बताया कि ग्राम पिपलिया भीम में रहने वाले राजू पिता रमेश शर्मा 23 वर्ष शादी के लिये दुल्हन तलाश रहा था। सीतामऊ के सरसपुर में रहने वाले परिचित उत्सवलाल पाटीदार ने लडक़ी दिखाने की बात कहीं और गरीब परिवार की होने पर 2.60 लाख रुपये देने के लिये कहा। राजू ने शादी के लिये हां कर दिया और 9 दिसंबर 2022 को खरगोन की रहने वाली युवती को परिचित ने राजू से मिलवाया। दोनों ने एक-दूसरे को पसंद किया और मंदिर में शादी कर ली गई। राजू ने बदले में परिचित को 2.60 लाख रुपये भी दे दिये। 2 माह तक दुल्हन साथ रही और 9 फरवरी की 2023 की रात अचानक लापता हो गई। राजू ने सभी जगह तलाश किया और परिचित से जानकारी ली, लेकिन उसने भी युवती का पता बताने से मना कर दिया। अपने साथ शादी के नाम पर धोखाधड़ी होने की शिकायत राजू ने महिद्पुर थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने जांच के बाद परिचित उत्सवलाल और युवती के खिलाफ धारा 420, 34 का मामला दर्ज कर दोनों की तलाश शुरु की है।

### राहुल गांधी पर उबला पिछड़ा वर्ग समाज

## भारत की आधी आबादी को चोर कहना दूषित मानसिकता का परिचायक-सांसद

**पिछड़ा वर्ग का अपमान नहीं सहेंगे, सदस्यता रद्द होना स्वागत योग्य न्यायालय और लोकसभा सचिव का आभार - यादव»» असली सजा तो पिछड़ा वर्ग समाज देगा - राणा»» पिछड़ा वर्ग करेगा कांग्रेस का बहिष्कार - राठौर »» राहुल लोकसभा सदस्यता तो क्या भारत की नागरिकता से भी प्यार नहीं करते :- सक्सेना**



**पचोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राहुल गांधी को सूरत कोर्ट द्वारा 2 साल की सजा सुनाए जाने एवं उनकी लोकसभा सदस्यता रद्द किए जाने का पिछड़ा वर्ग खुलकर स्वागत और समर्थन कर रहा है! उक्त कार्रवाई पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद रोडमल नागर ने कहा कि भारत की आधी आबादी करोड़ों लोगों को एकदम से चोर ठहरा देना राहुल गांधी की दूषित मानसिकता का परिचायक है साथ ही यह एक तरह से पागलपन की हद है राहुल गांधी को कोर्ट ने तो सजा कम दी है असली सजा तो भारत का समाज ऐसी देगा कि क्रीम पाउडर से चमकने वाला राहुल गांधी का सफेद चेहरा हमेशा के लिए काला पड़ जायेगा! भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति सदस्य मनीष मन्नू यादव तथा पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष तथा प्रधानमंत्री जन कल्याण प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रघु राणा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष दिनेश राठौर ने कहा कि देश के सारे पिछड़ों को चोर कहने पर पिछड़ा वर्ग समाज अपमान की अग्नि में उबल रहा है! कोर्ट ने तो उन्हें सजा कम दी है असली सजा तो अभी देना बाकी है जो कि पिछड़ा वर्ग समाज देगा और पिछड़ा वर्ग समाज ताउम्र राहुल और कांग्रेस का बहिष्कार करेगा! पिछड़ा वर्ग नेताओं ने आगे कहा कि यदि राहुल ने एक माह के अंदर पिछड़ा वर्ग समाज से माफी नहीं मांगी तो पिछड़ा वर्ग अनिश्चितकालीन आंदोलन चलाएगा तथा चुनाव में राहुल गांधी की सभा का बहिष्कार कर पुरजोर विरोध करेगा! वहीं भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कमल सक्सेना ने कहा कि राहुल गांधी का यह कहना कि मैं सदस्यता की परवाह नहीं करता, सब जानते हैं कि लोकसभा की सदस्यता तो क्या राहुल गांधी भारत की नागरिकता तक से भी प्यार नहीं करते रहा सवाल पिछड़े वर्ग के अपमान का तो हम भले ही पिछड़ा वर्ग में नहीं आते हो लेकिन हमारी वैचारिक पृष्ठभूमि वसुधैव कुटुंबकम की है जिसके अंतर्गत धरती पर रहने वाला हर प्राणी हमारे परिवार का सदस्य है की भावना निहित है! और राहुल गांधी तो क्या किसी को भी किसी भी समाज का अपमान करने की इजाजत नहीं है! उक्त मुद्दे पर सभी वर्ग का समर्थन पिछड़े वर्ग के साथ है!

## अभाविप ने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया

### शासकीय महाविद्यालय बदनावर में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम

**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड/** MA.,MCOM.,MSc प्रारंभ करने हेतु अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बदनावर के द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक एवम विद्यार्थीयो द्वारा हस्ताक्षर कर अभियान का समर्थन किया,कॉलेज इकाई अध्यक्ष चीगू पटेल ने बताया कि हम कालेज में वर्तमान में स्नातक के विषय क्क, क्क्षह्रू, क्क्स्ट के संकायों की कक्षाएं चल रही है जिसमे क्षेत्र के लगभग 1300 विद्यार्थी उच्च शिक्षा ले रहे है, प्रति वर्ष बदनावर कालेज से विद्यार्थियों ग्रैजुएशन पूरा करके पोस्ट ग्रेजुएशन के लिए धार या अन्य शहरों में जाकर अपनी पढ़ाई पूरी करते है ऐसे में विद्यार्थियों को विशेकर छात्राओं को आने जाने में समस्या का सामना करना पड़ता है अधिकांश विद्यार्थी तो अपनी सुविधा के अभाव में अपनी पढ़ाई को छोड़ देते है, बदनावर को स्नाकोत्तर का दर्जा मिलने पर भविष्य में विद्यार्थियों को सुविधा होगी एवं पोस्टग्रेजुएट विद्यार्थियों की संख्या में भी वृद्धि होगी। अभाविप के नगर मंत्री जायसवाल ने बताया कि विद्यार्थियों के हित के लिए हमेशा विद्यार्थी परिषद ने आवाज उठाई है वर्तमान में भी स्नाकोत्तर महाविद्यालय की मांग क्षेत्र की एक बड़ी शैक्षणिक मांग है और इसे पूरा करवाने के लिए हमने हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की है पूर्व में भी विद्यार्थी परिषद ने क्षेत्र के विधायक एवं मंत्री राजवर्धन सिंह जी को ज्ञापन के माध्यम से मांग की थी एवं लंबे समय से हम उच्च शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन भे देते आये है, परिषद के छात्र नेता आकाश मुकाती ने कहा की नवीन सत्र के ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया जून माह में चालू जो जाएगी उसके प्रूव ही महाविद्यालय को स्नाकोत्तर की मान्यता दिलवाना हमारा लक्ष्य है यदि मान्यता नही दी गयी एवं नवीन सत्र में पाठ्यक्रम शुरू नही किये गए तो आंदोलन करेंगे , नगर अध्यक्ष राहुल बाफना ने क्षेत्र के प्राध्यापक, विद्यार्थियों एवं आम जन को इस अभियान में शामिल होकर छात्र हित में सहयोग करने का आह्वान किया है।

# ‘कुक्षी जिला बनाओ आंदोलन’3 मई को भोपाल में देगा धरना, भोपाल कलेक्टर से अनुमति मांगी

### ›› जनप्रतिनिधियों व नेताओं का समर्थन में आने का क्रम भी जारी है ››31 मई से कुक्षी में अनिश्चिकालीन उपवास (आमरण अनशन ) भी प्रारंभ होगा

**कुक्षी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश के बड़े जिलों में शुमार जिला धार से पृथक कर जिले की आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र की बड़ी तहसील कुक्षी को जिला बनाने की मांग हम निरंतर करते आ रहे है।

जिसे लेकर हस्ताक्षर अभियान, समर्थन पत्र अभियान व मांग पत्र प्रेषित किये गए थे। सभी दृष्टि से कुक्षी जिला बनाये जाने हेतु सक्षम है।

आगामी दिनांक~ 03 मई 2023 बुधवार स्थान~ बोर्ड ऑफिस चौराहे पर समय~ सुबह~ 11 बजे से शाम~ 4 बजे तक ÷कुक्षी जिला बनाओ आंदोलन÷ के बैनर तले धरना प्रदर्शन करेंगे।

उक्त दिनांक को धरना प्रदर्शन की अनुमति देकर धरना स्थल पर ज्ञापन प्राप्त करने हेतु उपस्थित होने के लिए निवेदन करते हुए ÷कुक्षी जिला बनाओ आंदोलन÷ प्रमुख सोमेश्वर पाटीदार ने भोपाल कलेक्टर को पत्र लिखकर अनुमति मांगी है। जिसकी प्रतिलिपि आवश्यक कार्यवाही हेतु मुख्यमंत्री, नेताप्रतिपक्ष विधानसभा म.प्र., गृह मंत्री व धार कलेक्टर को भी प्रेषित की गई है।




पत्र में उल्लेखित है कि, पूर्व में भी म.प्र. शासन ने हमारी मांग पर कार्यवाही करते हुए कुक्षी को जिला बनाने के सम्बंध में दिनांक~ 03/01/2021 को राजस्व विभाग ने धार कलेक्टर को पत्र प्रेषित किया। जिसकी प्रतिलिपि आंदोलन प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता सोमेश्वर पाटीदार को भी प्राप्त हुई थी। अवर सचिव सुमन रायकवार के पत्र क्रमांक-861/894/2019/सात-7 भोपाल दिनांक-28/12/2019 में उल्लेखित है कि, कुक्षी जिला बनाने विषयक प्रकरण के सम्बंध में मुख्यमंत्री कार्यालय के पत्र क्रमांक-17572/सीएमएस/पीयूबी/2019, दिनांक-11/09/2019 संलग्न आदेशानुसार लेख है कि, कुक्षी को जिला बनाने के सम्बंध में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट कर, प्रतिवेदन अभिमत सहित इस विभाग को भेजे। जिसके पश्चात दिनांक~ 02/02/2020 को बिंदुवार मय नज़री नक्शे जानकारी हमारे द्वारा भी भेज दी गई थी।

पाटीदार ने कहा कि, निरंतर कई वर्षो से उपरोक्त मांग को लेकर प्रदेश सरकार व प्रशासन को लगातार ध्यानाकर्षित करवाने हेतु मुख्यमंत्री को खून से लिखा पत्र भी प्रेषित किया था।

दिनांक-27 फरवरी 2022 से अनिश्चिकालीन साप्ताहिक धरना प्रदर्शन प्रति रविवार रात्रि 8 से 10 बजे तक कुक्षी में जारी है।

आरएसएस के कार्यो की दृष्टि से भी कुक्षी जिला है, जिस पर म.प्र.शासन की मोहर लगाकर कुक्षी को जिला बनाने की मांग को लेकर दिनांक -25 मई 2022 से 03 जून 2022 तक लगभग 800 किमी की दूरी तय कर साइकिल यात्रा करते हुए कुक्षी से आरएसएस मुख्यालय नागपुर (महाराष्ट्र) पहुँचकर भी मांग प्रस्ताव पत्र आंदोलन प्रमुख सोमेश्वर पाटीदार ने सौपा था एवं पूर्व में कुक्षी को जिला बनाने की मांग को लेकर दिनांक~ 07 अक्टूम्बर 2021 गुरुवार (शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस) से 26 जनवरी 2022 गणतंत्र दिवस (112 दिवस) तक मौन भी रहे है।

इसी मनोकामना को लेकर संभावित कुक्षी जिला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर शिव आराधना के पवित्र श्रावण माह में 12 शिवलिंगों का अभिषेक किया गया।

दिनांक~25 नवंबर 2022 से ÷जनहित का सफ़र÷ नामक जनसंपर्क यात्रा जारी है, जिसमें हम संभावित कुक्षी जिला क्षेत्र के कुक्षी, मनावर, गंधवानी विधानसभा क्षेत्रों में गाँव-गाँव, फलिए-फलिए पहुँचकर ग्रामीणों से आपके (मुख्यमंत्री) के नाम कुक्षी जिला बनाने हेतु पोस्ट कार्ड प्रेषित करवा रहे व हस्ताक्षर अभियान भी चला रहें है। साथ ही कुक्षी जिला बनने से क्षेत्र का विकास व आमजनों को क्या लाभ होगा, उसकी विस्तृत में जानकारी देते हूए संवाद कर रहे है। दिनांक-16 दिसंबर 2022 को व्यापारी संघ ने कुक्षी जिला बनाओ आंदोलन के समर्थन में सांकेतिक स्वेच्छिक नगर बंद कर व्यापार बंद रखा था।

हमारी जनहितैषी मांग पर संवैधानिक पद पर होकर भी मुख्यमंत्री शिवराजसिंह के भेदभावपूर्ण रवैये के कारण शारदीय नवरात्र (वर्ष-2022) की महानवमी से जूते चप्पल का त्याग कर नंगे पैर चलता हूँ। कुक्षी जिला बनने के पश्चात माँ नर्मदा पैदल परिक्रमा एवं कुक्षी से माँ कालिका मंदिर पावागढ (गुजरात) पदयात्रा का संकल्प भी लिया है।

पाटीदार ने बताया कि, इसके अतिरिक्त आंदोलन को गति देते हुए आगामी दिनांक~ 31 मई 2023 बुधवार माँ गायत्री के जन्मोत्सव दिवस से अनिश्चितकालीन उपवास (आमरण अनशन) करूंगा।

पर्याप्त समय रहते आप तक यह सूचना कर रहा हूँ। इस दौरान मेरे सहित तमाम आंदोलनकारियों को किसी भी प्रकार की तकलीफ होकर शारिरिक या अन्य हानि हुई उसका सिर्फ और सिर्फ जिम्मेदार शासन-प्रशासन होगा।

हम निःस्वार्थ भाव से जन-जन के हित में विकास की महत्वपूर्ण मांग को परिणाम तक पहुँचाने हेतु निर्विकल्प होकर दृढ़ संकल्पित है। उधर आंदोलन के समर्थन में दिनोदिन सामाजिक धार्मिक संगठनों के साथ ही राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का समर्थन पत्र भी मिल रहे है। इनके द्वारा भी कुक्षी को जिला बनाने हेतु मुख्यमंत्री से आग्रह किया जा रहा है।

# अब सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री हुआ अदाणी ट्रांसमिशन लिमिटेड

**•भारतीय उद्योग परिसंघ-आईटीसी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट (सीआईआई-आईटीसी सीईएसडी) ने एटीएल को 'सिंगल-यूज प्लास्टिक फ्री' के रूप में प्रामाणिक किया है।**

**•यह सर्टिफिकेशन सस्टेनेबिलिटी प्राप्त करने की दिशा में बिज़नेस कम्युनिटी किये गए प्रयासों को दर्शाता है।**

**•एटीएल की कुल 37 ऑपरेशनल साइट्स, यानी 30 सबस्टेशन और स्टोर सहित 7 ट्रांसमिशन लाइन क्लस्टर, को 'सिंगल-यूज प्लास्टिक फ्री' के रूप में प्रमाणित किया गया है।**

**•इस उपलब्धि ने संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य 12 के साथ, समूह के संरेखण के लिए एटीएल की प्रतिबद्धता को मजबूत किया है।**

**अहमदाबाद/जीएनएस।** भारत की सबसे बड़ी निजी ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी और वैश्विक रूप से विविध अदाणी पोर्टफोलियो का हिस्सा, अदाणी ट्रांसमिशन लिमिटेड (एटीएल) को 'सिंगल-यूज प्लास्टिक फ्री' के रूप में मान्यता दी गई है। भारतीय उद्योग परिसंघ-आईटीसी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट (सीआईआई-आईटीसी सीईएसडी), जो सस्टेनेबिलिटी प्राप्त करने की दिशा में बिज़नेस कम्युनिटी का समर्थन करता है, ने देश के 10 राज्यों में फैले हुए अपने 37 ऑपरेशनल साइट्स के अंदर, सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री उपायों के सफल स्वैच्छिक कार्यान्वयन के लिए एटीएल को प्रमाणित किया है। सर्टिफिकेशन से जुड़ी आवश्यकताओं के साथ कंपनी के कंप्लायंस की पुष्टि ऑन-साइट मूल्यांकन और सहायक डाक्यूमेंट्स के परिक्षण द्वारा की गई है।

÷इलेक्ट्रिक यूटिलिटी कंपनियों की ईएसजी बेंचमार्किंग में दुनिया की शीर्ष 10 कंपनियों÷ में रैंकिंग के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, एटीएल ने कई परियोजनाओं की शुरुआत की थी। एटीएल को सिंगल-यूज़ प्लास्टिक फ्री बनाना सुनिश्चित करना भी उस दिशा में जारी परियोजनाओं में से एक था। 37 एटीएल ऑपरेशनल साइट्स, यानी 30 सबस्टेशन और 7 ट्रांसमिशन लाइन क्लस्टर, जिसमें स्टोर भी शामिल हैं, को ÷सिंगल-यूज़ प्लास्टिक फ्री÷ के रूप में प्रमाणित किया गया है। यह सर्टिफिकेट 22 फरवरी 2023 से 21 फरवरी 2024 तक वैध है। इस उपलब्धि ने संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य÷ 12 के साथ समूह के संरेखण के लिए एटीएल की प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। यह कंपनी की सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट के माध्यम से अपने सभी स्टेकहोल्डर्स और इन्वेस्टर्स को कंपनी द्वारा प्रकट किए गए मटेरियल मुद्दों के लिए, अपनी ईएसजी रणनीति और ठोस प्रयासों के अनुरूप है।

2030 तक प्लास्टिक के लिए सर्कुलर इकॉनमी की तरफ एक बदलाव के लिए एटीएल द्वारा प्लास्टिक फुटप्रिंट को कम करना एक आवश्यक कदम है। इस सर्टिफिकेशन के जरिये होनी प्रशंसा में इजाफा करने के साथ, एटीएल ÷जीरो वेस्ट टू लैंडफिल सर्टिफिकेशन÷, ÷वाटर पॉजिटिव सर्टिफिकेशन और ÷सिंगल-यूज़ प्लास्टिक फ्री कंपनी÷ सर्टिफिकेशन प्राप्त करने वाली पहली भारतीय विद्युत उपयोगिता बन गई है।

## अदाणी ट्रांसमिशन लिमिटेड के बारे में-

अदाणी ट्रांसमिशन लिमिटेड (एटीएल) अदाणी पोर्टफोलियो की ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन बिजनेस शाखा है। एटीएल 18,795 सीकेएम के संचयी ट्रांसमिशन नेटवर्क के साथ देश की सबसे बड़ी निजी ट्रांसमिशन कंपनी है, जिसमें से 15,003 सीकेएम चालू है और 3,792 सीकेएम निर्माण के विभिन्न चरणों में है। एटीएल मुंबई और मुंद्रा एसईजेड के 12 मिलियन से अधिक उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान करने वाला एक वितरण व्यवसाय भी संचालित करता है। आने वाले वर्षों में भारत की ऊर्जा आवश्यकता चौगुनी होने के साथ, एटीएल एक मजबूत और विश्वसनीय पावर ट्रांसमिशन नेटवर्क बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

अधिक जानकारी के लिए कृपया देखें www.adanitransmission.com/

मीडिया प्रश्नों के लिए, कृपया संपर्क करें÷ निवेशक संबंधों के लिए, कृपया संपर्क करें÷

रॉय पॉल विजिल जैन
अदाणी पोर्टफोलियो अदाणी ट्रांसमिशन लिमिटेड
roy.paul@adani.com:
vijil.jain@adani.com;

# एक्टर वर्धन पुरी ने दिवंगत सतीश कौशिक के साथ अपकमिंग फिल्म 'नौटंकी' के सेट पर बिताए वक्त को किया याद, कहा- वो थे फैमिली





**जीएनएस।** 'ये साली आशिकी' से बतौर लीड इंडस्ट्री में अपना डेब्यू करने वाले एक्टर वर्धन पुरी ने हाल में दिवंगत बहुमुखी अभिनेता सतीश कौशिक के साथ दो बार स्क्रीन स्पेस शेयर करने पर खुद को बताया लकी, जिसमें उनकी जल्द रिलीज होने वाली विवेक अग्निहोत्री की 'नौटंकी'भी शामिल है।

वर्धन ने बताया, ÷सतीश जी न केवल एक महान अभिनेता और सह-अभिनेता थे, बल्कि एक फादर फिगर, वेल विशर और एक ऐसे व्यक्ति भी थे जिन्हें मैं फैमिली का सदस्य मानता हूं। मुझे अभी भी याद है जब हमने अपनी पहली फिल्म 'ये साली आशिकी' में एक बहुत ही अहम भूमिका निभाने के लिए सतीशजी को अपरोच किया था, तो वह इसे करने के लिए बहुत उत्साहित थे क्योंकि उन्हें स्क्रिप्ट और उनकी भूमिका पसंद आई थी लेकिन बहुत दुख की बात है कि हमारी डेट्स थोड़ी बदल गई और उनके कुछ पहले के कमिटमेंट्स थे, इसलिए वह फिल्म नहीं कर सकें और जिसके लिए उन्होंने अपनी नाखुशी भी जाहिर की। और फिर एक और भूमिका थी जो बाद में लिखी गई थी जिसमें एक अहम किरदार था जो फिल्म में मेरे किरदार का परिचय देने वाला था और हम फिर से सतीशजी के पास गए। वह इतने दयालु थे कि उन्होंने मुझसे कहा कि वह अपने रोल के बारे में नही जानना चाहते क्योंकि उन्होंने मुझसे कहा कि अगर हमने उन्हें कोई भूमिका दी हैं, तो वह जरूर ही खास होगी और फिर वह इसे 5 सेकंड के भीतर करने के लिए तैयार हो गए। यह सिर्फ एक दिन की शूटिंग थी लेकिन हमारा अनुभव बहुत अच्छा था, विशेष रूप से वर्ड ऑफ विजडम जो उन्होंने हमारे साथ साझा किए, जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकेगा।

उन्होंने आगे कहा, ÷मुझे याद है कि मैं दुआ कर रहा था कि मैं इस खूबसूरत इंसान और शानदार अभिनेता (सतीश कौशिक) के साथ फिर से काम करना चाहता हूं क्योंकि %ये साली आशिकी% के सेट पर जो अनुभव मुझे मिला वह अभूतपूर्व था। और जैसा कि किस्मत में लिखा था, एक साल के भीतर फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री ने मुझे अपनी अगली फिल्म नौटंकी' के लिए साइन कर लिया, जो बहुत जल्द रिलीज होगी। इसमें मुझे फिर से मोस्ट वर्सेटाइल और अककॉम्पलिश्ड एक्टर सतीशजी के साथ काम करने का सौभाग्य हासिल हुआ।÷

वर्धन पुरी ने आगे 'नौंटकी' के सेट से एक दिलचस्प किस्सा भी साझा किया और बताया, ÷मुझे याद है कि मैंने एक बार उन्हें सेट पर सतीश सर कहा था और उन्होंने मुझसे कहा था, ÷बेटे, अगर आप मुझे सतीश अंकल कहते हैं तो मुझे अच्छा लगेगा क्योंकि मैं परिवार हूं। अंकल कहने से और प्यार बढ़ेगा। सर से वो एक सीनियर वली फीलिंग आती है। और हम सेट पर बतौर एक्टर्स बराबर हैं। वह एक ऐसे इंसान थे जिनका दिल सोने का था और उन्होंने मुझे जिस तरह की एक्टिंग एडवाइस और प्रदर्शन के टिप्स दिए, वे मुझे हमेशा याद रहेंगे ... हमने ऐसे शानदार पल एक साथ साझा किए और हम अपना खाना भी एक साथ खाते थे। हम केवल अभिनय और सिनेमा ही नहीं, हर चीज पर बात करते थे।

वो आगे कहते हैं, ÷हम एक दिन भोपाल में 'नौटंकी' के सेट पर शूटिंग कर रहे थे और सतीशजी ने सिर्फ मेरा नाम पुकारा और कहा, ÷वर्धन बेटे इधर आना। कल तुने अनुपम (खेर) की बहुत अच्छी फोटो ली, मेरी भी एक बहुत अच्छी फोटो लेज मुझे देखना है मेरा गेट-अप कैसा जाच रहा है मेरे पे÷। मैंने तुरंत उनकी तस्वीर क्लिक की और जब उन्होंने इसे देखा, तो उन्होंने अपने अंदाज में कहा, ÷अरे यार, बड़ी अच्छी फोटो ली है तुने। मेरा एक बार फोटोशूट तू खुद अपने हाथों से जरूर करना। मजा आ जाएगा! और साथ में भी लेंगे अच्छी फोटो जो इंस्टाग्राम पर डालेंगे÷।इसे खत्म करते उन्होंने कहा, ÷यह मानवता और हमारे फिल्म इंडस्ट्री के लिए एक बड़ी क्षति है कि सतीश जी आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन मैं हमेशा उनकी फिल्मों के माध्यम से उन्हें सेलिब्रेट करूंगा। मैं उन्हें प्यार करता रहूंगा और उन्हें याद करता रहूंगा क्योंकि मैंने न केवल एक महान सह-अभिनेता को खो दिया है बल्कि मैंने एक ऐसे व्यक्ति को खो दिया है जो परिवार की तरह ही थे।

## पता करो

*छद्म नाम छद्म रूप,*
*असंख्य नाम पद्म रूप,*
*ना ही छांव ना ही धूप,*
*तर्क से है भागते,*
*अनवरत है जागते,*
*धन को ही ताकते,*
*बने हुए सिपहलसार,*
*हैं असल चतुर सियार,*
*धोखे से है करते वार,*
*बातों से करे जांनिसार,*
*वो तोड़ते हैं,*
*नहीं जोड़ते हैं,*
*अपनी ही रट्ट लगाये रहते*

*मन की दिशा को मोड़ते हैं,*
*बच निकलने की गजब कला*
*औरों पर ठीकरा फोड़ते हैं,*
*एक हो जाते ठीक समय पे*
*पग पग औरों को तोड़ते हैं,*
*पाबंदी लगाते इश्क़ पर,*
*कब्जा करते मष्तिष्क पर,*
*नहीं रक्त कभी बहाया है,*
*बस गाथाओं में उलझाया है,*
*सर की बलि ले लेके*
*साम्राज्य देखो पाया है,*
*विराम देता हूं अपनी वाणी,*
*पता करो है कौन ये प्राणी?*

## सृजन यात्रा के साथी

*सृजन के सहयात्री एक नहीं*
*अनेकानेक सृजन यात्रा में*
*सृजनकार के साथ -साथ*
*हर? पल हर क्षण संग संग*
*कलम कूंची के चलते रहते हैं...*
*जल जंगल जमीन जन जन*
*प्रकृति के अनमोल हर नजारे*
*बहती नदियां ,हवाओं में*
*झूमते लहराते छोटे बड़े पेड़*
*पहाड़ ,पहाड़ों से बहते झरने*
*आसमां में उड़ते फिरते बादल ...*
*कलरव करते रंगबिरंगे पंछी*
*प्रात्काल उगता नित सूरज*
*रात्रि काल में चमचमाते तारे*

*काले कैनवास पर चमचमाता*
*मां की बिंदी सा चांद*
*कभी आधा कभी पूरा ...*
*सावन की घटाएं रिमझिम पानी*
*किसी की प्रेरणा किसी की*
*अमर कहानी ,सदगुरुओं की*
*सदविचार अमर वाणी*
*महापुरुषों संतों की जुबानी*
*दृश्य अदृश्य सतरंगी सपने*
*कुछ भूत कुछ अतीत के तो*
*वर्तमान के जागते रुपहले...*
*मेरे साथ ही नहीं सभी सृजन*
*सहयात्रियों के साथ ता उम्र*
*चलते है*

*दिशा-दर्शन पथ संचालक होते हैं।*
*ये साथ न हो तो सृजन सुख*
*कभी हो नहीं सकता*
*कविता गीत कहानी कथा में*
*यशगाथा के ओजस्वी स्वर न होते*
*सृजन के वे सब साथी जो*
*रच रहे हैं रोजाना साहित्य नया*
*हाथ की कलम अनंत दुनियां*
*उन सबके प्रति आभार ज्ञापित*
*जो मेरी सृजन यात्रा में है*
*सहयात्री।*

***- लाल बहादुर श्रीवास्तव***

# मैं बोलूँगा तो बोलोगे कि बोलता है

## (प्रकृति अपना न्याय खुद करती है)


पिछले दिनों सूरत के एक न्यायालय ने राहुल गांधी को एक अपमानजनक टिप्पणी के मामले में दोषी स्वीकार करते हुए उन्हें दो साल की सजा सुनाई।राहुल गांधी को ऐसे कई मामले में आगे भी दोषी ठहराया जाएगा क्योंकि इस व्यक्ति को कहाँ क्या बोलना है इस बात की कोई समझ नहीं है।बगैर सोचे समझे कुछ भी बोल देना राहुल गांधी का फितरत रहा है।और इसी बड़बोलेपन के कारण कांग्रेस की दुर्गति होती चली गई।राहुल गांधी के अलावा उनके पार्टी के बाकी नेताओं का भी यही हाल है।दिग्विजयसिंह से लेकर मणि शंकर अय्यर तक सभी नेता अपनी उटपटांग एवम असभ्य टिप्पणियों के कारण कांग्रेस को क्षति पहुंचाते रहे हैं और इन्हीं नेताओं के कारण आज देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी की ये दुर्दशा हो गई है।बी जे पी की सफलता के पीछे इन्हीं नेताओं का हाथ रहा है।राजनीति में आपको कब क्या बोलना है इसकी जानकारी अवश्य होनी चाहिए।दरअसल लोग अपनी वास्तविक स्थिति को समझने में भूल करने लगते हैं।उन्हें लगता है कि ये स्थिति बराबर रहने वाली है।कई बार लोग सत्ता के नशे में ऐसे चूर हो जाते हैं जैसे ये सत्ता उंनको हमेशा के लिए प्राप्त हो गई हो।आज उत्तरप्रदेश का उदाहरण आप सब के सामने है जहाँ मुख्तार अंसारी, आजम खां से लेकर अतीक अहमद तक के खात्मे की शुरूआत हो चुकी है जबकि एक समय इनकी तूती बोलती थी।हर चीज की एक इंतहा होती है।और उसके बाद उसका पतन होने लगता है।राजनीति और अपराध जगत में ये अक्सर देखा गया है कि शीर्ष पर पहुंचने वाले का अंजाम बहुत बुरा होता है।महाराष्ट्र में कुछ दिनों पहले तक उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बनकर इठलाते फिर रहे थे लेकिन एक झटके में वे अर्श से फर्श पर आ गए।संजय राउत की हेकड़ी निकल गई।वही हाल राज ठाकरे का भी हुआ।ये सब के सब नेता सत्ता के मद में चूर हो गए थे।आज ये सब के सब महाराष्ट्र की राजनीति में फ़िलहाल हाशिय पर चले गए हैं।शिंदे को कोई जानता तक नहीं था वह मुख्यमंत्री बना बैठा है।यही प्रकृति का नियम है।एक इंसान का भाग्य उसे कब कहाँ ले जाएगा इसका किसी को कुछ पता नहीं रहता है।कोई अगर राजा है तो वह अगले पल रंक भी हो सकता है।एक समय आशा राम बापू की तूती बोलती थी आज वह जेल में सड़ रहा है और वहीं दूसरी तरफ प्रदीप मिश्रा से लेकर धीरेंद्र शास्त्री जैसे लोग लोगों के सिरमौर बने हुए हैं।इनका भी कब पतन हो जाएगा ये कोई नहीं जानता है लेकिन आज ना कल ये होगा जरूर।अगर ऐसा ना हो तो लोग अपने आप को भगवान ही समझने लगे।और जो लोग दुर्भाग्यवश ऐसा समझते हैं उनका अंजाम हमेशा बुरा ही होता है।प्रकृति की अपनी न्याय व्यवस्था है और वह इसके अंतर्गत अपना कार्य करते रहती है।अच्छा दौर हो या बुरा दौर हो ये समय के साथ साथ बदलता रहता है।जिस तरह इस धरती के सभी प्राणी नश्वर हैं उसी तरह धरती पर वक्त भी नश्वर है जिसका अंत अवश्य होता है।इसलिए अगर अच्छा वक्त आये तो उसपर कतई गुमान नही करें उसी तरह अगर बुरा वक्त आये तो बगैर घबराए उसके बदलने का इंतजार करें।सबसे तेजी से राजनीति में वक्त बदलता है।अगला पल किसका क्या होगा ये कोई नहीं जानता है।लेकिन इसमें भी जो लोग धैर्यवान होते हैं उनकी स्थिति थोड़ी बहुत ठीक रहती है चूँकि उंनको वक्त के भांपने की क्षमता होती है।स्वर्गीय रामविलास पासवान इसके खास उदाहरण हैं जो अपने वक्त के भांपने के बुद्धि कौसल से सत्ता के शीर्ष पर काबिज रहे।बहुत से दलबदलू नेता यही करते हैं लेकिन सभी सफल होते हैं ऐसा नहीं है।इसके लिए आपमें असाधारण क्षमता की आवश्यकता होती है। जिन लोगों में वक्त के साथ चलने या बदलने की क्षमता होती है वे निश्चित रूप से अपने जीवन में सफल होते हैं।लेकिन जो लोग वक्त के साथ ताल मेल नहीं बिठा पाते हैं वे जीवन के दौड़ पीछे रह जाते हैं।दुनिया में आपकी सफलता का मूल मंत्र यही है कि आप वक्त की नजाकत को समझते हुए अपने आप में तब्दीली करते रहें।लकीर के फ़क़ीर बने रहने से आपकी प्रगति अवरुद्ध हो जाएगी।आज बीजेपी के सफलता के पीछे यही कारण है।बीजेपी ने सही समय पर राष्ट्रीयता को हिंदुत्व से जोड़ दिया और इसका नतीजा ये हुआ कि अब ना चाहते हुए भी देश में राजनीतिक विचारधारा दो ध्रुवों में बंट गया है।अब अगर आप हिन्दुत्व के मुद्दे से अपने आप को अलग करते हैं तो निश्चित रूप से आप देश विरोधी कहलायेंगे।और बहुसंख्यक समाज अपने आप को किसी भी हालत में इस कैटेगरी में अपने आप को नही रखना चाहेगा।अब लड़ाई इस बात की रहेगी कि आप देश प्रेमी हैं या देश विरोधी।समाज का एक वर्ग तो तथाकथित तौर पर देश विरोधियों में शामिल किया जा चुका है।इनके सारे कृत्य अगर हिन्दू विरोधी हैं तो वे स्वाभाविक तौर पर देश विरोधी हो जाते हैं।और उंनको समर्थन देने वाली पार्टी भी उसी जमात में खड़ी होती दिखाई देती है।कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, या राष्ट्रीय जनता दल आदि पार्टी एक विशेष वर्ग के वोट के चक्कर में हिन्दू विरोधी पार्टी में शामिल हो चुकी हैं इसलिए राष्ट्रीय स्तर पर इनका शुमार देश विरोधी पार्टी के रूप में स्थापित हो चुका है।और इसका सीधा फायदा बीजेपी को मिल रहा है।ये तमाम पार्टियां कितना भी हाथ पैर मार लें ये अब बीजेपी से मुकाबला करने की स्थिति में नही हैं। स्थानीय स्तर पर एक आध नेता अपने बदौलत कुछ सीट हासिल करने में कामयाब जरूर हो पाएँ पर व्यापक तौर पर इसका प्रभाव नगण्य रहने वाला है।अभी राहुल गांधी के सजा होने के बाद कुछ राजनीतिक दल जो कांग्रेस से दूरी बनाए रखे हुए थे वे इस सोच के साथ कांग्रेस से जुड़ना चाहते हैं कि राहुल गांधी को सहानभूति वोट मिलेगा।लेकिन ऐसा कदापि नहीं है।राहुल गांधी की अपील जनता में ना के बराबर है।आम जनता राहुल गांधी को मसखरे के रूप में लेती है।राहुल गांधी राजनीतिक पटल पर एक हास्य कलाकार के रूप में स्वीकार किये जाते हैं।इनका सारा वक्तव्य लोगों के मनोरंजन के रूप में पेश होता है।रोज राहुल गांधी पर नए नए जोक्स बनते रहते हैं।जब ये स्थिति किसी नेता के साथ हो जाये तो ये समझ लेना चाहिए कि उस व्यक्ति का राजनीतिक भविष्य खत्म हो चुका है।राहुल गांधी के साथ साथ उनके इर्दगिर्द रहने वाले भी उनके भविष्य को और गर्त में ले जाने का कार्य करते रहते हैं।किसको क्या बोलना चाहिए इसका अता पता इन लोगों को नही रहता है।ऐसा प्रतीत होता है कि राहुल गांधी के इर्दगिर्द मूर्खों का जमघट लगा हुआ है।किसी में तो राजनीतिक सूझ बूझ होनी चाहिए।लेकिन वहाँ वैसा कुछ भी नहीं मिलेगा।सभी आपको एक ही थैली के चट्टे बट्टे जैसे दिखाई देंगें।आने वाले समय में बीजेपी का विकल्प कोई नहीं दिखाई दे रहा है और ये देश के हित में है।क्योंकि अभी देश को एक सशक्त पार्टी की आवश्यकता है जो देश को प्रगति के मार्ग पर आगे लेकर चले।विश्व के हालात को देखते हुए अभी देश में राष्ट्रवादी पार्टी की ही जरूरत है।ये देश अब तुष्टिकरण के हिसाब से आगे नही बढ़ पायेगा।अगर देश को विश्व स्तर पर शक्तिशाली बनाना है तो एक मजबूत पार्टी को ही आगे ले जाना होगा।और आज देश में बीजेपी के अलावा कोई भी दल राष्ट्रीय स्तर पर उतना सशक्त नही है।क्षेत्रीय दल कभी भी राष्ट्रीय जरूरतों को पूरा नहीं कर सकते हैं।आज मोदी जी के स्तर का कोई भी राष्ट्रीय नेता नही है जिसकी स्वीकृति पूरे देश में हो।इसलिए आने वाले चुनाव में मोदी जी के नेतृत्व में ही सरकार बनने जा रही है।इसलिए मोदी विरोधी किसी खुशफहमी में ना रहें।



**-डॉ संजय श्रीवास्तव**

# सुम्मी चिड़िया की सीख'

साहित्य सृजन करना,और साहित्य में जीना बिलकुल अलग बात है,बाल कहानीकार श्री टिकेश्वर सिन्हा जी,इन बातों में यदि कोई मेल खाता है तो वह है ,साहित्य में जीना।श्री सिन्हा सर जी वास्तव में साहित्य के लिए जीते हैं।चौबीस घंटे चौबीस पहर,सिर्फ और सिर्फ साहित्यं के लिए समर्पित रहते हैं। इनके दूसरे पहलू की बात करें तो इनका सारा ध्यान,मनन चिंतन,बाल साहित्य सृजन पर आ टिकता है।ऐसा भी नहीं है की वे मात्र बाल साहित्य ही लिखते है,श्री सिन्हा जी की लेखनी सामाजिक स्वच्छता, पारंपरिक, ऐतिहासिक और समसामयिक साहित्य पर भी आबाध गति से चल रही है! जिसमे उनका जीता जागता उदाहरण लघुकथा,कहानी, लेख,आलेख, हायकू, नई कविता आदि है।लेकिन घुमफिर कर उनकी लेखनी वहीं आके रुक जाती है,जहां से वह बाल साहित्य की सृजन कर सके।और इस बाल साहित्य सृजन में उनका कोई जवाब नही हैं।इस मामले में वे बेजोड़ हैं।जिसमें उन्होंने बाल कविता,बालकहानी,बाल पहेली,लिखने में अपनी विशेष पहचान बनाई है। और इसी पहचान को बरकरार रखते हु ए उन्होंने बाल सुलभ मनोभावों को सुंदर अभिव्यक्त करते हुए बाल किशोर कहानी संकलन के रूप में ÷सुमी चिड़िया की सीख सृजन कर डाली। जिसमें उन्होंने बाल मन में उठने वाली जिज्ञासा,अभिलाषा,निष्ठा,प्रेम,ममता,आत्मविश्वास,स्वाभिमान,मिट्टी के प्रति अपनापन की भावना को अपनी कहानी का माध्यम बनाया है।इस संकलन में उनकी पहिली कहानी शशांक की गुरु भक्ति हैजिसमे गुरु के प्रति अगाध श्रद्धा और विश्वास को जगाया है,जिसमें शशांक को फूल तोड़ते समय सर्फ के डसने पर भी गुरु के प्रति निष्ठा,बनी रहती है,और जान जोखिम में डाल कर भी अपना कर्तव्य पूरा करता है।दूसरी कहानी करनी का फल में सारे पंछियों द्वारा एकता का परिचय देते हुए,कौए को सबक सिखाना है।तीसरी कहानी हृदय परिवर्तन है जिसमे राजा शशांक चंद्र को बेटी सृष्टि द्वारा कर्तव्य बोध कराकर निरीह प्राणियों की रक्षा लिए संकल्प कराना।चौथी कहानीराखी का मानहै जिसमे भाई की याद में रोती हुई बहन का मुस्लिम करीम भाई जान के द्वारा राखी बंधवाकर और जान की बाजी लगाकर कर्तव्य और समरसता का परिचय देना।पांचवी कहानीछोटी बहनहै जिसमे चोटी बहन के द्वारा भाई बहन के अटूट प्रेम को दर्शाते हुए, अपने बड़े भाई बिट्टू के दोष को छिपाना और अपने ऊपर ले लेना।छठवीं कहानीसच्ची मित्रता है इसमें भंगी द्वारा पेड़ से गिरनकर मूर्छित होना और मित्रता की मिशाल प्रस्तुत करते हुए सारे मित्रो का साथ देना। सातवीं कहानी खुशियां लौट आईहैं,जिसमें जंगल के रहने वाले प्राणियों के माध्यम से यह बताया गया की एकता और भाईचारे से बड़े से बड़ा समस्या का समाधान हो जाता है,जैसे की उन्होंने मिलजुलकर अपने जंगल में बांध बनाकर जल की समस्या को दूर कर लिया।आठवीं कहानी मटके का पानीहै जिसमे ज्ञान-विज्ञान की बात करते हुए कहानीकार ने मटके का पानी ठंडा क्यों होता है ?इस पर उन्होंने मटके के अनगिनत छिद्रों से वाष्पीकरण का होना बताया। इसी प्रकार क्रमशः महत्वाकांक्षामें प्रणव के अनुरूप लकड़ी के काम करने हेतु माता पिता द्वारा प्रोत्साहित करना।मनु समझ गया,बाइक ड्राइविंग,सुमी चिड़िया की सीख,शौचालय बन गया,जननी जन्मभूमिश्च,अहसास,हैप्पी दिवाली,इस बार होली कहानियां सुंदर बन पड़ी है,जिसमे कहानीकार सुंदर मुहावरें जैसे पौ फटना,दिल पसीना,आंखों से ओझल, सिट्टी पिट्टी गुम होना,आदि का उपयोग करते हुए प्रकृति पर्यावरण व आंचलिक,सरल सहज भाषा और भाव को कलात्मक बना दिया है।और अपनी बाल मनोवृति का परिचय देने में सफल हुए है।जिसको पढ़कर बाल किशोर मन को जरूर सीख मिलेगी।



**-समीक्षाकार अशोक पटेल "आशु"**

# किरदारों के नये कारनामे!







**जीएनएस।** एण्डटीवी के शोज 'दूसरी माँ', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' की इस सप्ताह की कहानी आपको जरूर देखनी चाहिये। एण्डटीवी के 'दूसरी माँ' की कहानी के बारे में बताते हुये अशोक ने कहा, ''कृष्णा (आयुध भानुशाली) को निर्दोष साबित करने के लिये, यशोदा (नेहा जोशी) उस ऑटो ड्राइवर को ढूंढना शुरू करती है, जो इकलौता गवाह है। लेकिन कामिनी (प्रीति सहाय) एक योजना बनाती है और ड्राइवर को उनकी मदद करने से रोकने के लिये ढेर सारे पैसे देती है। वे जैसे ही ऑटो ड्राइवर के पास पहुंचते हैं, वह उन्हें किडनैप कर लेता है। मनोज (आरजे मोहित) कृष्णा का बचाव करता है और अदालत कृष्णा को बेगुनाह साबित कर देती है। हालांकि, उस समय हालात थोड़े मुश्किल हो जाते हैं, जब यशोदा परिवार वालों को बताती है कि कृष्णा असल में अशोक और माला का बेटा है। एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में बात करते हुये बिमलेश ने कहा, ''राजेश (कामना पाठक) जब हप्पू (योगेश त्रिपाठी) को बताती है कि बिमलेश (सपना सिकरवार) एक क्लैप्टोमेनिएक है, तो वह चैंक जाता है। अगले दिन, ज्वेलर आता है और कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) का खानदानी हार लौटाता है, जिसे उन्होंने पॉलिश करने के लिये दिया था। इस बीच राजेश की सहेली करिश्मा उन्हें अपनी बहन की शादी के लिये आमंत्रित करती है। राजेश हप्पू से कटोरी अम्मा का खानदानी हार दिलवाने के लिये कहती है। सभी लोग शादी के लिये तैयार होकर घर से निकलते हैं। बिमलेश की चोरी करने की आदत को लेकर बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) चिंतित है। जब सभी लोग शादी से वापस लौटते हैं, तो उन्हें पता चलता है कि खानदानी हार खो गया है।'' एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' की कहानी के बारे में बताते हुये अनोखे लाल सक्सेना ने कहा, ''सक्सेना (सानंद वर्मा) की सलाह पर विभूति एक ब्लॉगर बन जाता है। इस बीच अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) तिवारी के ब्रांड का मॉडल बनने के उसके ऑफर को ठुकरा देती है और उसे सुझाव देती है कि इसके लिये किसी दूसरी लड़की को लिया जाना चाहिये। दूसरी ओर अंगूरी (शुभांगी अत्रे) अम्मा जी (सौम्या राठौड़) की बात मानकर सक्सेना को तिवारी की जासूसी करने के लिये नियुक्त करती है, जो अंगूरी को बताता है कि तिवारी किसी लड़की से मिला है। विभूति ब्लॉगर के रूप में मशहूर होने के बाद तिवारी से कहता है कि वह उसे अपने ब्रांड का प्रचार करने के लिये ब्रांड एम्बेसेडर बना दे।''

**देखिये 'दूसरी माँ' रात 8:00 बजे, 'हप्पू की उलटन पलटन' रात :00 बजे और 'भाबीजी घर पर हैं' रात :30 बजे, हर सोमवार से शुक्रवार, सिर्फ एण्डटीवी पर!**

# प्लायवुड कंपनी में अटैच करने के नाम पर ट्रक लेकर फरार हो गए आरोपी 3 साल बाद पुलिस की गिरफ्त में

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्लायवुड कंपनी में ट्रक अटैच करने का झांसा देकर ठिकाने लगाने वाले दो आरोपी 3 साल बाद पुलिस की गिरफ्त में आए हैं। जिनसे 5 दिन की रिमांड पर पूछताछ की जा रही है। 2021 में मामला दर्ज होने के बाद गिरोह के एक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका था। दूसरा अग्रिम जमानत पर है।

चिमनगंज थाना एसआई सचिंद्र सिंह सेंधव ने बताया कि 2019-20 में इंदिरा नगर के रहने वाले भगवानसिंह और तीन अन्य लोगों के 8 ट्रक कुछ शातिर बदमाशों ने प्लायवुड कंपनी में अटैच करने के नाम पर लिए थे। बदले में 80 हजार से 1.20 लाख रुपए प्रतिमाह देने का एग्रीमेंट भी कराया था। लेकिन शातिर बदमाश ट्रक लेकर फरार हो गए थे। भगवानसिंह की शिकायत पर 2021 में धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया था और राजस्थान के बारां में रहने वाले दिलशाद को गिरफ्तार किया गया था। जिसकी निशानदेही पर एक ट्रक बरामद किया गया था, पूछताछ में उसने अपने गिरोह के साथियों की जानकारी दी थी लेकिन सभी फरार होना सामने आए थे। दिलशाद को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया था। मामले की जांच लगातार जारी थी और फरार आरोपियों को तलाशा जा रहा था। 3 साल बाद धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे जहाजपुर भीलवाड़ा के रहने वाले आमीन और महू के रहने वाले आसिफ को गिरफ्तार किया गया है। आसिफ पूर्व में जूना सोमवारिया का रहने वाला था। एसआई सेंधव के अनुसार दोनों को 5 दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले में एक आरोपी इरफान न्यायालय से अग्रिम जमानत ले आया। आरोपियों के गिरोह में एक महिला भी शामिल है।

### शराब तस्करी में बिहार पुलिस ने पकड़े तीन ट्रक

अब तक गिरफ्त में आए आरोपियों ने पूछताछ में कबूल किया है कि झांसा देकर ट्रक को पहले राजस्थान ले जाया जाता था जहां से दिल्ली और उसके बाद अवैध शराब तस्करी में बिहार तक पहुंचाया जाता था। उज्जैन से झांसा देकर लिए गए तीन ट्रक बिहार पुलिस ने अवैध शराब के साथ जप्त कर लिए हैं। चिमनगंज थाना पुलिस ने बिहार के अलग-अलग थानों से उक्त ट्रकों के संबंध में पूछताछ की तो सामने आया कि लाखों की शराब के साथ ट्रक जप्त किए गए हैं। एसआई सेंधव ने बताया कि आरोपियों द्वारा धोखाधड़ी कर लिए गए 8 ट्रकों में से चार की जानकारी सामने आ चुकी है। चार ट्रक के संबंध में रिमांड पर लिए गए आरोपियों से पूछताछ जारी है।

## अ.जा., अ.ज.जा. अत्याचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत गठित जिला स्तरीय मॉनीटरिंग समिति की बैठक 28 मार्च को

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत गठित जिला स्तरीय मॉनीटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में 28 मार्च मंगलवार को शाम 4 बजे प्रशासकीय संकुल भवन के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। बैठक में अत्याचार राहत प्रकरणों की समीक्षा, विशेष न्यायालय में चल रहे प्रकरणों की समीक्षा, पीड़ित व्यक्तियों को यात्रा भत्ता एवं दैनिक मजदूरी देने के सम्बन्ध में एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी।

## जनजागरण के माध्यम से टीबी जैसी जानलेवा बीमारी से बचा जा सकता है- महापौर




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 24 मार्च विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस पर टीबी को रोकथाम को लेकर राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक श्री पारसचन्द्र जैन, महापौर श्री मुकेश टटवाल, सीएमएचओ डॉ संजय शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

शुक्रवार को जिला चिकित्सालय में विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी के रोकथाम के लिए राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों द्वारा टीबी जैसी जानलेवा बीमारी के संबंध में जानकारी देते हुए उसके लक्षण एवं रोकथाम के बारे में बताया गया। कार्यक्रम को विधायक श्री पारसचन्द्र जैन एवं महापौर श्री मुकेश टटवाल ने भी संबोधित करते हुए कहां कि जनजागरण के माध्यम से टीबी जैसी जानलेवा बीमारी को रोका जा सकता है, नागरिकों को टीबी के लक्षण की जानकारी यदी रहेगी तो वे समय रहते चिकित्सक से संपर्क कर उसका उपचार समय पर करवा सकेंगे इसलिए हमे प्रयास करना चाहिए की नागरिकों तक ऐसी जानलेवा बीमारी से रोकथाम की जानकारी पहुंचे। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में भाग लेने वाले सर्वे वॉलिंटियर्स को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया।

मौसमः बादलों ने बढ़ाई उमस, फिर बिगड़ने लगा स्वास्थ्य

# पश्चिमी विक्षोभ के चलते तापमान में बना हुआ है उतार-चढ़ाव

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता आमजन के लिये परेशानी बन गई है। एक बार फिर मौसम में बदलवा से लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ता दिखाई दे रहा है। अस्पतालों में भीड़ लग रही है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि एक बार फिर बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है।

मार्च माह की शुरुआत होने पर लगा था कि गर्मी अपना असर दिखाएगी, इस बीच पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के साथ बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से मिली नमी ने मौसम का मिजाज बदलकर रख दिया था। बारिश, ओलावृष्टि ने किसानों को परेशानी में डाल दिया था। माह का दूसरा सप्ताह समाप्त होता एक नया सिस्टम सक्रिय हो गया, जिससे आमजन के स्वास्थ्य पर काफी असर पड़ता दिखाई। अब अंतिम सप्ताह में भी मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ का नया सिस्टम सक्रिय होना बताया है। जिसके चलते 2 दिनों से आसमान में बादल छाए हुए है। तेज धूप निकल रही है, लेकिन उमस महसूस होने लगी। जिससे लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ता दिखाई देने लगा। शुक्रवार को दिनभर धूप-छांव का वातावरण बना रहा और लोगों को दिक्कते होती रही। जीवाजीराव वेधशाला के अनुसार गुरुवार शुक्रवार रात न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री की गिरावट आई थी। इससे पहले तापमान 19 डिग्री पहुंच गया था। अधिकतम तापमान में 0.5 डिग्री का उछाल आया है। 20 मार्च को तापमान 30 डिग्री दर्ज किया गया था, उसके बाद से लगातार तेजी आ रही है। वेधशाला अधीक्षक की माने तो मार्च माह में अधिकतम तापमान सामन्य से कम बना हुआ है। इससे पहले मार्च माह में तापमान 35 डिग्री के आसपास दर्ज होता रहा है।

### सुबह 2 शाम को 8 किमी से चल रही हवा

मौसम में बदलवा के चलते हवा की र तार भी बदलती दिखाई दे रही है। सुबह 2 किलोमीटर प्रतिघंटे से तो शाम को 8 किलोमीटर प्रतिघंटे की बनी हुई है। कभी दक्षिण-पूर्वी तो कभी उत्तर-दक्षिणी हवा चल रही है। जिसके चलते ठंडक-गर्मी से बच्चों में सर्दी-जुखाम का वायरल बढ़ रहा है। 2 दिन पहले हवा की गति जीरों हो गई थी, जिससे रात के तापमान में तेजी आई थी और कूलर-पंखे की र तार तेज हुई थी, जो अब थमी हुई है।

### खेतों में 30 प्रतिशत फसल की कटाई

डूपश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के बीच बारिश-ओलावृष्टि से किसानों की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। मौसम में सुधार होते ही खेतों में खड़ी गेहूं-चने की फसल काटने का काम तेजी से चल रहा है। अब खेतों में 30 प्रतिशत फसल खड़ी दिखाई दे रही है। अधिकांश किसानों ने फसल कटाई का काम पूरा कर लिया है। जिसके चलते कृषि उपज मंडी में प्रतिदिन सौ से अधिक ट्रेक्टर-ट्राली पहुंच रही है।

# विश्व क्षय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर निकाली गई जनजागृति रैली



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आज 24 मार्च को विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जिला क्षय केन्द्र, जिला चिकित्सालय उज्जैन मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक श्री पारस जैन व महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा नोबल प्राईज विजेता राबर्ट कोच के चित्र व सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डॉ.संजय शर्मा सी.एम.एच.ओ., डॉ.एस.के.अखण्ड जिला स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ.भोजराज शर्मा आर.एम.ओ. जिला चिकित्सालय, डॉ.रेणुका डामोर जिला क्षय अधिकारी सहित विभाग के विभिन्न अधिकारी कर्मचारी, एन.सी.सी. वालंटियर, जी.आर.एम.ए इंडिया एवं एन.टी.ई.पी. कर्मचारी, रेडिया दस्तक 90.8 एफ.एम. के कर्मचारी उपस्थित थे।

विश्व क्षय दिवस के अवसर पर आम लोगो मे टीबी रोग के प्रति जनजागृति हेतु रैली का भी आयोजन जिला क्षय केन्द्र जिला चिकित्सालय से किया गया रैली का शुभारंभ शुभारंभ विधायक श्री पारस जैन व महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली जिला क्षय केन्द्र जिला चिकित्सालय उज्जैन से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए शहीद पार्क, फ्रीगंज उज्जैन पर समाप्त हुई। रैली मे विभागीय अधिकारी, कर्मचारी सहित नर्सिंग महाविद्यालय की छात्राऐ, भारतीय ज्ञानपीठ स्कूल के विद्यार्थी भी शामिल हुए।

इस अवसर पर विधायक श्री जैन द्वारा टीबी यूनिट उज्जैन 6 के टीबी मरीजो फूड बास्केट; निक्षय पोषण किट का वितरण किया गया। श्री जैन द्वारा उनकी बहू के नाम से एक टीबी मरीज को 6 माह के लिए पोषण सहायता हेतु 3600 रु राशि प्रदान की गयी। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ष्टस्क्र जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, कर्मचारी एवं सामान्य व्यक्ति निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को टीबी के उपचार तक प्रतिमाह फूड बास्केट देने हेतु निक्षय सॉफ्टवेयर मे स्वयं अपने आप को पंजीकृत कर टीबी मरीजों की सहायता दे सकते है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय शर्मा द्वारा बताया गया की जिले को सब नेशनल सर्टिफिकेशन सर्वे मे गोल्ड केटेगरी के लिए नॉमिनेट किया गयाहै। सर्वे मे 10 हजार एक सो 76 हाउस होल्ड का सर्वे किया गयाए 45 हजार 9 सो 38 लोगों का इंटरव्यू किया गया एवं 1356 संभावित टीबी मरीजों के स्पुटम की जांच की गयी जिसमे 6 टीबी मरीज पॉजिटिव मिले एवं एन.एन.सी. सर्वे मे उत्क्रष्ट कार्य के लिये वॉलंटियर को प्रशस्ति.पत्र एवं स्म्रति चिन्ह प्रदान किए गए।
वर्ष 2022 में उज्जैन जिले को राज्य स्तर से 83325 जाँच का लक्ष्य दिया गया था जिसमे से 65000 जांच की गयी एवं 5008 टीबी के केस नोटिफाइड किये गये। वर्तमान मे उज्जैन जिले मे 2125 टीबी मरीज टीबी की दवाई खा रहे है। 1882 में आज ही के दिन टीबी की बीमारी के लिये जिम्मेदार बेक्टिरिया माईकोबेकटेरियम की खोज की एवं रॉबर्ट कोच को 1905 में इसके लिये नोबल पुररूकार से सम्मानित किया गया था। इसके पहले टीबी को असाध्य बीमारी के रूप में जाना था। रॉबर्ट कोच के सम्मान में टीबी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिये प्रतिवर्ष 24 मार्च को विश्व क्षय दिवस मनाया जाता है।

दुनिया के 27 प्रतिशत टीबी के मरीज भारत में पाये जाते हैं और दो तिहाई टीबी केसेस सिर्फ आठ देशों ;भारत इण्डोनेशिया चाईना फिलिपिंस पाकिस्तान नाईजिरिया दक्षिण अफ्रीका बांग्लादेश में पाये जाते हैं। सबसे राहत की बात यह है कि टीबी का ईलाज पूर्णतः निःशुल्क एवं उपचार योग्य बीमारी है। जिला क्षय अधिकारी रेणुका डामोर द्वारा बताया गया कि आमतौर पर पन्द्रह दिन की खासीए पन्द्रह दिन का बुखार, बलगम में खुन आना, छाती में दर्द, वजन कम होना आदि संभावित टीबी के लक्षण होते हैं। सामान्यतः टीबी फेफडों में पाई जाती है परंतु बाल और नाखुन के अलावा शरीर के किसी भी हिस्से अथवा अंग में टीबी की बीमारी हो सकती है। समय पर सही ईलाज नहीं लेने पर यह जानलेवा रोग हो सकता है। एक अनुउपचारित क्षय रोगी एक वर्ष में पन्द्रह स्वस्थ्य लोगों को टीबी से ग्रसित कर सकता है।

# स्वच्छता के प्रति जागरूक हो रहे हैं नागरिक



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर को साफ, स्वच्छ एवं सुन्दर बनाए रखने हेतु नगर निगम द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे है। वार्डो की सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से वार्डो की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया जाकर सफाई कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया जा रहा है। नागरिकों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किये जाने हेतु निगम को सहयोगी संस्था के सदस्यों द्वारा भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर गीला एवं सुखा कचरा पृथक पृथक रखने, घर से निकलने वाले कचरे को कलेक्शन वाहन में ही डालने, गीले कचरे से होम कम्पोंस्टिंग के माध्यम से खाद् तैयार करने की जानकारी दी जा रही है साथ ही निगम के यूएमसी सेवा एप की जानकारी भी सहयोगी संस्था के सदस्यों द्वारा नागरिकों को दी जाकर एप डाउनलोड करवाया जा रहा है।

निगम द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध को लेकर भी जनजागरण किया जा रहा है जिसका परिणाम यह है कि विवाह एवं अन्य समारोह में सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर स्टील के बर्तन, लकड़ी के चम्मच, दोना पत्तल आदि का उपयोग हो रहा है। नगर निगम द्वारा अनुपयोंगी सामग्रियों का पुनः उपयोग करते हुए सुन्दर कलाकृतिया बनाई गई है जिन्हे निगम के उद्यानों, रोटरियों में लगाया गया है। वही शहर की बेक लेन गलियों को साफ एवं स्वच्छ करते हुए उनकी रंगाई पुताई करवाते हुए सुन्दर चित्रकारी करवाई गई जहां पर बच्चे द्वारा मनोरंजन करते हुए विभिन्न खेल गतिविधियां की जा रही है।

महापौर श्री मुकेश टटवाल, निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, निगम आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह ने शहर के गणमान्य नागरिकों से अपील की है कि शहर को साफ, स्वच्छ, सुन्दर बनाने में नगर निगम को सहयोग प्रदान करें। नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था को बनाये रखने हेतु जो भी प्रयास किये जा रहे है उसमे नागरिकों का सहयोग भी महत्वपूर्ण है। अतः इस अभियान में अपना सहयोग प्रदान करें, इस हेतु आपको हर कदम स्वच्छता के लिए बढ़ाने की जरुरत है, आपका सहयोग ही शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में उचित पायदान पर ला सकता है।

# जिले में नरवाई जलाना प्रतिबंधित

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि श्री आरपीएस नायक से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के किसान भाईयों से अपील की जाती है कि गेहूं और अन्य फसलों को काटने के बाद बचे हुए फसल अवशेष (नरवाई) जलाना खेती के लिये आत्मघाती कदम है। वर्तमान में जिले में लगभग गेहूं फसल की कटाई प्रारम्भ हो गई है।

कटाई के पश्चात सामान्य तौर पर किसान भाई नरवाई में आग लगा देते हैं। इससे पर्यावरण में प्रदूषण के साथ-साथ मिट्टी की संरचना भी प्रभावित होती है। उक्त निर्देशों के उल्लंघन किये जान पर सम्बन्धित व्यक्ति/निकाय को नोटिफिकेशन प्रावधान तथा निर्देश अनुसार दो एकड़ से कम भूमि रखने वाले को ढाई हजार रुपये प्रति घटना पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि, दो एकड़ से अधिक किन्तु पांच एकड़ से कम भूमि रखने वाले को पांच हजार रुपये प्रति घटना, पांच एकड़ से अधिक भूमि रखने वाले को 15 हजार रुपये प्रति घटना पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि देय होगी।

कंबाईन हार्वेस्टर से कटाई के उपरांत फसल अवशेषों में आग लगाने की घटनाओं को देखते हुए रबी की कटाई में कंबाईन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम या ट्रॉ रिपर का उपयोग करके फसल अवशेषों से भूसा प्राप्त किया जा सकता है।

### गेहूं एवं अन्य फसलों के कृषि अपशिष्टों को जलाने से होने वाली हानियां

खेत में गेहूं एवं अन्य फसलों के कृषि अपशिष्ट (नरवाई) जलाने से भूमि में उपलब्ध जैव विविधता समाप्त हो जाती है। इसमें उपस्थित सूक्ष्म जीव जलकर नष्ट हो जाते हैं। सूक्ष्म जीवों के नष्ट होने के कारण जैविक खाद का निर्माण बन्द हो जाता है। भूमि की ऊपरी परत में ही पौधों के लिये आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध रहते हैं। आग लगाने के कारण पोषक तत्व जलकर नष्ट हो जाते हैं। भूमि कठोर हो जाती है, जिसके कारण इसकी जलधारण क्षमता कम हो जाती है और फसलें सूखती हैं। खेत की सीमा पर लगे पेड़-पौधे (फल, वृक्ष आदि) जलकर नष्ट हो जाते हैं। पर्यावरण प्रदूषित हो जाता है। वातावरण के तापमान में वृद्धि होती है, जिससे धरती गर्म होती है। कार्बन से नाइट्रोजन तथा फास्फोरस का अनुपात कम हो जाता है। केंचुए नष्ट हो जाते हैं। इस कारण भूमि की उर्वरा शक्ति कम हो जाती है। इसके अलावा नरवाई जलाने से जन-धन की हानि होती है। उपरोक्त नुकसान से बचने के लिये किसान भाई नरवाई में आग न लगायें।

नरवाई जलाने की अपेक्षा अवशेषों और डंठलों को एकत्रित कर जैविक खाद जैसे भू-नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट आदि बनाने में उपयोग किया जाये तो वे बहुत जल्दी सड़कर पोषक तत्वों से भरपूर कृषक स्वयं जैविक खाद बना सकते हैं।

खेत में कल्टीवेटर, रोटावेटर, डिस्कहैरो आदि की सहायता से फसल अवशेषों को भूमि में मिलाने से आने वाली फसलों में जीवांश खाद की बचत की जा सकती है। पशुओं के लिये भूसा और खेत के लिये बहुमूल्य पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ने के साथ मिट्टी की संरचना को बिगड़ने से बचाया जा सकता है। कंबाईन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम को सामान्य हार्वेस्टर से गेहूं कटवाने के स्थान पर स्ट्रॉ रिपर एवं हार्वेस्टर का प्रयोग किया जा सकता है। नरवाई में आग लगाने पर पुलिस द्वारा प्रकरण भी कायम किया जा सकता है।

# सार समाचार

## ब्रिज के नीचे रेलवे पटरी पर लाश मिली

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** चिंतामण ब्रिज के नीचे रेलवे पटरी पर मिली लाश का मामला आत्महत्या का होना सामने आया है। वृद्ध में ट्रेन के नीचे आकर अपनी जान दी है। परिजनों ने दिमागी रूप से बीमार होना बताया। महाकाल पुलिस ने गुरुवार दोपहर चिंतामन ब्रिज के नीचे एक वृद्ध का शव बरामद किया था। ट्रेन से उसका सिर पूरी तरह से कट चुका था। मृतक के पास मिले दस्तावेज के आधार पर पहचान राजेंद्र वारे के रूप में हुई। इंदौर से आई पुत्री और पत्नी ने बताया कि दिमागी रूप से बीमार थे। 2 साल से पुत्री के साथ इंदौर में रह रहे थे। इसके पहले उज्जैन निजातपुरा में रहते थे। कई बार घर छोड़कर जा चुके थे और वापस लौट आते थे। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का है मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।

## सास ससुर से विवाद के बाद दामाद ने जहर खा लिया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बेटी को ससुराल लेने आए माता-पिता का दामाद से विवाद हो गया। नौबत मारपीट तक आ गई जिसके बाद दामाद ने जहर खा लिया जिसकी रात 3 बजे मौत हुई है। घटिया तहसील के ग्राम उंडासा में रहने वाले रोहित पिता भादर सिंह को परिजन देर शाम उपचार के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। रोहित ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। सूचना मिलने पर पुलिस बयान दर्ज करने पहुंची। रोहित ने बताया कि पत्नी अंजलि को लेने उसके पिता राधेश्याम और मां घर आई थी। जहां पत्नी को भेजने की बात पर विवाद हो गया। सास ससुर ने उसके साथ मारपीट की। इसी बात से दुखी होकर उसने जहर खाया है। डॉक्टरों ने रोहित की हालत गंभीर होना बताई थी और आईसीयू में भर्ती किया था जहां रात 3 बजे मौत हो गई। आज सुबह पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है।

## अज्ञात वाहन ने वृद्ध को टक्कर मार दी उपचार के दौरान हुई मौत

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** दूध डेरी जा रहे वृद्ध को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। वृद्ध को जिला अस्पताल लाया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो चुकी थी।राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम आक्या जस्सा में रहने वाला शंभू पिता गणपत सिंह 55 वर्ष दूध डेरी का व्यवसाय करता था। बीती शाम गांव से डेरी के लिए घोंसला जा रहा था रास्ते में पेट्रोल पंप के सामने अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर घायल हुए शंभू को लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर सुबह पोस्टमार्टम कराया है अज्ञात वाहन की तलाश में घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जाएंगे।

## रिश्वत लेते पकड़ाया औद्योगिक विकास निगम का टाइम कीपर

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम के मक्सी कार्यालय में पदस्थ टाइम कीपर आर एस राठौर ?25000 रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया- आवेदक श्री सुशील सेठी निवासी इंदौर द्वारा दिनांक 24. 3 .23 को प्रातः पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त संगठन उज्जैन संभाग श्री अनिल विश्वकर्मा को आवेदन प्रस्तुत कर शिकायत की कि मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम के मक्सी कार्यालय में पदस्थ टाइम कीपर श्री आर एस राठौड़ द्वारा उन्हें उद्योग हेतु आवंटित प्लॉट बेचने मैं अड़चन पहुंचाई जा रही है. उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा अपनी पत्नी के नाम वर्ष 2020 में 11000 वर्ग फिट का प्लाट क्रमांक 80 उद्योग लगाने हेतु आवंटित कराया था .कोविड-19 के कारण उद्योग नहीं लगा पाया तो उसे बेचने का प्लान किया. प्लॉट का अतिक्रमण हटाने एवं आवंटन निरस्त करने संबंधी नोटिस को फाइल कराने एवं प्लाट बिक्री में कोई बाधा नहीं पहुंचाने के लिए ?50000 की मांग टाइम कीपर राठौर द्वारा की जा रही है .इस पर से गोपनीय रूप से सत्यापन कराया गया. आवेदक को और बातचीत करने मक्सी भेजा गया तो बातचीत में राठौर 25000 अभी एवं बाकी राशि बाद में लेने को सहमत हो गया. टाइम कीपर राठौर द्वारा शाम 7~30 बजे इंदौर रोड स्थित व्यंकटेश धर्म कांटे पर रिश्वत की राशि लेकर आवेदक को बुलाया तो वहां पर तैनात लोकायुक्त उज्जैन की टीम ने टाइमकीपर राठौर को रिश्वत की राशि लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया।

## जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 28 मार्च को होगी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सीईओ जिला पंचायत सुश्री अंकिता धाकरे द्वारा जानकारी दी गई कि जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन स्थाई समिति की बैठक मंगलवार 28 मार्च को दोपहर 2.30 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में होगी। बैठक में जिला पंचायत के वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रस्तावित बजट, जिला पंचायत के वित्तीय वर्ष 2021-22 के चतुर्थ त्रैमास के आय-व्यय, जिला पंचायत के वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रथम, द्वितीय और तृतीय त्रैमास के आय-व्यय, जिला पंचायत अन्तर्गत कलेक्टर दर पर कार्यरत सफाईकर्मी के पारिश्रमिक वृद्धि का अनुमोदन, जिला पंचायत की पदोन्नति समिति का गठन और अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी।

## भारतीय वायु सेना अग्निवीर भर्ती की अन्तिम तिथि 31 मार्च

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि भारतीय वायुसेना अग्निवीर भर्ती के लिये विज्ञापन जारी किया गया है। इसमें ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि आगामी 31 मार्च निर्धारित की गई है। इच्छुक आवेदक वेब साइट agnipath-vayu.cdac.in पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं। युवा जिनका जन्म 26.12.2002 से 26.06.2006 के मध्य हुआ है, आवेदन करने के लिये पात्र हैं। शैक्षणिक योग्यता सम्बन्धी जानकारी विज्ञापन या भारतीय वायु सेना भर्ती की उपरोक्त वेब साइट से प्राप्त की जा सकती है। सम्बन्धित लिंक एमपी रोजगार पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

## वनस्टॉप सेन्टर का स्थान परिवर्तित

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** वनस्टॉप सेन्टर (सखी) कार्यालय के प्रशासक द्वारा जानकारी दी गई कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित वनस्टॉप सेन्टर का स्थान परिवर्तन धन्वंतरि आयुर्वेद चिकित्सालय उज्जैन के सामने हो गया है। वर्तमान में वनस्टॉप सेन्टर की सेवाएं यहीं से संचालित हो रही है।

## शासकीय धन्वंतरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय की साधारण सभा की बैठक आज

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।**शासकीय स्वशासी धन्वंतरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा जानकारी दी गई कि महाविद्यालय की साधारण सभा (जनरल काउंसिल) की बैठक शनिवार 25 मार्च को शाम 4 बजे मंगलनाथ मार्ग स्थित महाविद्यालय परिसर के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की जायेगी। बैठक में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ शिक्षकों की जानकारी, विगत बैठक का कार्यवाही विवरण, आगामी 31 मार्च को समाप्त होने वाले बजट की जानकारी, प्रस्तावित वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट प्रावधान पर चर्चा, विगत कार्यकारिणी समिति की बैठक और परिभ्रमण पद्धति से सम्पन्न कार्यकारिणी समिति की बैठक में पारित निर्णयों की संपुष्टि और अन्य विषयों पर विचार-विमर्श किया जायेगा।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा)